राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 17 नवंबर 2025

वर्ष 07, अंक 48, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉक्टरों के सभी मरीजों की निष्पक्ष जांच की मांग- राजपुरोहित मधुर...03

ट्रंप प्रशासन ला रहा नई इमिग्रेशन पॉलिसी, ट्रैवल बैन वाले देशों के लोगों के लिए ग्रीन कार्ड मुश्किल...12

# दिल्ली ब्लास्ट का बांग्लादेश कनेक्शन! मुर्शिदाबाद के रास्ते लाए गए विस्फोटक, जांच में बड़ा खुलासा

**● दिल्ली ब्लास्ट की जांच में पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश का भी कनेक्शन सामने आया है. मुर्शिदाबाद के रास्ते बांग्लादेश से विस्फोटक लाए गए, जिसमें इख्तियार नाम का संदिग्ध शामिल है. जैश-ए-मोहम्मद की संलिप्तता पहले ही उजागर हो चुकी है. अब दोनों देशों के आतंकी समूहों के गठबंधन की आशंका है**

दिल्ली ब्लास्ट मामले में पाकिस्तान के बाद अब बांग्लादेश के भी कनेक्शन सामने आ रहा है. ब्लास्ट की जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई है कि बांग्लादेश से विस्फोटक लाने के लिए बंगाल को ट्रांजिट रूट रूप में इस्तेमाल किया गया था. पश्चिम बंगाल के बांग्लादेश से सटा जिला मुर्शिदाबाद के रास्ते फरीदाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक पहुंचा और 'डिलीवरी' का काम इख्तियार नाम के संदिग्ध आरोपी ने किया था. आरोपी का नाम और पहचान तो मिल गई है, लेकिन जांचकर्ताओं को अभी तक संदिग्ध का कोई सुराग नहीं मिला है.

दिल्ली धमाकों में पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की संलिप्तता सामने आई है. चाहे लखनऊ से गिरफ्तार शाहीन हो, फरीदाबाद से गिरफ्तार मुजम्मिल हो, या श्रीनगर से गिरफ्तार आदिल हो.

जांचकर्ताओं को इन सभी के साथ जैश का संबंध मिला है. उन्हें देश के अंदर स्थापित जैश नेटवर्क के सबूत मिले हैं. हालांकि इस बारे में अभी तक पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है.

**ब्लास्ट का बांग्लादेश कनेक्शन आया सामने**

अब इस विस्फोट मामले में बांग्लादेश का कनेक्शन भी सामने आ रहा है. यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या दोनों देशों के आतंकी समूहों ने अपने भारत-विरोधी रुख में कोई गठबंधन बना लिया है? इसका जवाब अभी भी साफ नहीं है. हालांकि, जांचकर्ताओं को इसके संकेत अवश्य ही मिले हैं।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली की घटना में मुर्शिदाबाद सीमा के रास्ते बांग्लादेश से भारत में भारी मात्रा में विस्फोटकों की तस्करी की गई थी. यह तस्करी मुर्शिदाबाद में इख्तियार नाम के एक भगोड़े अपराधी की मदद से हुई थी।

इख्तियार विस्फोटकों को भारत लाकर अपने 'सेफ हाउस' में रखता था. फिर उसने उन्हें उमर-मुजम्मली को सौंप दिया. इख्तियार पर एक बांग्लादेशी जासूस की हत्या और बंगाल के मुर्शिदाबाद में अपना 'सेफ हाउस' बनाने का आरोप है।

**लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर के साथ बैठक**

सूत्रों के अनुसार, विस्फोट से पहले यूनुस प्रशासन के कई अधिकारियों ने पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर सैफुल्लाह सैफ से मुलाकात की थी. माना जा रहा है कि दिल्ली में विस्फोट की योजना वहीं से बनाई गई थी. हालांकि, जाँचकर्ता यह नहीं कह रहे हैं कि यह जानकारी पूरी तरह पक्की है. इस कड़ी में, वे ढाका और पाकिस्तान के बीच बने सभी अंतर्संबंधों की जांच कर रहे हैं।




दूसरी ओर दिल्ली में ब्लास्ट के बाद सियालदह और हावड़ा स्टेशन परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. सियालदह स्टेशन के मुख्य द्वार के पास कारों, टैक्सियों और ऐप कैब को आने नहीं दिया जा रहा है. सभी गाड़ियों को दूर से ही बैरिकेडिंग करके वापस लौटा दिया जा रहा है. इसके साथ ही किसी भी वाहन को स्टेशन परिसर के बाहर ज़्यादा देर तक खड़ा रहने की अनुमति नहीं है।

**बंगाल में सुरक्षा हुई सख्त**

सियालदह स्टेशन के बाहर पार्किंग स्थल पर आरपीएफ की लगातार निगरानी है. हर वाहन को रोककर उसकी तलाशी लेने के बाद ही पार्किंग में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है. यात्रियों के सामान की आरपीएफ द्वारा कई बार तलाशी ली जा रही है. बम निरोधक दस्ता स्टेशन परिसर के बाहर तलाशी ले रहा है. कुल मिलाकर दिल्ली ब्लास्ट के बाद सुरक्षा बहुत ही कड़ी कर दी गई है।

**दिल्ली ब्लास्ट केस में NIA को बड़ी सफलता**

दिल्ली मेंरेड फोर्ट कार ब्लास्ट मामले में ह्ह्व को बड़ी सफलता मिली है. आत्मघाती हमलावर के सहयोगी आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया. आमिर, जो सांबोरा (पंपोर), जम्मू-कश्मीर का निवासी है, ने उमर उन नबी के साथ मिलकर साजिश रची थी. हमले में इस्तेमाल की गई कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड पाई गई।

आत्मघाती हमलावर की पहचान उमर उन नबी, असिस्टेंट प्रोफेसर, अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) के रूप में हुई है. नबी के स्वामित्व वाली एक अन्य गाड़ी भी जब्त की गई है, जिसका फोरेंसिक परीक्षण जारी है।

**आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप**

एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया है किएनआईए की जांच से पता चला है कि जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा निवासी आरोपी ने कथित आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी के साथ मिलकर आतंकी हमला करने की साजिश रची आमिर उस कार की खरीद में मदद करने के लिए दिल्ली आया था, जिसका इस्तेमाल अंततः विस्फोट करने के लिए एक वाहन-जनित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के रूप में किया गया था।

बयान में कहा गया है कि एनआईए ने फोरेंसिक जांच से पता लगाया है कि वाहन में सवार आईईडी के मृतक चालक की पहचान उमर उन नबी के रूप में हुई है, जो पुलवामा जिले का निवासी और फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय में जनरल मेडिसिन विभाग में सहायक प्रोफेसर था।

**एनआईए ने 73 गवाहों से की पूछताछ**

बयान में कहा गया है कि आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने नबी से संबंधित एक अन्य वाहन भी जब्त किया है. इस मामले में साक्ष्य के लिए वाहन की जांच की जा रही है, जिसमें एनआईए ने अब तक 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों सहित 73 गवाहों से पूछताछ की है।

बयान में कहा गया है कि दिल्ली पुलिस, जम्मू-कश्मीर पुलिस, हरियाणा पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और विभिन्न सहयोगी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हुए, एनआईए विभिन्न राज्यों में अपनी जांच जारी रखे हुए है. यह बम विस्फोट के पीछे की बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने और मामले RC-21/2025/NIA/DLI में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए कई सुरागों की तलाश कर रही है।

## प्रदर्शनी संचालक व ग्राम प्रधान की मिली भगत से तालाब की जमीन पर लगाया जा रहा है मेला बाजार



**● समाधान दिवस पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, विश्व सनातन धर्म परिषद के महंत ने दिया प्रार्थना पत्र**

**हनुमानगंज प्रयागराज।** तहसील फूलपुर विकासखंड बहादुरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय लाहुरपुर हनुमानगंज पक्का तालाब आराजी संख्या 201 पर ग्राम प्रधान द्वारा प्रदर्शनी संचालक से मिली भगत कर तालाब की जमीन पर प्रदर्शनी बाजार लगाया जाने की शिकायत का प्रकरण सामने आया है।शनिवार को फूलपुर समाधान दिवस मौके पर उच्चअधिकारी से शिकायत भी की गई है। प्रार्थना पत्र हनुमानगंज बाजार स्थानीय दुकानदारों व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं विश्व सनातन धर्म परिषद के जगतगुरु स्वामी योगी जयंत महाराज ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान व प्रदर्शनी संचालक के खिलाफ अवैध तालाब की भूमि पर हो अवैध कब्जे की शिकायत मैं बताया गया कि राजस्व विभाग का ही प्रशासन संचालक नुस्कान कर रहा है।

स्वामी जयंत योगी महाराज ने कहा कि ग्राम प्रधान सराय लाहुरपुर द्वारा प्रदर्शनी संचालक से मोटी रकम लेकर बाजार मेला लगाया जा रहा है। जो नियम के विपरीत है। ग्राम सभा की जमीन अधिकार उप जिलाधिकारी फूलपुर का होता है।

स्थानीय विकासखंड अधिकारी को सूचना देकर नीलामी की जाती है। स्वामी जयंती योगी महाराज ने कहा कि ग्राम पंचायत तालाब की जमीन को उच्च अधिकारियों के बिना आदेश की ही ग्राम प्रधान ने स्वयं अपने लेटर पैड पर प्रदर्शनी बाजार लगाएं जाने की अनुमति दे दी। स्वामी जयंत योगी ने राजस्व के अधिकारियों से प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सराय लाहुरपुर में तालाब हो रहे कब्जे की शिकायत यह बताया कि इसमें राजस्व विभाग का नुस्कान हो रहा है। पूर्व क्षेत्र पंचायत ने बताया कि प्रदर्शनी संचालक तालाब टीन सेड लगाकर घेरा कर रहा है। फूलपुर समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी फूलपुर व तहसीलदार फूलपुर ने थाना प्रभारी सराय इनायत एवं संबंधित राजस्व विभाग विभाग के अधिकारियों को जांच के लिए आदेशित किया है। वही ग्राम प्रधान द्वारा प्रदर्शनी संचालक व प्रधान द्वारा मेले का विरोध हनुमानगंज बाजार दुकानदारों ने भी किया है। दुकानदारों में आक्रोश भी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### यातायात माह के तहत पुलिस की सख्ती, 156 वाहनों का ई-चालान

**गलत नंबर प्लेट, बिना हेलमेट और तेज रफ्तार पर कार्रवाई, दो वाहन सीज**

**देवरिया।** यातायात माह नवंबर के तहत यातायात पुलिस ने रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर 156 वाहनों का ई-चालान किया और दो वाहनों को सीज किया। कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड, बस स्टैंड और गोरखपुर रोड पर बिना हेलमेट, गलत नंबर प्लेट, तीन सवारी, स्टंट, तेज रफ्तार और सड़कों पर अवैध रूप से वाहन खड़ा कर सवारी भरने वालों पर कार्रवाई की गई।यातायात प्रभारी गुलाब सिंह ने बताया कि ऐसे अभियान दुर्घटना रोकने और लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं।

### मणिपुर में 470 एकड़ से अधिक क्षेत्र में अफीम की खेती नष्ट

**मणिपुर** के पहाड़ी जिलों में पिछले कुछ दिनों में कई अभियानों के दौरान 470 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक संयुक्त दल ने शनिवार को कांगपोकपी जिले के लोइबोल खुल्लेन गांव में 20 एकड़ से अधिक भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। जिले के कोटलेन गांव में एक अन्य अभियान में पुलिस ने सीआरपीएफ और वन अधिकारियों के साथ मिलकर शनिवार को लगभग 20 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इस अभियान में खेती के दौरान इस्तेमाल की गई पांच झोपड़ियां भी जला दी गई। सुरक्षा बलों द्वारा अन्य सरकारी एजेंसियों के सहयोग से उखरुल जिले में सोमदल, लामलाई चिंगफेई और लिटन की पहाड़ियों पर 11 से 15 नवंबर तक व्यापक स्तर पर अफीम की खेती नष्ट करने का अभियान संचालित किया गया। लगभग 436 एकड़ भूमि पर फैली अफीम की खेती नष्ट कर दी गई तथा वहां स्थित 51 झोपड़ियों को जला दिया गया।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत: पति और सास पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** मऊ के रमगढ़ा गांव में लगभग 20 साल पहले ब्याही गई माधुरी की संदिग?ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतका के पिता श्रीकिशन, जो सिकरोरी, थाना काकोरी के निवासी हैं, दामाद राजाराम और समधिन रामदेई पर वर्षों से मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना देने और मारपीट कर जान लेने का गंभीर आरोप लगाया है। पिता ने इस घटना को एक सोची-समझी साजिश बताया है। श्रीकिशन ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी पुत्री माधुरी को ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया जाता था। उसे कई बार बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की धमकियां भी दी गई, जिसकी शिकायत पहले भी स्थानीय थाने में की गई थी। पिता का आरोप है कि हाल ही में, 13 नवंबर 2025 को, पति राजाराम ने माधुरी के साथ फिर मारपीट की, जिससे उसके पेट में गंभीर चोटें आई।

?बीते शनिवार की शाम करीब 6 बजे, श्रीकिशन को उनकी पोती मुस्कान ने फोन कर माधुरी की मौत की सूचना दी। पिता ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की मौत मारपीट के कारण हुई है और यह कोई हादसा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी हत्या है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से तत्काल पति राजाराम एवं सास रामदेई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद, तथ्यों के आधार पर, दोषियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।



## लालू परिवार में कलह रोहिणी आचार्य का सनसनीखेज आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना/नई दिल्ली**- बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के प्रथम परिवार में बड़ा सियासी भूचाल आ गया है। सिंगापुर में रहने वाली लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने परिवार और पार्टी से जुड़े लोगों पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिससे आरजेडी की अंदरूनी कलह सार्वजनिक हो गई है। शनिवार को पटना स्थित राबड़ी देवी के आवास से निकलने के बाद रोहिणी आचार्य ने मीडिया के सामने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (X) पर विस्फोटक दावे किए। उन्होंने कहा कि उन्हें गालियाँ दी गई, अपमानित किया गया और यहाँ तक कि उन पर चप्पल भी तानी गई।

**किडनी दान पर सबसे गंभीर आरोप**

रोहिणी आचार्य ने सबसे भावुक और सनसनीखेज आरोप अपने पिता लालू यादव को किडनी दान करने के अपने फ़ैसले पर लगाया। उन्होंने दावा किया कि उन्हें इस त्याग के लिए कोसा गया और अपमानित किया गया। उन्होंने लिखा, 'मुझे कोसा गया और कहा गया कि 'मैं गंदी हूँ और मैंने अपने पिता से अपनी गंदी किडनी ट्रांसप्लांट करवाई, करोड़ों रुपये लिए, टिकट खरीदा और फिर वह गंदी किडनी लगवा ली।' मैंने जो किया वह अपने भगवान, अपने पिता को बचाने के लिए किया, और आज इसे गंदा कहा जा रहा है।'रविवार को उन्होंने एक और भावनात्मक पोस्ट में यहाँ तक कह दिया कि अपने पिता को किडनी देकर उन्होंने बड़ी गलती कर दी।



**परिवार से नाता तोड़ने की घोषणा**

रोहिणी आचार्य ने अपने भाई और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के दो सलाहकारों– संजय यादव और रमीज पर पार्टी में हार की जिम्मेदारी से बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें धमकाया गया और घर से निकाल दिया गया। उन्होंने घोषणा की कि वह राजनीति छोड़ रही हैं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'अब मेरा कोई परिवार नहीं है। ' रोहिणी ने अपनी पोस्ट में कहा कि एक बेटी, एक बहन और एक विवाहिता माँ को जलील किया गया और उसके बच्चों के सामने गंदी गालियाँ दी गई। उनके इन आरोपों ने न सिर्फ लालू परिवार, बल्कि बिहार की पूरी सियासत में गर्माहट ला दी है। आरजेडी और लालू परिवार की तरफ से इन गंभीर आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन इस विवाद ने पार्टी की एकता और नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े नार्को-हथियार तंत्र का भंडाफोड़ किया

**पंजाब** पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक हथियार और नार्को नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से छह आधुनिक पिस्तौल और एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह पता चला है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति सोशल मीडिया और ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं के संपर्क में थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए अमृतसर पुलिस आयुक्तालय ने पाकिस्तान से जुड़े हथियार और नार्को नेटवर्क को ध्वस्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और 1.10 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद किया है। यादव ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी पंजाब में अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की आवाजाही और वितरण में समन्वय के लिए सोशल मीडिया और ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में थे।

## हमीरपुर में दरोगा का हैवानियत भरा कुकर्म: शादीशुदा प्रेमिका की रॉड से पीट- पीटकर हत्या

**● कपड़े उतारकर सड़क किनारे फेंका शव; कुत्ते नोचते मिले अवशेष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर:-** जनपद में मानवता को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई है। महोबा में तैनात सब-इंस्पेक्टर अंकित यादव ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका किरन सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी और शव को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गया। 13 नवंबर की सुबह जब राहगीरों की नजर झाड़ियों में पड़े नग्न शव पर पड़ी, तब तक कुत्ते उसके शरीर को नोच चुके थे। 20 मीटर तक खून बिखरा पड़ा था, जिसने पूरा घटनास्थल भयावह बना दिया।

शिनाख्त के बाद पुलिस को पता चला कि मृतका किरन सिंह मूलतः महोबा की रहने वाली थी और उसका पति विनोद भारतीय सेना में है। वह दहेज प्रताड़ना को लेकर पति से अलग रह रही थी और इसी मामले की विवेचना सब-इंस्पेक्टर अंकित यादव के पास थी। लगातार संपर्क बढ़ने पर दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। वे अक्सर साथ घूमने जाते थे और कई बार देर रात तक बाहर रहते थे। 12 नवंबर को भी दोनों अंकित की कार से घूमने निकले। इसी दौरान किसी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि अंकित आपा खो बैठा। उसने कार में रखी लोहे की रॉड उठाई और किरन पर कई वार कर दिए। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद वह हैवानियत की हद पार करते हुए किरन के कपड़े उतार दिए और शव को कार की डिग्गी में डालकर हमीरपुर के मौदहा क्षेत्र में फेंक आया।



एसपी दीक्षा शर्मा ने घटना को बेहद गंभीर मानते हुए तीन विशेष टीमें गठित कीं। कॉल डिटेल, लोकेशन और तकनीकी जांच से आरोपी की भूमिका पुख्ता होने के बाद टीमों ने रविवार सुबह महोबा में उसके सरकारी आवास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब हत्या, साक्ष्य नष्ट करने और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा आगे बढ़ा रही है। जिले में इस घटना ने सनसनी फैला दी है और ग्रामीणों से लेकर पुलिस महकमे तक हर कोई स्तब्ध है।






## मनरेगा को मोहरा बनाकर लूट में जुटे सचिव एवं ग्राम प्रधान

**● उच्च अधिकारियों को गुमराह करके मची है लूट**

**मनरेगा को मोहरा बनाकर लूट में जुटे सचिव एवं ग्राम प्रधान**

**उच्च अधिकारियों को गुमराह में ढकेल ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा हस्स्स पोर्टल पर फर्जी फोटो किया जा रहा अपलोड- ब्लाक रुधौली ग्राम पंचायत छतरिया में मजदूरो की फर्जी हाजिरी व मनरेगा घोटाला से जुड़ा मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकारी योजनाओं के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच, जिम्मेदार अधिकारियों गुमराह करके कर्मचारियों द्वारा फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान को चुनौती दी जा रही रही है, बल्कि विकास की गति को भी शून्य किया जा रहा है जिससे जिससे विकास पर ग्रहण लग चुका है ऐसे अधिकारियों को खुला चैलेंज देकर प्रधान सेक्रेटरी और रोजगार सेवक मिलकर विकास को धराशाई किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार- विकासखंड रुधौली के ग्राम पंचायत छतरिया में मनरेगा योजना के तहत दो साइडो पर काम चल रहा है वही 8 मस्टरोल जारी किए गए हैं, जिनमें 68 मजदूरों के नाम रजिस्टर में दर्ज हो रहा है ।नजीबुल्लाह के खेत से कलावती के खेत तक 32मजदूर व मोहम्मद उमर के खेत से विजय के खेत तक 36मजदूर लेकिन जब मीडिया टीम ने मौके पर जाकर जांच की, तो वहां एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मीडिया को दी, जिसके बाद मीडिया टीम ने मौके पर जाकर जमीनी हकीकता पता किया तो पता चला कि मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही थी



जब कि साइडों पर काम नहीं हो रहा है। अपितु जिम्मेदार अधिकारियों ने कागजों में मजदूरों की फर्जी हाजिरी दिखाकर फर्जी का भुगतान करने की तैयारी कर ली है। हैरानी की बात यह है कि मौके पर एक भी मजदूर काम करते नहीं मिले, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उनकी उपस्थिति दर्ज की गई है लेकिन सवाल यह है कि जब मीडिया में शिकायतें आ रही हैं, तो अब तक जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

## संक्षिप्त खबरें

### किशोरी पर गिरी पेड़ की डाल, उपचार से पहले ही तोड़ा दम

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के खांदी गांव के मजरा कुंडा में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत पर लकड़ी तोडने गई 13 वर्षीय किशोरी भावना पुत्री चतुर्भुज पर अचानक पेड़ की बड़ी डाल गिर पड़ी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई भावना को परिजन आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार भावना रोज की तरह सुबह खेत पर लकड़ी बटोरने गई थी। इसी दौरान पेड़ की भारी डाल अचानक टूटकर उसके ऊपर गिर गई, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।गांव में मासूम की मौत से शोक की लहर है।

### कोर्ट के आदेश पर भी नहीं हट रहा अतिक्रमण, की गई शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बंजर जमीन पर किया गया अतिक्रमण कोर्ट के आदेश के बावजूद खाली नहीं कराया जा सका। अतिक्रमण से बनी समस्या के चलते मामले की शिकायत तहसीलदार से की गयी है। पूरे बहादुर गांव निवासी रवीन्द्र भूषण मिश्र पुत्र रामकिशोर मिश्र ने शनिवार को तहसीलदार को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र मे कहा है कि ग्राम पंचायत में बंजर भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटवाने को लेकर कोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक आरोपी ने अतिक्रमण नही हटाया है। कोर्ट द्वारा निर्धारित समय के बावजूद यथास्थिति बनी हुई है। शिकायतकर्ता ने शिकायती पत्र के जरिये कहा है कि आदेश के बावजूद अतिक्रमणी रामराज व अन्य द्वारा बंजर भूमि को खाली न करके बेखौफी से काबिज है। शिकायतकर्ता ने अतिक्रमण हटवाकर भूमि को अवमुक्त कराने की मांग की है।

### सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से की गयी शिकायत

**लालगंज,प्रतापगढ़।** सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। लालगंज विकास खंड के रंगौली के ग्रामीणों ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शुक्रवार की रात दबंगो ने सार्वजनिक रास्ते के लिए अवांटित सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया। शिकायती पत्र में कहा गया है कि दबंगों के साथ दूसरे गांव के भी लोग अतिक्रमण की कार्यवाई में शमिल है। ग्राम प्रधान दिनेश बहादुर सिंह , मनोज कुमार, श्यामलाल वर्मा, संतराम वर्मा, रमाशंकर सिंह आदि ने एसडीएम से सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाई की मांग की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर अतिक्रमण को हटवाये जाने के कड़ें निर्देश दिये है।

### सूने घर से मोबाइल व 10 हजार की नकदी चोरी

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौना निवासी भूपेन्द्र सिंह राजा पुत्र शिवेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 14 नवम्बर को रात करीब 11 बजे वह अपने पुत्र रिशव राजा का इलाज कराने टीकमगढ़ गया हुआ था, जब वह इलाज कराकर रात करीब ढाई बजे वापस घर आया तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर से एक मोबाइल फोन व दस हजार रुपये की नकदी चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 331 (4) व 305 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नए पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न**

**ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक मनोज जी के आवास पर की गई। जिसमें पिछली प्रांत बैठक में जो जिले के महत्वपूर्ण पदों पर घोषणाएं हुई उनमें राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री कीर्तिमान बुंदेला, सौम्या राजा बुंदेला ओजस्विनी जिलाध्यक्ष, दीपेश राय जिला मीडिया प्रभारी, अंकुर रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष, सुबोध जैन जिला व्यापार परिषद जिला अध्यक्ष, मानसिंह चंदेल जिला उपाध्यक्ष की घोषणा मुख्य रूप से हुई। इस दौरान भगवान सिंह बुंदेला प्रांत कार्य अध्यक्ष, अभिषेक पांडेय प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, मनोज कामरेड हिंदू हेल्पलाइन प्रांत महामंत्री, जिलाध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, जिला महामंत्री शंकर चंदेल, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा मौजूद रहे।

# सोमवार को बस्ती पहुंचेंगे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नंद बाबा के श्रद्धांजलि सभा में होंगे सम्मिलित

**●12 बजे CM योगी का बस्ती पहुंचते ही क्या बदलेगा शहर में रातभर चला गुप्त ऑपरेशन, सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतज़ाम से हलचल तेज**


मुख्यमंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आज कोआदित्यनाथ सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बस्ती पहुंचेंगे, लेकिन उनके आगमन से 24 घंटे पहले ही पूरा जिला हाई-अलर्ट मोड में आ चुका है। डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना और एसपी अभिनन्दन ने शनिवार देर शाम जिला अस्पताल के निकट बनाए जा रहे मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्रद्धांजलि सभा के लिए तैयार किया जा रहा मंच, सुरक्षा रास्ते, VIP एंट्री पॉइंट और जनसभा क्षेत्र – हर भाग को एक-एक कर जांचा गया। श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज ग्राउंड में बनाए जा रहे विशेष हेलीपैड की भी सुरक्षा मानकों के आधार पर समीक्षा की गई, ताकि मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर सुरक्षित रूप से उतर सके। अधिकारियों ने संबंधित टीमों को समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं फाइनल करने के निर्देश दिए।

**श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे**

C M योगी का मुख्य कार्यक्रम दिवंगत हिंदूवादी नेता देशबंधु नंदानाथ को श्रद्धांजलि देना है। जिला अस्पताल के पास आयोजित सभा में मुख्यमंत्री पहले पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, फिर उनके विचारों और समाज के लिए किए गए योगदान को लेकर सभा को संबोधित कर सकते हैं।इसके लिए कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को चार-स्तरीय बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। सबसे भीतरी घेरा सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों और कमांडोज़ को सौंपा गया है, जो मंच और VVIP मूवमेंट पर हर सेकंड नजर रखेंगे। दूसरे घेरों में PAC और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा, जो एंट्री-एग्जिट प्वाइंट को नियंत्रित करेगा। स्टेज, पंडाल, जनसभा जोन और VIP ब्लॉक–हर जगह मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं और आगंतुकों की सघन जांच की जाएगी।

**ड्रोन कैमरा निगरानी और शहर में तैनात हजारों सुरक्षाकर्मी**

मुख्यमंत्री के आगमन से पहले पुलिस ने पूरे जिले को सुरक्षा कवच में बदल दिया है। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी की जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पकड़ा जा सके।जिला अस्पताल से लेकर हेलीपैड तक के पूरे मार्ग पर पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा। सुरक्षा एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भीड़ प्रबंधन में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। स्थानीय खुफिया इकाइयां भी सक्रिय कर दी गई हैं, जो भीड़ के मूवमेंट, आसपास के घरों और ऊंची इमारतों की सुरक्षा स्थिति पर नजर बनाए रखे हुए हैं।

**रूट डायवर्जन लागू**

मुख्यमंत्री के रूट को देखते हुए शहर में ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया गया है। रोडवेज, जिला अस्पताल और दक्षिण दरवाजा रोड पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा ताकि VVIP मूवमेंट के दौरान भी किसी को असुविधा न हो। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और आवश्यक होने पर ही कार्यक्रम स्थल या मुख्य मार्गों की ओर जाएं। सुरक्षा एजेंसियों ने कहा है कि 12 बजे से पहले और बाद के कुछ घंटे 'टाइट सिक्योरिटी मोड' में रहेंगे, इसलिए शहरवासियों को थोड़ा सहयोग करना होगा। रूट प्लान के साथ-साथ पुलिस की अतिरिक्त टीमें भी तैनात की गई हैं, जो डायवर्जन के दौरान लोगों का मार्गदर्शन करेंगी।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता यात्रा एवं जनसभा का भव्य आयोजन

**●सरदार पटेल प्रधानमंत्री हुए होते तो देश का नक्शा दूसरा होता- अभिजात मिश्रा**

**विधायक सुरेश पासी के नेतृत्व में आयोजित एकता यात्रा में विधानसभा जगदीशपुर के शुकुल बाजार में उमड़ा भारी जन सैलाब**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बाजार शुक्ल,अमेठी।** रविवार को शुकुल बाज़ार में लौह पुरुष, एक भारत-श्रेष्ठ भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रेरणास्रोत सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भव्य एकता यात्रा का आयोजन विधानसभा जगदीशपुर के शुकुल बाजार में किया गया। यह यात्रा पाण्डेय गंज चौराहा से प्रारंभ होकर नव्या मैरिज लॉन तक मार्ग में गाजे-बाजे, पुष्प वर्षा और राष्ट्रप्रेम के नारों के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान अंबेडकर जी की प्रतिमा पर सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण कर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यात्रा की समाप्ति पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक सुरेश पासी, पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव, एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने संबोधित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा ने कहा कि यदि सरदार वल्लभभाई पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते, तो आज भारत का नक्शा बिल्कुल अलग होता। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल ने देश की एकता एवं अखंडता के लिए 565 रियासतों का विलय कर भारत को मजबूत आधार दिया। निजाम हैदराबाद द्वारा अवरोध उत्पन्न किए जाने पर भी सरदार पटेल ने दृढ़ता और राजनीतिक कौशल से समस्या का समाधान कर देश की अखंडता बरकरार रखी।

उन्होंने आगे कहा कि आज भारत सौभाग्यशाली है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भाजपा संगठन तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देशहित में कार्य कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारत की आवाज़ विश्वभर में बुलंद हो रही है। जो देश कभी भारत में 200 वर्ष तक शासन करते रहे, आज वहीं भारत की शक्ति और सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व मंचों से भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा बुलंद करते हैं और विश्व भारत की ओर सम्मान से देख रहा है। भारत आज आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो सरदार पटेल के सपनों की पूर्ति की दिशा में एक मजबूत कदम है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश कौशल, उद्योगपति हेमंत विक्रम सिंह, ठेकेदार समर बहादुर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हिंदेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष भवानीदत्त दीक्षित, जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, अरुण मिश्रा, जिला सह-मीडिया प्रभारी, रामहेत वैश्य, दीपचंद कौशल, प्रभात शुक्ला जिला मंत्री,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा,प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा सहित भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

भाजपा विधायक सुरेश पासी ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। पद यात्रा के दौरान जगह पर बुलडोजर पर सवार समर्थकों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन स्वागत अभिनंदन किया गया।

# जिम्मेदारों के इशारे पर सीएचसी रुधौली की जांच, मीडिया पर रोक खामियों पर साधी चुप्पी

**●पत्रकारों को कवरेज करने से रोका गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कोई जानकारी देने से मना किया गया**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का अनोखा तरीका अपनाया गया जिसमें निरीक्षण के दौरान पत्रकारों पर अंकुश लगाया गया ताजा मामला रुधौली तहसील समाधान दिवस के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी रुधौली में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल द्वारा किया गया निरीक्षण कई सवाल खड़े कर गया। जांच की शुरुआत में ही मीडिया कर्मियों को फोटो और वीडियो बनाने से रोक दिया गया, वहीं सुरक्षा में तैनात गार्ड गोपेश यादव मीडिया से बहस करते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों ने टिप्पणी की कि सुरक्षा कर्मी अब गार्ड से अधिक 'मीडिया कंट्रोलर' की भूमिका निभाने लगे हैं।सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान एक्स-रे टेक्निशियन रूम, लैब, डॉक्टर केबिन, दवा कक्ष, शौचालय और कोल्ड चैन, नवनिर्मित लैब भवन का जायजा लिया।

लेकिन इसी रास्ते में मौजूद प्रमुख खामियाँ कोरोना वार्ड के बाहर फैली गंदगी,जन औषधि केंद्र की अपूर्ण सुविधाएँ, शौचालय का खुला गड्ढा,खराब पड़ा हेल्थ ँ्रुनिष्प्रयोज्य भवन,बाहर फेंकी गई वैलिड व एक्सपायरी दवाएँ, नवनिर्मित भवन के सामने कूड़ा आदि इन सबको अनदेखा कर दिया गया। ये खामियाँ मीडिया और स्थानीय लोगों को साफ दिखाई दीं, पर CDO बिना प्रतिक्रिया दिए आगे बढ़ गए। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों द्वारा 'मिठाई के डिब्बे मिलने' की चर्चा भी सुनाई दी, जिससे पूरे निरीक्षण की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं। सरकार जहाँ मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और लैब सेवाएँ सुदृढ़ करने की बात करती है, वहीं सीएचसी के बाहर कूड़ेदान में वैलिड दवाएँ फेंकी मिलना विभाग की बड़ी लापरवाही को उजागर करता है इस संबंध में डिप्टी CMO अशोक चौधरी–जो सरकारी नियमों के विपरीत लगभग 13 वर्षों से एक ही क्षेत्र में तैनात हैं–ने बताया कि CDO द्वारा टीम के साथ निरीक्षण किया गया, कुछ कमियाँ मिली हैं और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट।

# कुदरहा में सप्लाई इंस्पेक्टर बने 'ढाल', कोटदार बेखौफ हड़प रहे गरीबों का अनाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केकुदरहा विकास खण्ड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विकास खण्ड में तैनात एकमात्र सप्लाई इंस्पेक्टर अनुराग श्रीवास्तव की 'नरमी' और 'संरक्षण' के कारण कई कोटदार खुलेआम घटतौली कर रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि कोटेदार गरीबों के हक का अनाज अपना समझकर हड़प रहे हैं, और विभागीय अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक, कुदरहा क्षेत्र के कई दुकानों पर लाभार्थियों की राशन पर्चियों में दर्ज मात्रा और वास्तविक वितरण में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। आरोप है कि ज्यादातर कोटदार प्रतिमाह कई किलो गेहूं, चावल और चीनी कम तौलकर दे रहे हैं, और विरोध करने पर अभद्रता, धमकी या 'ऊपर से निर्देश' का हवाला देकर बात को टाल देते हैं। पीड़ितों का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने पर भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती, क्योंकि सप्लाई इंस्पेक्टर स्वयं इन कोटदारों की 'ढाल' बने हुए हैं।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सप्लाई इंस्पेक्टर अनुराग श्रीवास्तव महीनों से क्षेत्र में एक भी निष्पक्ष निरीक्षण नहीं कर रहे हैं। गांवों में तैनात कोटदार चाहे जैसे चाहें तौल करें, वितरण करें या अनाज गायब कर दें–इस पर रोक लगाने वाला कोई नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि निरीक्षण के नाम पर महज औपचारिकता निभाई जाती है, जबकि कोटदारों को पहले ही जानकारी दे दी जाती है कि कब जांच होनी है। इससे जांच महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाती है। कई लाभार्थियों ने बताया कि जब वे घटतौली को लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर के पास शिकायत लेकर गए, तो उल्टा उन्हें ही गलत साबित करने की कोशिश की गई। किसी को 'प्रक्रिया समझ में नहीं आती' कहकर टाल दिया गया, तो किसी से कहा गया कि 'आपकी शिकायत जांच में नहीं मिली।' ग्रामीणों का कहना है कि यह सब तभी संभव है जब अधिकारी और कोटदारों के बीच सांठ-गांठ हो। कुदरहा के कई गांवों के निवासियों ने कहा कि गरीबों के पेट पर डाका डालने वालों के खिलाफ न तो कार्रवाई हो रही है और न ही विभाग इस पूरे खेल को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठा रहा है। कोटदार मनमर्जी से अनाज कम करते हैं और सप्लाई इंस्पेक्टर की चुप्पी पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर उच्च अधिकारी हस्तक्षेप नहीं करेंगे, तो कुदरहा ब्लॉक में राशन व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार का शिकार हो जाएगी। क्षेत्रीय लोगों की मांग है कि सप्लाई इंस्पेक्टर की कार्यशैली की निष्पक्ष जांच हो, सभी कोटेदारों के गोदामों का सघन निरीक्षण कराया जाए और गरीबों के हक की लूट पर तत्काल रोक लगे।

# सीएचसी अधीक्षक श्रीदत्तगंज डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेव का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के अधीक्षक एवं सीएमओ प्रतिनिधि डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, रजिस्टर अद्यतन, टीकाकरण कार्य और अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की विस्तृत जांच की। डॉ. त्रिपाठी ने ओपीडी में आए मरीजों से बातचीत कर उपचार तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टीकाकरण कक्ष, प्रसूति कक्ष, दवा वितरण केंद्र और लैब यूनिट का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साफ-सफाई में कमी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों को तुरंत सुधार करने के लिए नोटिस भी दिया गया। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य इकाई है, इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने, रिकॉर्ड अद्यतन रखने और स्वास्थ्य योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सुधार की अपेक्षा की जा रही है।

# मकदूमपुर में मनरेगा घोटाले का धमाका 54 मजदूरों का हक लूटने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी विकास खंड के मकदूमपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों को लेकर गंभीर आरोपों ने पूरे प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों का दावा है कि पंचायत में जारी कार्यों में भारी अनियमितताएँ की गई और 54 मजदूरों के मजदूरी भुगतान पर कथित तौर पर रोक लगाकर उनके हक पर चोट पहुंचाई गई। आरोप यह भी है कि ऊपरी संरक्षण के चलते जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बनकटी के वीडियो भवानी प्रसाद शुक्ल पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने पंचायत स्तर पर हो रही कथित अनियमितताओं पर कार्यवाही की बजाय चुप्पी साध रखी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय अफसरों के बीच मिलीभगत के कारण मजदूरों का नाम डालकर काम दिखा दिया गया, लेकिन उन्हें भुगतान नहीं मिला। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मनरेगा जैसी योजना, जो गरीबों की आजीविका का आधार है, उसमें 54 मजदूरों का हक कैसे रुका? और यदि ग्रामीणों की शिकायतें सही हैं तो आखिर यह साहस किसके संरक्षण में पैदा हुआ?इसी कड़ी में ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाए हैं कि डीसी मनरेगा और सीडीओ जैसे शीर्ष अधिकारी, जिन्हें अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाना चाहिए था, वे भी अब तक कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें कई बार दर्ज कराए जाने के बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। न जांच शुरू हो रही है, न जिम्मेदारी तय हो रही है और न ही मजदूरों को उनका मेहनताना मिल पा रहा है।स्थिति यह है कि मजदूरों ने या तो काम किया ही नहीं, या काम किया तो उनका भुगतान नहीं हुआ–दोनों ही परिस्थितियाँ ग्रामीणों के अधिकारों का हनन हैं। पंचायत के कामों की जमीनी हकीकत का सत्यापन अब भी बाकी है, लेकिन ग्रामीणों की पीड़ा और आरोप बेहद गंभीर हैं। पूछताछ के लिए जब सरकारी विभागों के कुछ कर्मियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। मकदूमपुर में उठे इस विवाद ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार का सिलसिला आखिर कब थमेगा? मजदूर अपना खून-पसीना बहाते हैं, और जब उनका भुगतान रोका जाता है तो यह सीधे-सीधे उनके घर के चूल्हे पर चोट है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि 54 मजदूरों के नाम पर चल रहा खेल सच्चाई है या किसी राजनीतिक खींचतान का हिस्सा।ग्रामीणों ने डीएम बस्ती से भी गुहार लगाई है कि पूरे मामले की उच्च स्तर पर जांच हो, जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो और मजदूरों को उनका हक तुरंत दिलाया जाए।

# ट्रैक्टर की ट्रॉली में प्रसूता ने दिया बच्चे को जन्म

**●बदहाल कच्चे रास्ते में फंसी ट्रैक्टर-ट्रॉली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विकास खण्ड मड़ावरा क्षेत्र में एक महिला ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में बच्ची को जन्म दिया है। यह घटना ग्राम गोठरा के समीप तब हुई जब महिला प्रसव के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जा रही थी। खराब रास्ते के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली फंस गई, जिसके चलते मजबूरन वहीं प्रसव कराना पड़ा। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। जानकारी के अनुसार, आकांक्षात्मक ब्लॉक मड़ावरा की ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा गोठरा निवासी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उसे ट्रैक्टर-ट्रॉली से मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर बदहाल कच्चे रास्ते में ट्रॉली फंस गई। ग्रामीणों ने करीब पांच घंटे तक उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी दौरान लक्ष्मी दर्द से कराहती रही। मजबूरी में लक्ष्मी की सास ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही प्रसव कराया, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। ग्रामीणों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। गोठरा गांव घने जंगल के बीच स्थित है। गोठरा से ग्राम ठनगना के बीच लगभग 7 किलोमीटर का रास्ता कच्चा है, जिस पर पक्की सड़क का अभाव है। इस कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं गांव तक नहीं पहुंच पातीं। ग्रामीणों को अस्पताल जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेना पड़ता है। जंगल में खूंखार जानवरों की मौजूदगी भी ग्रामीणों के लिए एक अतिरिक्त खतरा बनी रहती है। यह उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा हीरापुर, पापड़ा, गोठरा और बाराई आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों में बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। हालांकि, बिजली की समस्या से निपटने के लिए कुछ समय पहले शासन-प्रशासन ने सोलर ऊर्जा से बिजली की व्यवस्था की थी। सुविधाओं की कमी के कारण वर्ष 2022 में यहां के ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार भी किया था।

# बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक की मौत

**●ग्वालियर के ट्रामा सेंटर में चल रहा था इलाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत पोस्ट घिसौली के ग्राम बधौरा में रहने वाली सुनीता ने रिपोर्टिंग चौकी राजघाट पुलिस को तहरीर दी है। तेईस अक्टूबर को दोज का टीका करने के लिए अपने मायके ग्राम थनवारा गयी हुयी थी। रात करीब 10.30 बजे पति मनीराम पुत्र रामलाल अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.93 ए.एस. 9350 से ढावा पर से खाना खाकर वापस आ रहा था। राजघाट नहर के पास तेज गति व लापरवाही से ललितपुर की ओर आ रही मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.डी. 8226 के चालक ने पीछे से ओवरटेक करते वक्त साइड से उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी पीछे से आ रहे थनवारा निवासी विनोद पुत्र पूरन व मिर्चवारा निवासी देवेन्द्र पुत्र गंगाराम ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उनके पति को चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया, जहां हालत में सुधार न होते देख झांसी से उन्हें ट्रामा सेंटर ग्वालियर रेफर कर दिया। ग्वालियर में उपचार के दौरान 29 अक्टूबर को रात 8 बजे उसके पति की मौत हो गयी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पहल: मानसरोवर तालाब हुआ प्लास्टिक मुक्त

**●आमजन के सहयोग से दिखने लगा बड़ा परिवर्तन**

**प्रकृति रक्षकों के अभियान का असर हजारिया घाटों पर साफ दिखाई दिया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कभी कचरे और प्लास्टिक से भरे दिखने वाले मानसरोवर तालाब के हजारिया घाट अब नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। घाटों पर फैले कचरे का नामोनिशान मिट चुका है और पूरा क्षेत्र अब प्लास्टिक मुक्त होकर साफ-सुथरा नजर आ रहा है। यह बदलाव किसी सरकारी अभियान का नहीं, बल्कि आमजन के सहयोग और प्रकृति रक्षकों के संकल्प का परिणाम है। स्वच्छता को नारे से आगे बढ़ाकर संस्कृति का रूप देने वाले प्रकृति रक्षकों ने पिछले कुछ दिनों से लगातार तालाब की सफाई कर परिवर्तन कर दिखाया है। प्रकृति रक्षक विक्रांत सिंह ने बताया कि अब अगला लक्ष्य 'अंदर कोट' के घाटों को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त और जलकुंभी मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर आगे आते हैं, तब ही स्वच्छ और सुंदर तालाब का सपना साकार होता है। प्रकृति रक्षकों का मानना है कि जब अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर जनता का संकल्प बन जाए, तब वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। स्थानीय लोगों में भी जागरूकता बढ़ रही है और सहयोग की भावना मजबूत हो रही है। लोगों से अपील की गई कि तालाब में कोई भी प्रकार का कचरा न डालें और उसे साफ, सुंदर और स्वस्थ रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। अभियान में राधिका तिवारी, नैनेशी कुशवाहा, विक्रांत सिंह गौर, विशाल रावत, मुकुल झा, उदित गोस्वामी, संदेश चौबे, शिवम् दुबे, रोहित रैकवार, राजकुमार झा, प्रदुम्न साहू, मनीष शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, विशाल परमार, जीतू राजा, रोहित साहू, चेतन बबेले, राहुल द्विवेदी, सागर चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, शिवम् रजक सहित बड़ी संख्या में प्रकृति रक्षक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तम्बौर नगर को मिलेगा स्टेडियम

**तम्बौर, सीतापुर–** तम्बौर नगर के निवासियों को जल्द ही खेल के बुनियादी ढांचे में एक बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। कार्यकारी अधिकारी (ईओ) अनूप कुमार राय ने आधिकारिक तौर पर एक नए स्टेडियम या खेल सुविधा के निर्माण की पुष्टि कर दी है। मीडिया से बात करते हुए, ईओ राय ने घोषणा की कि स्थानीय प्रशासन शहर में एक समर्पित खेल मैदान स्थापित करने की योजना पर आगे बढ़ रहा है।

ईओ राय ने बताया, 'खेल के मैदान के निर्माण के संबंध में हमें एक पत्र प्राप्त हुआ है, और हम वर्तमान में जमीन चिन्हित कर रहे हैं।' उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा, 'जल्द ही नगरवासियों को तोहफे के रूप में एक खेल का मैदान मिल जाएगा।' ईओ ने यह भी स्पष्ट किया कि इस विकास को वरिष्ठ अधिकारियों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने पुष्टि की कि आदरणीय जिलाधिकारी महोदय द्वारा भी एक खेल मैदान और एक पार्क स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। भूमि चिन्हित करने का काम चल रहा है, और उम्मीद है कि परियोजना पर विकास कार्य 'तुरंत ही' शुरू हो जाएगा।

### संडीला में एकता यात्रा में भाजपाइयों ने दिखाई एकजुटता



**संडीला।** सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज से (रन फॉर यूनिटी) एकता यात्रा निकाली गई। इमलियाबाग में यात्रा सम्पन्न होने के बाद मल्हेरा में आयोजित जनसभा में सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री व जिला प्रभारी शंकरलाल लोधी, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, विशिष्ट अतिथि विधायक अलका अर्कवंशी, लोकसभा संयोजक व जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, विधानसभा यात्रा प्रभारी स्वरूप नारायण अस्थाना, विधानसभा यात्रा संयोजक अतुल तिवारी, मल्हेरा मंडल अध्यक्ष सर्वेश राठौर, संडीला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु दयाल शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेत्री संतोष अस्थाना सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध कॉलेज से चलकर इमलिया बाग भुइयांन देवी में यात्रा सम्पन्न हुई। इसके बाद मल्हेरा में कुंवर वीरेंद्र सिंह के आवास पर जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपाइयों ने सरदार सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

### रामलला के दर्शन को 210 श्रद्धालु रवाना

**जनसेवा से समाजसेवी अजय सिंह आदित्य की प्रबल हो रही दावेदारी**



**सण्डीला।** विधानसभा सण्डीला क्षेत्र से विधायक पद के प्रबल दावेदार अजय सिंह आदित्य ने भरावन से तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। भरावन के पत्थरताली व सिकंदरपुर से 210 यात्रियों को निशुल्क रामलला के दर्शन कराने के लिए तीन बसें रविवार को अतरौली चौराहा से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। यात्रा पर निकलते हुए श्रद्धालुओं ने रामलला के जयकारे के साथ समाजसेवी अजय सिंह आदित्य को धन्यवाद दिया। यात्री विशंभर शर्मा ने कहा कि जनसेवा से समाजसेवी अजय सिंह आदित्य जनता के दिलों में धड़क रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक पद के लिए वह प्रबल दावेदार हैं। रामऔतार मौर्य ने कहा कि प्रभु रामलला से कामना करेंगे कि अजय सिंह आदित्य को विधायक के रूप में सेवा का अवसर दें। उन्होंने लाखों भक्तों को कुम्भ स्नान व रामलला के दर्शन कराए हैं। इस दौरान गोविंद बाजपेई, अरविंद बाजपेई, अजय गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह राठौर, संतोष मौर्या, संजय मौर्य, आकाश सिंह, विश्वनाथ सिंह, राजेश, शिवकुमार, रमाकांत तिवारी, कालिका गौतम, कुसुमा अर्कवंशी, सुनीता, हरिहर सिंह मौजूद रहे।

# दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉक्टरों के सभी मरीजों की निष्पक्ष जांच की मांग- राजपुरोहित मधुर

**● .........चिकित्सा व्यवस्था व सुरक्षा तंत्र पर उठे सवाल, अस्पतालों का राष्ट्रीय सुरक्षा आधारित ऑडिट अनिवार्य करने की अपील।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े प्रकरण में डॉक्टरों की गिरफ्तारी ने स्वास्थ्य व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए राजपुरोहित मधुर जी ने कहा कि जिन डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया है, उनके द्वारा अब तक इलाज किए गए सभी मरीजों के रिकॉर्ड की विस्तृत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समीक्षा के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं किसी विशेष वर्ग–विशेषकर हिंदू परिवारों–को चुनकर नुकसान पहुंचाने जैसा कोई संदेहजनक पैटर्न तो सामने नहीं आया।

राजपुरोहित मधुर जी ने भारत सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री से अपील करते हुए कहा कि इस मामले में कठोर और तथ्य आधारित जांच आवश्यक है, ताकि तथ्य स्पष्ट रूप से सामने आ सकें। इसके साथ ही उन्होंने देशभर के अस्पतालों, निजी क्लीनिकों और अन्य चिकित्सा संस्थानों का राष्ट्रीय सुरक्षा आधारित ऑडिट अनिवार्य करने की मांग की, ताकि किसी भी प्रकार की संभावित लापरवाही या कुप्रबंधन को समय रहते रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों की पृष्ठभूमि, गतिविधियों और संपर्कों की नियमित जांच होना समय की जरूरत है, जिससे प्रणाली पर समाज का भरोसा मजबूत रहे। मधुर जी ने संत-समाज और सामाजिक संगठनों से भी हिंदू समुदाय को जागरूक करने की अपील की। उनके शब्दों में, 'वेश, पद और पेशे की आड़ में छिपे तत्वों से सतर्क रहना समय की मांग है।

## गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों से गन्ना उतराई के नाम पर रुपया वसूलने की शिकायत को लेकर शुभम रस्तोगी ने जताया विरोध



**बिसवां/सीतापुर** जिला अधिकारी राजा गणपति आर के आदेश के बावजूद कुछ गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों से गन्ना उतराई के नाम पर रुपये वसूलने की शिकायत पर सपा नेता शुभम रस्तोगी ने विरोध जताया है। सपा नेता शुभम रस्तोगी ने मौके पर पहुंच कर जिला गन्ना अधिकारी सीतापुर को फोन कर बताया की दि सेकसरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री का गन्ना क्रय केंद्र गांव अरुवा में लगा है। केंद्र पर गन्ना उतराई के नाम पर किसानों से 50 रुपये रुपये वसूले जा रहे हैं। इससे किसान परेशान हैं। शुभम रस्तोगी ने जिला गन्ना अधिकारी से डीएम के आदेश को न मानकर मनमानी करने वालों पर जांच और कार्रवाई की मांग की।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जे0पी0ए0 ने आयोजित की बैठक

**● जे0पी0ए0 के संरक्षक सदस्य बने प्रभाकर प्रहराज।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी के चिनहट क्षेत्र अंतर्गत एक निजी प्रतिष्ठान में जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन (रजि०) संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ में संगठन की बैठक भी हुई। संगठन द्वारा पत्रकारों की स्थिति एवं उनके साथ होने वाली घटनाओं तथा सामाजिक व्यवहार के विषय में वृहद स्तर पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के नवनियुक्त संरक्षक सदस्य प्रभाकर प्रहराज का अंग वस्त्र देकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। रविवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रभाकर प्रहराज को संगठन के सभी संरक्षक सदस्य पदाधिकारी तथा सदस्यों ने गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। संगठन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों की हर स्तर पर रक्षा सुरक्षा एवं सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए पत्रकार को सत्य का आईना बताया। इस मौके पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन संगठन के संरक्षक जोगिंदर सिंह खालसा, शिव शंकर मिश्रा, अशोक यादव, अमित राज यादव, विवेक विश्व पांडे, तथा पदाधिकारी उपाध्यक्ष रवि जयसवाल कोषाध्यक्ष एवं विधि सलाहकार नरसिंह नारायण पांडे, मोहम्मद इकबाल, मंसूर अहमद, सौरभ निगम, दीपक सिंह,राम यादव, विजय शंकर दुबे, धनीश श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह, रंजीत सिंह, प्रियंका, रोशनी, पूर्णिमा, सनी शाह, विनोद सिंह, सनी, मुजम्मिल, समेत भारी संख्या में जर्नलिस्ट प्रोटक्शन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एस0आर0 इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी एस0आर0 मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का हुआ आयोजन

**● एस0आर0 इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी एस0आर0 मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का हुआ आयोजन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बीकेटी एस0आर0 इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी, लखनऊ में दूसरा 3 एक्स 3 एस आर मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 72 से अधिक स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन 15 नवंबर 2025 को एस आर समूह के चेयरमैन एमएलसी पवन सिंह चौहान एवं समापन वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान और वाईस चेयरपर्सन डॉ सुष्मिता सिंह चौहान ने किया। फाइनल मैच में डीपीएस एल्डेको गर्ल्स, राज कुमार अकेडमी, लक्ष्य अकेडमी और नेट रैपर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में, विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए और समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए, चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने कहा, बास्केटबॉल एक ऐसा खेल है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक विकास और टीम वर्क को भी प्रोत्साहित करता है। हमें गर्व है कि एसआर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी इस तरह के आयोजन का हिस्सा बन रही है।

## महिलाओं को अपनी साफ सफाई और स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है:- डॉ0 विनीत गुप्ता

**बिसवां सीतापुर** इनरव्हील क्लब बिसवां द्वारा ग्राम महाराजनगर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं को संबोधित करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को अपनी साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है। स्वच्छता की कमी से होने वाली आम बीमारियों को समय रहते रोककर स्वस्थ जीवनशैली अपनाई जा सकती है। शिविर में सीएचसी टीम के साथ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लव मिश्रा, दंत चिकित्सक डॉ. सुरभि मिश्रा तथा अन्य चिकित्सा दल ने रोग परीक्षण, रक्त जांच और शुगर जांच की सेवाएं प्रदान कीं। लाभार्थियों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। इस कार्यक्रम का आयोजन इनरव्हील क्लब बिसवां के तत्वाधान में किया गया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष गुरमीत कौर, समाजसेवी सलिल सेठ, गुंजन सेठ, एकता गुप्ता, शिवानी अग्रवाल सहित क्लब की अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# दस दिन बिना बैग के स्कूल जायेंगे बच्चे

**● खेल-खेल में सीखेंगे कौशल विकास**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ–** उत्तर प्रदेश के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा छह से आठ तक के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सुधार लागू किया गया है। अब पूरे शैक्षणिक सत्र में निर्धारित 10 दिन छात्र बिना स्कूल बैग या बस्ते के विद्यालय जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू की गई इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों पर किताबों का बोझ कम करना और उन्हें तनावमुक्त तथा रचनात्मक वातावरण में कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है।

**खेलकूद और गतिविधियों पर रहेगा ज़ोर**

स्कूल शिक्षा महानिदेशक (डीजीएसई) मोनिका रानी के निर्देशों के अनुसार, इन 'बस्ता-मुक्त दिवसों' के दौरान बच्चों को पारंपरिक पढ़ाई से अलग हटकर गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। इन दिनों में मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगेः कौशल संवर्धनः स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और व्यावसायिक जानकारों के साथ इंटर्नशिप/मुलाकात के ज़रिए छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और कौशल से जोड़ा जाएगा।

आनंदमय शिक्षाः राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा परिषदीय उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) के बच्चों के लिए विशेष 'आनंदम मार्गदर्शिका' विकसित की गई है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को खुशी भरे वातावरण में सीखने का अनुभव मिलेगा। सामुदायिक भागीदारीः बच्चों को अपने गाँव, तहसील, जिले या प्रदेश के ऐतिहासिक व पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। शारीरिक गतिविधियाँः तनावमुक्त माहौल में खेलकूद प्रतियोगिताओं और कला एवं शिल्प (आर्ट एंड क्राफ्ट) जैसी गतिविधियों पर ज़ोर रहेगा।

**क्यों शुरू हुआ 'बस्ता-मुक्त दिवस'?**

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की



उस सिफ़ारिश का हिस्सा है, जिसमें शिक्षा को समग्र, अनुभव आधारित और व्यावसायिक शिक्षा पर केंद्रित करने पर ज़ोर दिया गया है। इन 10 दिनों में बच्चों को किताबी ज्ञान से इतर सोचने और समझने, विभिन्न गतिविधियों से कुशल बनने और सामाजिक कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। यह व्यवस्था उन सरकारी विद्यालयों में शुरू हो गई है, जहाँ यह शुरू नहीं हो सकी है, वहाँ अगले शनिवार से इसे प्रभावी बनाया जाएगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि 'बस्ता-मुक्त दिवस' बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए भी प्रेरित करेगा। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू की गई है और इसका उद्देश्य शिक्षा को बोझ मुक्त बनाना है।

## रास्ते के विवाद को लेकर दबंगों का हमला बरसाए लाठी डंडे धारदार हथियार से किया वार, पिता-पुत्र सहित चार लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के खैराबाद थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में रास्ते में बह रहे नाली के पानी के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच शनिवार देर रात मारपीट हो गई। आरोप है कि गांव के ही पारस और उसके चार बेटों ने पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों पर धारदार हथियारों से हमला बोल दिया इस हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत नाजुक बनी हुई है। सभी घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को गंभीर स्थिति देखते हुए विशेष निगरानी में रखा है। घायलों की पहचान अवधेश, रामसिंह, जयराम और मोहित के रूप में हुई है। घटना के समय ये सभी ग्राम समाज के रास्ते पर जमा हुए विवाद को शांत कराने की कोशिश कर रहे थे, तभी आरोपी पक्ष ने अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों के साथ-साथ धारदार हथियार का भी इस्तेमाल किया, जिससे सभी घायल खून से लथपथ हो गए शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह हमलावरों को खदेड़ा और पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही खैराबाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने देर रात तक घटनास्थल का निरीक्षण कर गवाहों के बयान दर्ज किए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी पारस तथा उसके चार बेटों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों के अनुसार रास्ते को लेकर पिछले लंबे समय से दोनों



पक्षों में तनातनी चली आ रही थी। कई बार पंचायत में बात रखी गई, लेकिन समाधान नहीं निकल सका पुलिस का कहना है कि इस मामले में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से गांव में गश्त बढ़ा दी है!!

## कूटरचित दस्तावेज तैयार करवाकर जमीन की अपने नाम

**● ..तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा सहित आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** भूमि पर अवैध कब्जा करने और फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनमें तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा भी शामिल हैं यह कार्रवाई पीड़ित अभिमन्यु कुमार सिंह की शिकायत पर की गई है जिन्होंने पुलिस उपायुक्त उत्तरी को तहरीर दी थी।

शिकायतकर्ता अभिमन्यु कुमार सिंह के अनुसार उन्होंने बिशुनपुर स्थित गाटा संख्या 93 0.202 हेक्टेयर जमीन वर्ष 2014 में विधिवत पंजीकृत बैनामे के तहत खरीदी थी। राजस्व अभिलेखों में भी वर्ष 2018 में इसका नामांतरण उनके नाम पर हो गया था और जमीन उनके कब्जे में थी।आरोप है कि करीब दस साल बाद आरोपी अहमद अली, उनकी पत्नी शकी निशां निवासी आंट गढ़ी सौंरा माल,सुमित्रा पत्नी बैजनाथ, अहमदपुर मजरा करेंद्र माल, कृष्ण कुमार अहमदपुर मजरा करेंद्र माल, तत्कालीन लेखपाल बिशुनपुर माल और तत्कालीन तहसीलदार वंदना कुशवाहा की मिलीभगत से उसी जमीन का आधा हिस्सा फर्जी तरीके से दोबारा बेच दिया गया।

पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने दस्तावेजों की कूटरचना कर अवैध रूप से दाखिल खारिज भी करा लिया। जब उन्होंने इस धोखाधड़ी का विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई।डीसीपी गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश पर मलिहाबाद पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी से संबंधित गंभीर धाराओं 420, 466, 467, 468, 471 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के सामने आने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बोलेरो पिकअप से 45 लीटर अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**श्रीरामपुर पुलिस की कार्रवाई, 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पकड़ा गया तस्कर**

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत श्रीरामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बोलेरो पिकअप से 45 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है। वाहन संख्या UP52BT1993 में छुपाकर बिहार ले जाई जा रही 5 पेटी शराब पकड़ी गई। घटना टोला अहिबरन राय बंकुल मार्ग के पास चेकिंग के दौरान सामने आई। पुलिस ने मौके से नसीब अंसारी, निवासी गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वाहन और शराब कब्जे में लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## UP 34 प्रीमियर लीग में अनसोल्ड खिलाड़ियों का स्पेशल मुकाबला, सागर स्ट्राइकर बनी चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** UP 34 प्रीमियर लीग के सफल आयोजन के बीच रविवार सुबह 9 बजे को उन खिलाड़ियों के लिए एक विशेष मैच आयोजित किया गया जो नीलामी में अनसोल्ड रह गए थे या पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं पा सके थे। आयोजन समिति द्वारा खिलाड़ियों को मंच देने की इस पहल की हर तरफ सराहना हो रही है।

**चार टीमों ने लिया हिस्सा, सागर स्ट्राइकर और अविरल इलेवन पहुंचे फाइनल**

स्पेशल मैच में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया सागर स्ट्राइकर, सोरो मोबाइल, सी-कोज़ा इलेवन और अविरल इलेवन। पहले मुकाबले में सागर स्ट्राइकर ने सोरो मोबाइल को हराकर फाइनल में जगह बनाई। संजय यादव ने शानदार 31 रन और 2 विकेट लिए, जबकि रामचरित्र ने मात्र 3 रन देकर 5 विकेट झटके और मैच के हीरो बने। दूसरा मुकाबला सी-कोज़ा इलेवन और अविरल इलेवन के बीच खेला गया। सी-कोज़ा ने 62 रन बनाए और अविरल को 63 रन का लक्ष्य दिया। अविरल की ओर से नितिन सिंह 'नीशू' ने 34 रन और 1 विकेट, जबकि आशुतोष ने 18 रन और 1 विकेट लेकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। अविरल इलेवन जीत के साथ फाइनल में पहुंचा।

**फाइनल में सागर स्ट्राइकर का शानदार प्रदर्शन**

फाइनल मुकाबला सागर स्ट्राइकर और अविरल इलेवन के बीच खेला गया। सागर स्ट्राइकर ने पहले खेलते हुए 86 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में अविरल इलेवन लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। सागर स्ट्राइकर की ओर से संजय यादव ने 56 रनों की दमदार पारी खेली और उन्हें फाइनल का मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**खिलाड़ियों को मंच देने की पहल सराहनीय**

टूर्नामेंट में मौका न पाने वाले खिलाड़ियों को अतिरिक्त मैच में खेलने का अवसर देना आयोजन समिति की सकारात्मक सोच को दर्शाता है। खिलाड़ियों में उत्साह देखने लायक था और मैच देखने पहुंचे दर्शकों ने भी इस पहल की खूब सराहना की।

## क्विज प्रतियोगिता में अव्वल आए दो दर्जन बच्चों को मंडल अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**लखनऊः** बीते गुरुवार को माल क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय आए बच्चों को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने स्वागत कर मेडल देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि,चार दिन पूर्व गुरुवार को क्षेत्र के आठ विद्यालय गहदो स्थित जेएमएस पब्लिक स्कूल, चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज,गोडवा स्थित गोडवा बरौकी इंटर कॉलेज, थरी स्थित राजकीय विद्यालय, पी एन डी पब्लिक स्कूल,गोपालपुर स्थित एसडीपी विद्या मंदिर , शहीद भगत सिंह स्कूल , एसएस पब्लिक स्कूल आदि में क्विज प्रतियोगिता करवाई गई थी। आठों विद्यालय से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दो दर्जन विद्यार्थियों को वीरांगना उदा देवी पासी की जयंती पर एस आर मंगलम शिक्षण संस्थान के प्रबंधक इंजीनियर संजय कुमार रावत के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अव्वल आएं 24 छात्र छात्राओं को संस्थान के द्वारा निःशुल्क कंप्यूटर कोचिंग, लाइब्रेरी, इंटरमीडिएट की सुविधा दी गई। जिसकी मंडल अध्यक्ष ने सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## AIMIM के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर औरंगाबाद में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**सीतापुर** राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब, प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली साहब तथा सेंट्रल प्रदेश अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीक़ी साहब के आदेशानुसार आज मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र के औरंगाबाद में AIMIM पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता AIMIM ज़िला अध्यक्ष जनाब नियाज़ हुसैन ने की, जबकि संचालन एवं नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष अमीक खान ने संभाला। कार्यक्रम में परसपुर ग्राम सभा अध्यक्ष सबीर अंसारी, विधानसभा मिश्रिख सचिव एराज़ अली, ग्राम सभा औरंगाबाद अध्यक्ष रशीद अहमद, रिनू साहब बेग, ज़िला सचिव शब्बू खान, कोषाध्यक्ष यासीन खान, ज़िला सचिव कलाम मिर्ज़ा तथा विधानसभा सीतापुर संगठन मंत्री अकबर खान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए संगठन को और अधिक मज़बूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा बूथ स्तर पर संरचना को सक्रिय बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने सपा एवं बसपा छोड़कर AIMIM की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पार्टी को मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र में बड़ी मज़बूती मिली। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर क्षेत्र में AIMIM को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समारोह का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां, सीतापुर** राष्ट्रीयता और कौमी एकता के प्रतीक लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह का आयोजन सेठ दयाल इंटर कॉलेज सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विशाल सक्सेना लेफ्टिनेंट एनसीसी ने उपस्थित जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम शिक्षा प्राप्त करेंगे तभी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सभी बातों का अच्छी तरह से अनुसरण कर पाएंगे। सरदार पटेल का जीवन और कार्य हमें सिखाता है कि एकता में शक्ति है, और हमारा देश एकता के बिना नहीं चल सकता। विशिष्ट अतिथि शकील अहमद अंसारी प्रधानाचार्य ने शानदार कार्यक्रम के लिए आयोजक वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें एकता दृढ़ता एवं देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। श्रीकांत प्रवक्ता इतिहास ने कहा कि सरदार पटेल ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफल संचालन कर रहे मकसूद अली आजाद प्रवक्ता अंग्रेजी ने कहा कि महात्मा गांधी के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और देश को ब्रिटिश




शासन से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मकसूद अली आजाद ने सिराज टाइम्स अखबार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजनों से देशभक्ति का जज्बा पैदा होता है। अजीत आर्य ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर, हम राष्ट्रीयता की भावना को भी याद करते हैं।

मुफ्ती सुहेल कासमी, मौलाना फहीम जामई, डा0 अहमद अली अंसारी, उप संपादक वहाजुद्दीन ग़ौरी आदि वक्ताओं ने अपने ओजस्वी भाषण से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने आगुंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर, हम गंगा-जमुनी तहज़ीब को भी याद करते हैं। यह तहज़ीब हमें सिखाती है कि कैसे दो अलग-अलग संस्कृतियों को मिलाकर एक नई संस्कृति बनाई जा सकती है। कार्यक्रम में हाल ही में हुए दिल्ली ब्लास्ट मामले को लेकर मज़म्मत व श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी अतिथिगण का बैज अलंकरण एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को उपहार से नवाजा गया। बता दें कि उक्त आयोजन हिंदी दैनिक अखबार सिराज टाइम्स के बैनर तले आयोजित हुआ। पत्रकार अलमास अंसारी व मो0 अजीम को भी सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार, शिक्षक- शिक्षिकाएं, छात्र एवं छात्राएं, अधिवक्तागण, समाजसेवी एवं साहित्यकार उपस्थित रहे।

## रूस-यूक्रेन युद्ध: ग्लाइड बॉम्ब खतरे की परिप्रेक्ष्य में एक गहरा संकट

यूक्रेनी खुफिया (इंटेलिजेंस) की रिपोर्टों के अनुसार एवं एक समाचार के अनुसार, रूस इस समय लगभग 1,20,000 ग्लाइड बॉम्ब बना रहा है, जिनमें से कुछ की रेंज अनुमानित रूप से 200 किमी हो सकती है, और भविष्य में इसे 400 किमी तक बढ़ाने की कोशिश में है। यदि ये जानकारी सही है, तो यह न केवल आधुनिक सैन्य रणनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, बल्कि यूक्रेन की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। लेकिन इस खतरे की गंभीरता को समझने के लिए, हमें पहले देखना होगा कि यह युद्ध कब शुरू हुआ और अब तक इसके दोनों पक्षों को कितना भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कब और कैसे शुरू हुआ यह संघर्ष?रूस-यूक्रेन संघर्ष की शुरुआत 2014 में हुई थी। उस साल, रूस ने क्रीमिया क्षेत्र को अवैध रूप से अपने कब्जे में ले लिया था। इसके बाद, पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में रूसी समर्थित अलगाववादियों और स्थानीय मिलिशिया के बीच लड़ाइयाँ शुरू हो गई। फिर 24 फ़रवरी 2022 को, रूस ने एक पूरे पैमाने पर आक्रमण शुरू किया, जिसे अक्सर आज के युद्ध की प्रमुख शुरुआत माना जाता है। इस तरह, यदि हम 2025 की बात करें, तो यह पूरी तरह से चल रहा युद्ध लगभग 3 साल से ज्यादा का हो चुका है, जबकि संघर्ष का चलना कुल मिलाकर 11 साल से अधिक का इतिहास लिए हुए है ।2014 से चालू है।नाटो देशों की मदद से युक्रेन के रास्ट्रपति व्लदीमिर जेलेसकी टिकें हुए है। अब तक का भारी नुकसान हुआ है,जिसमे इंसानी, आर्थिक और संरचनात्मक शामिल है।यह युद्ध केवल जंगी मोर्चों तक सीमित नहीं रहा है । इसमें मानवीय त्रासदी, व्यापक अवसंरचनात्मक बर्बादी और आर्थिक तबाही शामिल है।2.1 इंसानी क्षतिह और अन्य स्रोतों के अनुसार, रूस के 2022 के पूर्ण-आक्रमण के बाद बहुत बड़े पैमाने पर नागरिक एवं सैन्य हताहत हुए हैं। ब्रिटानिका की रिपोर्ट बताती है कि 2014 के बाद, डोनबास संघर्ष में लगभग 14,000 लोग मारे गए, जिनमें गैर-सैन्य भी शामिल थे। पीबीएस की रिपोर्ट कहती है कि फरवरी 2022 से दिसंबर 2024 तक कम से कम 12,456 नागरिक मारे गए और 30,000 से अधिक घायल हुए, इसके अलावा लाखों विस्थापित हुए। इंसानी नुकसान सिर्फ मृत्यु तक सीमित नहीं है । विस्थापन बहुत बड़ा पैमाना है।पीबीएस रिपोर्ट में यह भी है कि लगभग 7 मिलियन लोग देश छोड़ चुके हैं, जिनमें बहुत से महिलाएं और बच्चे हैं। 2.2 आर्थिक और अवसंरचनात्मक विनाश युद्ध ने यूक्रेन की आधारभूत संरचनाओं ,इन्फ्रास्ट्रक्चर को बहुत बड़ा झटका दिया है। स्टेटिस्ता के आंकड़ों के अनुसार, 24 फरवरी 2022 से 31 दिसंबर 2024 तक इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान लगभग 176 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इस अवधि में, आवास को लगभग 57.6 अरब डॉलर, और परिवहन को लगभग 36.7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। रॉयल युनाइटेड सर्विसेज़ इंस्टिट्यूट का विश्लेषण कहता है कि कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने अनुमान लगाया है कि नवीनीकरण लागत लगभग 137.8 अरब डॉलर है, जिसमें बुरी तरह क्षतिग्रस्त पुल, स्कूल, अस्पताल और हजारों घर शामिल हैं। इसके अलावा, व्यापक आर्थिक गिरावट का सामना करना पड़ा है।यूक्रेन का सकल घरेलू उत्पाद 2022 में लगभग 29% घट गया था। यकीनन, युद्ध की वजह से पुनर्निर्माण की जरूरत बहुत बड़ी है, और अनुमान है कि यह खर्च कई सौ अरब डॉलर में हो सकता है। 2.3 सामाजिक और मानव संसाधन हानियूक्रेनी इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स का कहना है कि सिर्फ प्रत्यक्ष युद्ध हताहतों की ही कीमत नहीं है । संघर्ष की वजह से लाखों लोग विस्थापित हुए हैं, और कई लोगों का रोजगार चला गया है। इसके अलावा, युद्ध ने ब्रेन ड्रेन को भी बढ़ाया है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि यूक्रेनी और रूसी दोनों पेशेवरों, खासकर तकनीकी क्षेत्र में, विस्थापन कर चुके हैं। . ग्लाइड बोम्ब की भूमिका और खतरा दोनो देशो के लिए है। एक नई रणनीतिअब हम वापस उस मुद्दे पर आते हैं, जिसे आपने उठाया है ग्लाइड बॉम्ब। ये आधुनिक प्रणाली हाल के वर्षों में युद्ध के तरीकों में बदलाव ला रही है।3.1 ग्लाइड बॉम्ब क्या है? ग्लाइड बोम्ब एक ऐसी प्रकार की बम है जिसे एक विमान से छोड़ा जाता है और यह अपनी गति और वायुगतिकी का उपयोग करके अपेक्षाकृत लंबी दूरी तक ग्लाइड तीर सकता है, बजाय सीधे मिसाइल जैसे इंजन वाले प्रपल्शन की आवश्यकता के। इसका मतलब है कि इन्हें सस्ते और बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा सकता है, और इन्हें मिसाइल की तुलना में अधिक दूरी तक, कम लागत में लॉन्च किया जा सकता है।3.2 रूस का उत्पादन और विस्तार योजना अब दुनिया मे स्थान अव्वल है।यूक्रेनी खुफिया की जानकारी के मुताबिक, रूस लगभग 1,20,000 ग्लाइड बॉम्ब बना रहा है।पहली बैच में ये बॉम्ब लगभग 200 किमी की मारक दूरी तक हो सकते हैं, जो पहले की तुलना में एक बड़ा उछाल है। और भी चिंताजनक खबर है कि रूस इस रेंज को 400 किमी तक बढ़ाने की योजना बना रहा है। 3.3 इस खतरे की गंभीरता क्यों है?कम लागत, उच्च क्षमता । क्योंकि ये मिसाइल जितनी महंगी नहीं होतीं और इंजन नहीं रहते, रूस बड़ी संख्या में इन्हें बना सकता है। इसका मतलब यह है कि वे बड़े पैमाने पर हमला-क्षमता बढ़ा सकते हैं। 400 किमी की क्षमता के साथ, लक्ष्य सिर्फ सीमाई क्षेत्र ही नहीं, बल्कि बहुत दूर ले जाए जा सकते हैं । प्रमुख शहर, महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक बिंदु, ऊर्जा संयंत्र आदि जोखिम में आ सकते हैं। ग्लाइड बॉम्ब को इंटरसेप्ट करना कठिन हो सकता है क्योंकि ये मिसाइल की तरह नहीं चलते। उनकी ट्रैजेक्टरी कम अनुमानित हो सकती है और पारंपरिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम पुरानी मिसाइलों के लिए बने हो सकते हैं। मानव और आर्थिक जोखिम भी है। अगर ऐसे बम व्यापक रूप से इस्तेमाल किए गए, तो यह नागरिक बस्तियों, बिजली और ऊर्जा संरचना, आवासीय इलाकों और अन्य संवेदनशील परिसंपत्तियों को बड़े पैमाने पर नष्ट कर सकता है। यह स्थिति सिर्फ वर्तमान तक सीमित प्रश्न नहीं है । यह भविष्य की रणनीति, वैश्विक सुरक्षा और युद्ध की धाराओं को पुनर्परिभाषित कर सकती है। 4.1 युद्ध की अवधि और आगे बढ़ने की संभावनाजैसा कि पहले बताया गया, यह संघर्ष 2014 से चल रहा है, और 2022 के बाद यह एक पूर्ण-पैमाने पर युद्ध में बदल गया। एक विशेषज्ञ जैसे समूह के प्रमुख ने कहा था कि युद्ध कई साल तक चल सकता है। गलाइड बॉम्ब जैसी तकनीकों की तैनाती यह संकेत देती है कि रूस लंबी अवधि के लिए सैन्य रणनीति बना रहा है, न कि सिर्फ तात्कालिक विजय के लिए। 4.2 पुनर्निर्माण और अंतरराष्ट्रीय मदद की ज़रूरत है।युद्ध के विनाश का पैमाना इतना बड़ा है कि यूक्रेन को न सिर्फ मानवीय राहत की ज़रूरत है, बल्कि बहु-वर्षीय पुनर्निर्माण योजना की भी।अभी तक अनुमान है कि पुनर्निर्माण की लागत सैकड़ों अरब डॉलर में हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय संस्थानों, पश्चिमी देशों और दाताओं को भूमिका निभानी होगी कि वे वित्तीय, तकनीकी और प्रबंधन समर्थन दें।4.3 रक्षा रणनीति और टेक्नोलॉजी प्रतिस्पर्धा यूक्रेन को अपनी मिसाइल-डिफेंस क्षमताओं और एयर-डिफेंस प्रणाली को और मजबूत करना होगा, ताकि ग्लाइड बॉम्ब जैसे हथियारों का मुकाबला किया जा सके।साथ ही, रूस की ग्लाइड बॉम्ब क्षमता दूसरे देशों के लिए भी एक अप्रत्याशित चेतावनी बन सकती है, जो भविष्य की सैन्य प्रतिस्पर्धा में एक बड़ा फैक्टर बन जाए।यह युद्ध आधुनिक युद्ध की प्रकृति को बदलने का संकेत दे सकता है । कम-लागत, लंबी दूरी, उच्च संख्या में हथियार तैनाती, और रणनीतिक ग्लाइड हथियारों की भूमिका बढ़ती जा सकती है। 4.4



मानवीय और ग्लोबल सुरक्षा पहलूग्लाइड बॉम्बों के बढ़ते उपयोग से नागरिक इलाकों में अधिक जोखिम है । युद्ध के नियमों, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और युद्धनैतिकता पर गंभीर दबाव पड़ेगा। अगर ये हथियार बड़े पैमाने पर उपयोग किए जाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को युद्ध विराम, निगरानी और नियंत्रित उपयोग पर पुनर्संवाद शुरू करना पड़ सकता है।इसके अलावा, अन्य राष्ट्र भी इस रणनीति को अपनाने की सोच सकते हैं, जिससे ग्लोबल अस्थिरता का खतरा बढ़ेगा। बर्बादी की कगार पर है एक संघर्ष का भविष्य और इससे तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर है दुनिया के सभी देश। यूक्रेनी खुफिया द्वारा बताई गई 1,20,000 ग्लाइड बॉम्ब की उत्पादन योजना सिर्फ एक संख्यात्मक आंकड़ा नहीं है। यह भविष्य के युद्ध की रणनीति का एक संकेत है। यह दर्शाता है कि रूस न केवल वर्तमान संघर्ष को लंबा खींचने का इरादा रखता है, बल्कि उसे तकनीक-चालित, बड़े पैमाने के, रणनीतिक हमलों के लिए तैयार कर रहा है। उसी समय, यूक्रेन ने अपने राष्ट्रभक्ति, प्रतिरोध और अंतरराष्ट्रीय समर्थन की मदद से अदम्य हिम्मत दिखाई है। लेकिन ग्लाइड बॉम्ब जैसी नई चुनौतियाँ इसे और कठिनाइयों की ओर ले जा सकती हैं। युद्ध अब मानव संवेदनशीलता इन्फ्रास्ट्रक्चर, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा संरचनाओं पर प्रत्यक्ष प्रभाव डाल रहा है। यदि यह हथियार प्रणाली बड़े पैमाने पर उपयोग में लाई जाती है, तो यह न केवल यूक्रेन, बल्कि पूरे यूरोप और संभवतः दुनिया भर में सुरक्षा के नए जोखिम खड़े कर सकती है। अंततः, यह समय है ।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अधिक सक्रिय होना चाहिए।युद्ध-नियंत्रण पर नए मॉडल पर विचार करना चाहिए, औरयूक्रेन को दीर्घकालीन सहायता और रणनीतिक समर्थन देना चाहिए, ताकि यह देश न केवल बचे, बल्कि पुनर्निर्माण कर सके।यदि ग्लाइड बॉम्ब का खतरा अनियंत्रित रूप से बढ़ा, तो यह न केवल एक राष्ट्रीय संघर्ष होगा, बल्कि वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक प्रमुख संकट बन सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## माय बाप ही ले डूबे तेजस्वी-राहुल को

दुनिया मे सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनाव होते हैं भारत में लेकिन भारत के सबसे कठिन चुनाव होते हैं बिहार में। बिहार वह लोकतांत्रिक भट्टी है जहाँ से तपे-तपाए राजनीतिक निकलते हैं। यह बात ओर है कि कई बार इतने तप जाते हैं कि झुलस ही जाते हैं। इस बार के बिहार विधानसभा चुनावों में तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को कुछ ऐसा ही महसूस हो रहा होगा। जातिगत समीकरणों को साधने के चक्कर में ये चौबे जी छब्बे बनने चले थे पर दुबे जी बनकर रह गए। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 ने न केवल राजनीतिक समीकरणों को नया आकार दिया, बल्कि विपक्षी महागठबंधन (राष्ट्रीय जनता दल-कांग्रेस) की जातिगत एकीकरण रणनीति 'एमवाई प्लस बाप' (M-Y प्लस BAAP) को भी बुरी तरह विफल कर दिया। कुल 243 सीटों वाली इस सभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 208 सीटें हासिल कर ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त किया, जबकि महागठबंधन को मात्र 35 सीटें मिलीं। राजद को 20, कांग्रेस को 6 और शेष अन्य सहयोगियों को मिलीं। कुल वोट शेयर में महागठबंधन का 27.4 फीसदी रहा, जो 2020 के 31.2 से 3.8 नीचे है। यह फॉर्मूला, जो मुस्लिम-यादव (एमवाई) के पारंपरिक वोट बैंक को बहुजन (बी), अतिपिछड़ा (ए), आदिवासी (ए) और पिछड़ा वर्ग (पी) के साथ जोड़ने का दावा करता था, सोशल मीडिया और भाषणों में 'माय बाप' के रूप में प्रचारित किया गया, लेकिन मतदाताओं ने इसे भी ठुकरा दिया। यानी 'माय बाप' भी नहीं बचा पाए महागठबंधन को। 'माय-बाप' फॉर्मूला लालू प्रसाद यादव की विरासत पर टिका था। पारंपरिक रूप से, बिहार में मुस्लिम (17 प्रतिशतआबादी) और यादव (14 प्रतिशत) का संयोजन विपक्ष का मजबूत आधार रहा है, जो 2020 में महागठबंधन को 75 सीटें दिला चुका था; लेकिन 2025 में तेजस्वी यादव ने इसे विस्तार दिया। यह फॉर्मूला था- 'बी' से बहुजन (दलित-एससी/एससी, 16%), 'ए' से अतिपिछड़ा (ईबीसी, 36%), दूसरे 'ए' से आदिवासी-अनुसूचित जनजाति (एसटी, 1.3%) और 'पी' से पिछड़ा वर्ग (ओबीसी, 27%) को मिलाकर एक 'सामाजिक न्याय' छतरी बनाना, जिसके नीचे 70 फीसदी से अधिक आबादी आ जाए, जो एनडीए की 'सवर्ण-ईबीसी' ध्रुवीकरण को चुनौती दे सके। यह फॉर्मूला पहली बार इसी साल सितंबर में तेजस्वी के पटना रैली में सामने आया, जहां



उन्होंने कहा, 'एमवाई हमारा मूल, बाप हमारी ताकत–सबका न्याय, सबका विकास।' कांग्रेस ने इसे समर्थन दिया। राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' के दौरान इसे 'सामाजिक एकता' के रूप में प्रचारित किया गया। फॉर्मूला सैद्धांतिक था, लेकिन जमीनी स्तर पर सीट बंटवारे में इसके असंतुलन (राजद को 143, कांग्रेस को 61) ने आंतरिक कलह को जन्म दे दिया। 'माय बाप' एक भावनात्मक अपील थी, जो पितृसत्तात्मक समाज में 'परिवारिक एकता' का प्रतीक था। तेजस्वी के ट्विटर हैंडल पर 15 अक्टूबर को पोस्ट किया गया वीडियो, जिसमें वे कहते हैं, 'माय बाप–मुस्लिम, यादव, बहुजन, अति पिछड़ा, आदिवासी, पिछड़ा–सब एक परिवार,' ने करीब 2.5 मिलियन व्यूज पाए। महागठबंधन से जुड़े दलों के राजनीतिक भाषणों में यह स्लोगन प्रमुख था। 25 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर रैली में तेजस्वी ने हुंकार भरी, 'एनडीए का बाप कौन? माय बाप!' जो भीड़ को उत्साहित करने के लिए उभारा गया था। राहुल गांधी ने भागलपुर में इसे 'लोकतंत्र का परिवार' कहा। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनका यह प्रयास उल्टा पड़ा। 'बाप' शब्द की पितृसत्तात्मक व्याख्या ने महिलाओं में(बिहार में 48 प्रतिशत मतदाता) को आक्रोशित कर उन्हें अलगा दिया। राजनीतिक पंडितों के विश्लेषण में, 40 फीसदी महिलाओं ने 'माय बाप' को 'पुरुष-केंद्रित' माना। सोशल मीडिया पर महागठबंधन के '#MyBaapBihar' ट्रेंडिंग रहा तो विपक्षी '#MyBaapFail' ने 1 लाख रीट्वीट्स के साथ काउंटर किया, वहीं लाखों यूजर्स ने इस स्लोगन को जातिवादी होने का आरोप भी लगाया। जिसका नतीजा यह हुआ कि चुनावी जनादेश ने 'माय-बाप' को पूरी तरह नकार दिया। आंकड़ों के अनुसार, महागठबंधन का कुल वोट शेयर 27.4% रहा, जिसमें आरजेडी का 18.2 और कांग्रेस का 5.1 था। एमवाई ब्लॉक में, यादव वोट 65 से घटकर 52 प्रतिशत रह गया। 13 सीटों पर एनडीए ने यादव-बहुल क्षेत्रों (जैसे सारण, वैशाली) में सेंध लगाई। मुस्लिम वोट भी 58 से 48% पर सिमट गया, जहां एआईएमआईएम ने 5 सीटें काट लीं। 'बाप' घटक और भी कमजोर साबित हुए। ईबीसी (36% आबादी) में महागठबंधन को मात्र 28 फीसदी वोट मिले, जबकि एनडीए को 52 फीसदी। दलित (बहुजन) वोट 45 से घटकर 35 प्रतिशत रह गया। इनमें चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) ने 4 सीटें काट लीं। एसटी क्षेत्रों (जैसे सहरसा) में महागठबंधन शून्य पर रहा। कुल 35 सीटों में से 22 एमवाई से, केवल 13 'बाप' से आईं। 'माय-बाप' की विफलता बिहार राजनीति में सकारात्मक बदलाव और जातिवाद के ह्रास का प्रमाण है। 1990 के मंडल युग से चली आ रही यह रणनीति अब अप्रासंगिक हो रही है, जहां आर्थिक सुरक्षा, रोजगार और महिला सशक्तीकरण जैसी बातें जाति से ऊपर उठ रही हैं।

इस फॉर्मूले की काट में एनडीए ने 'महिला-युवा-ईबीसी' त्रिकोण बनाया जो 'माय बाप' पर भारी पड़ा। 'माय बाप' पुरानी जातिवादी राजनीति का प्रतीक बना जो आज की पीढ़ी को मंजूर नहीं और उसने उसे ठुकरा दिया। इसका खामियाजा राजद और कांग्रेस दोनों ने भुगता। कांग्रेस को महज 5.1 प्रतिशत वोट मिले जो 70 वर्षों में सबसे कम है, तो राजद भी औंधे मुंह जा गिरा। 'माय-बाप' महागठबंधन का अंतिम प्रयास था जातिगत राजनीति को पुनर्जीवित करने का, लेकिन 35 सीटों की हार ने इसे दफना दिया और यह चुनाव बिहार को परिपक्व लोकतंत्र की दिशा में ले गया।

**हरीश शिवनानी**

## जनहित ओर राष्ट्रहित के सकाम कर्म से ही सता की लंबी पारी संभव

बिहार विधानसभा चुनावों में विपक्ष की करारी हार के बाद सत्तारूढ़ सरकार और सरकारी मिशनरी को दोष देना राजनीतिक दलों का पुराना शगल रहा है लेकिन महागठबंध में शामिल अमूमन सभी दलों को इस हार के लिए सरकार या किसी मिशनरी को दोष देने की बजाय सभी दलों को अपना अपना मंथन करना चाहिए ! विपक्षी दलों को यह समझना होगा कि देश अब इक्कीसवीं सदी में जी रहा हे और देश की शहरी जनता की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली जनता को भी केंद्र ओर राज्य सरकारो के कार्यो का अच्छा बुरा विश्लेषण करना बेहतर से आता है। देश को राजनीतिक दलों को चुनावी सभाओं रेलियों में जनता की भारी भीड़ को उमड़ते देख अब भ्रम को भी निकाल देना होगा कि जनता की हुजूम उनकी लोकप्रियता हे और वह जो कहेंगे उसे जनता आत्मसात कर पालन करेगी ! राजनीतिक दलों को यह नहीं भूलना चाहिए कि इक्कीसवीं सदी के भारत की जनता उनकी नजरों में भले अशिक्षित हो लेकिन देश के सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में रहने वाली जनता इतनी तो समझदार हे कि इस युग में जाती, धर्म से पेट नहीं भरता हे बल्कि सकाम कर्म करने से ही पेट भरता है।

बिहार की जनता के प्रचंड जनादेश से देश से ही जातिवाद की राजनीति को मूल से नष्ट कर दिया है। अब देश के विपक्षी राजनीतिक दलों को नए सिरे से मंथन कर जनमानस में विश्वसनीय छवि बनाने के लिए मंथन कर खुले मन से सत्तारूढ़ दलों के द्वारा किए गए उनकी अच्छे कार्यो की जनता के बीच प्रशंसा कर उनसे बेहतर कार्य करने का विजन रखना होगा! राजनीतिक पूर्वाग्रह और नफरती जात पात की राजनीति से ऊपर उठकर विपक्ष दलों को सत्तारूढ़ दलों का मार्गदर्शक बन सरकार से जनहित ओर राष्ट्रहित के कार्यो में सहयोग कर जनमानस के बीच अपनी छवि को बेहतर बनाना होगा ! देश के राजनीतिक दलों को संवैधानिक पदों पर बैठे किसी भी व्यक्ति पर या उसके परिवार पर दोषारोपण करने की बजाय सरकार की राष्ट्र या जनहित में लाभ नहीं होने वाली गलत नीतियों का विरोध करना चाहिए! देश के राजनेताओं से जनता आरोप प्रत्यारोप के इतर स्वच्छ स्वस्थ राजनीति चाहती हे जो राष्ट्रहित ओर जनहित के मुद्दे पर सदैव मुस्तैद रहे! लोकतंत्र में सरकारें कभी स्थाई नहीं होती वह जनमत के मूड पर टिकी रहती है। जनतंत्र में राजनीतिक चेहरे का विश्वसनीय होना बेहद जरूरी हे तभी आप जनमत के बुते पर सरकार को दो बार चार बार ओर छ बार भी बरकरार रख सकते है। बिहार का जनादेश ने महागठबंधन में शामिल दलों के वादों को उनकी कही बातो में विश्वनीयता नजर नहीं आने की वजह से नकारा है।

अतएव बिहार के जनादेश से एक जिन्हें विजय मिली उन्हें भी ओर जिन्हें पराजय मिली उन्हें भी यह सबक अब पक्के से याद रखने की जरूरत हे कि भारत की राजनीति में अब केंद्र हो या राज्य जिला पंचायत हो या ग्राम पंचायत सभी दूर जनहित ओर राष्ट्रहित के मुद्दे पर सकाम कार्य करने वाले ही राजनीतिक दल ही जनादेश पाकर सता की लंबी लंबी पारियां खेल सकेंगे!

**अरविन्द रावल**

## संस्कृत की पाठशाला से न्यायपालिका के शिखर तक

जितनी चर्चा इन दिनों आगामी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की हो रही है उससे कुछ अधिक उनके पिता श्री मदन गोपाल शास्त्री की भी होनी चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के आगामी प्रधान न्यायाधीश हैं और संभवतः ऐसे विलक्षण बेटे हैं जिन्होंने अपने पिता को सदा अपना मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत माना। हरियाणा के एक स्कूल में संस्कृत अध्यापक के पद पर अवकाश प्राप्ति तक सेवारत रहे श्री मदन गोपाल शास्त्री से निजी संबंधों पर मुझे तब भी गर्व था जब चंडीगढ़ के इंडियन कॉफी हाउस में हम दोनों कॉफी और वड़ा-सांभर का आनंद लेते थे। हमारी यह बैठकें केवल कॉफी के लिए नहीं होती थीं। चर्चाएं संस्कृत साहित्य और हरियाणवी सांग संस्कृति पर केंद्रित रहती थीं। प्रायः इन कॉफी बैठकों में श्री माधव कौशिक, प्रो. हरबंस, डॉ. विजेंद्र यादव की भी शिरकत हो जाती थी। मदन गोपाल लम्बी अवधि तक पंजाब (पुनर्गठन से पूर्व) संस्कृत अध्यापक संघ के अध्यक्ष भी रहे थे और गर्व से बताते कि वह उन बचे-खुचे लोक संस्कृति साधकों में से थे जिन्होंने प्रख्यात सांगी पंडित लखमीचंद से न केवल सांग सुने थे, बल्कि सांगों की लोकगाथाओं पर कई बार चर्चाएं भी की थीं। मदन गोपाल शास्त्री को उनके विशिष्ट साहित्यिक अवदान के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी व हरियाणा संस्कृत अकादमी द्वारा 'महाकवि सूरदास स्मृति सम्मान' और संस्कृति अकादमी की ओर से वरिष्ठ संस्कृत-सेवी सम्मान से अलंकृत किया गया था। मदन गोपाल से जुड़े कुछ अंतरंग संस्करण भी स्मृतियों में अब तक छाए हैं, जिन्हें याद करने का यही उपयुक्त समय है। हरियाणा साहित्य अकादमी (मेरे निदेशक काल में) का पहला साहित्यिक समारोह सिरसा में हुआ था और उसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैंने तब के एडवोकेट जनरल सूर्यकांत को आमंत्रित किया था। श्री सूर्यकांत सबसे कम आयु के हरियाणा के एडवोकेट जनरल थे। उस प्रथम समारोह में प्रदेशभर से साहित्यकार आमंत्रित थे। मेरे लिए यह एक सुखद आश्चर्य यह भी था कि आमंत्रित साहित्यकारों में मुख्य अतिथि के पिताश्री मदन गोपाल शास्त्री भी शामिल थे। मुख्य अतिथि के साथ उनके संबंधों का सार्वजनिक खुलासा तब हुआ जब मंचासीन होने से पूर्व श्री सूर्यकांत ने उनके चरण छुए और आशीर्वाद लिया। वह आश्चर्य तब चरम तक पहुंच गया जब निदेशक के रूप में मैंने उस समारोह में मौजूद सर्वाधिक वयोवृद्ध लेखक श्री मदन गोपाल शास्त्री से आग्रह किया कि वह अकादमी की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत करें। एक बार वही चरण-स्पर्श की प्रक्रिया मंच पर दिखाई दी जब श्री शास्त्री ने सूर्यकांत को पुष्पगुच्छ भेंट किया और मुख्यातिथि ने मंच पर एक पिता के चरण छुए। मदन गोपाल बड़े गर्व से बताया करते, 'सूर्यकांत सहित सभी बेटों ने अपने-अपने घर में एक-एक कमरा मेरे व अपनी मां के लिए सुरक्षित किया हुआ है। हम जब भी किसी बेटे के पास जाते हैं अपना कमरा पूरी तरह से तैयार मिलता है।' शास्त्री जी के न्यायमूर्ति सूर्यकांत के अलावा एक पुत्र भिवानी में प्रख्यात चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं जबकि एक बेटे ने गांव की खेती भी सम्भाल रखी है। शास्त्री को अपने गृह गांव पेटवाड़ (हिसार) से गहरा लगाव था। उनका कहना था कि 'पेटवाड़' ही सूर्यकांत सहित उनकी सभी संतानों की जन्म भूमि है। चारों बच्चों ने अपनी बाल्यावस्था की शिक्षा कैरोसिन-लैम्प की रोशनी में पूरी की थी क्योंकि तब बिजली का प्रचलन पूरी तरह से गांवों में नहीं हो पाया था। इसलिए मेरे बेटों को भी इस गांव की मिट्टी की सोंधी गंध से जुड़ाव है। सभी बेटों (सूर्यकांत सहित) की प्राथमिक शिक्षा भी इसी गांव में हुई थी। परंपरागत रूप से वह इसी गांव में हर वर्ष एक साहित्यकार या विद्वान शिक्षक को बुलाकर सम्मानित करते थे। एक बार उन्होंने मुझसे वहां आने का आग्रह किया और साथ ही यह भी कहा कि 'बेटा सूर्यकांत आपको स्वयं चंडीगढ़ से अपने साथ ससम्मान लेकर आएगा और मेरे लिए वह विशेष गर्व का क्षण था जब उन्होंने मंत्रोपचार के साथ गांव वालों की उपस्थिति में मेरा तिलक किया और संतानों को बारी-बारी से आशीर्वाद दिलाया। लोक संस्कृति व संस्कृत साहित्य को समर्पित हैं श्री मदन गोपाल शास्त्री की 18 विशिष्ट कृतियां। उन्हें वर्ष 2012 में वरिष्ठ संस्कृति विद्वान सम्मान व 2013 में महाकवि सूरदास सम्मान मिला था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत के बड़े भाई ऋषिकांत ने एक बार बताया था कि 'हमारे सूर्या ने कविताएं भी लिखीं थीं। कॉलेज समय में उनकी एक कविता 'मेढ़ पर मिट्टी चढ़ा दो' चर्चित भी रही थी। उन्होंने स्वयं भी स्वीकार किया था कि 'कॉलेज शिक्षा के मध्य अनेक कविताएं लिखी थीं। मगर पिता जी एक कविता-गुरु की तरह इतनी खिंचाई कर देते थे कि उन्हें कविता पढ़ने से पहले मुझे कविता में कई बार कटाई-छंटाई करनी होती थी।' न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम अनेक 'प्रोफेशनल कीर्तिमान' भी हैं। वह लगभग 300 बैंच का एक हिस्सा बने और अनुच्छेद-370, बिहार 'एसआईआर' वन रैंक का पेंशन, पैगासस स्पाईवेयर, समानता व भ्रष्टाचार, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने आदि के निर्णय भी उनकी विशिष्ट उपलब्धियों में शामिल हैं। उनके बड़े भाई ऋषिकांत अब भी ग्रामीण अंचल का दामन थामे हुए हैं। वैसे वह भी पूर्व शिक्षक हैं और गर्व से एक बार बताते थे कि 'हमारे सूर्या ने भी और डॉक्टर शिवकांत ने खेतों में हल भी चलाए हैं। एक विशेष बात यह भी है कि हम भाइयों की सम्पत्तियां भी साझी हैं। अनेक निजी चर्चाओं के मध्य न्यायमूर्ति ने बताया था कि उन्हें गांव की मिट्टी की सोंधी गन्ध से बेहद लगाव है। गांव के तालाब के पुनर्निर्माण में भी चारों भाइयों का कुछ योगदान है। न्यायमूर्ति की धर्मपत्नी सविता को एक ही मलाल रहा कि वह पीएचडी नहीं कर पाई। बताती थीं कि 'पिता जी' (शास्त्री जी) की इच्छा थी कि मैं शिक्षा के क्षेत्र में जाऊं। दो बटियां भी हैं मगर पूरा परिवार इस बात का पूरा-पूरा ध्यान रखता है कि न्यायमूर्ति अपने परिवार के कारण भी किसी विवाद में न पड़ें। मदन गोपाल शास्त्री ने एक बार बताया था कि जब सूर्यकांत न्यायपालिका में प्रविष्ट हुए तो 'मैंने स्वयं सभी बेटों व परिवार के सदस्यों को बुलाकर सावधान किया था कि वे कभी भी किसी अनुचित कार्य के लिए न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम का प्रयोग या उन पर कोई दबाव न डालें।' पारदर्शिता, स्पष्टवादिता और संतुलित एवं विचारशील जिंदगी इस संस्कृत अध्यापक के विशेष मंत्र थे जो उन्होंने न्यायमूर्ति सूर्यकांत व तीनों अन्य बेटों को दिए थे।

**डॉ. चंद्र त्रिखा**

## समय बदला, पर जड़ों का सुकून अब भी वही

**परंपरा की नदी: बहती, बदलती, पर अटूट**

**तकनीक की चमक में भी जीवित जड़ों की मिठास**

आज की तेज और चकाचौंध भरी दुनिया में, जहाँ प्रगति की रोशनी हर दिशा को चमका रही है, वहीं मन के किसी गहरे कोने से एक कोमल पर शक्तिशाली पुकार उठती है–लौट आओ, अपनी जड़ों के सुकून में। यह पुकार केवल मिट्टी की सोंधी महक नहीं, बल्कि उन अमर मूल्यों, आदर्शों और रिश्तों की जीवंत ध्वनि है, जो हमें हमारी असली पहचान से दोबारा जोड़ती है, हमें भीतर से दृढ़ बनाती है और जीवन को संपूर्णता से भर देती है। संस्कृति का यह अपनापन किसी बंद पुस्तक का स्थिर पन्ना नहीं, बल्कि एक सतत धड़कती विरासत है, जिसमें अतीत की स्मृतियाँ वर्तमान के अनुभवों से घुल-मिलकर भविष्य की नींव रखती हैं। यह वह अदृश्य शक्ति है, जो जीवन के हर मोड़ पर हमें थाम लेती है–जैसे धरती की गहराई में उतरती जड़ें पेड़ को अडिग खड़ा रखती हैं, वैसे ही संस्कृति हमारे अस्तित्व को स्थिरता, पोषण और अर्थ देती है। यह हमें बार-बार अहसास कराती है कि हम किसी भीड़ का हिस्सा मात्र नहीं, बल्कि एक महान, विस्तृत और गौरवशाली परंपरा के संतान हैं–ऐसी विरासत के वाहक, जो समय बदलने पर भी सदियों से अटूट और अमर है। बचपन की उन सुनहरी स्मृतियों में जरा फिर से उतरकर देखिए–दादी की गोद में सुनाई गई वे पौराणिक कथाएँ, जिनमें जीवन के गूढ़ सत्य छिपे होते थे; त्योहारों की भोर में घर भर में दौड़ती-भागती वह उजली-सी खुशी; आरती की ज्योति के साथ फैलती वह पवित्र सुगंध, जो मन को अजीब-सी शांति से भर देती थी; माँ के हाथों से परोसा गया वह स्नेह-सिक्त भोजन, जो सिर्फ पेट ही नहीं, आत्मा तक को तृप्त कर देता था; पड़ोसियों के संग बैठकर बिताई वो खिलखिलाती शामें, जिनमें अपनत्व का अनकहा संगीत गूँजता था। ये स्मृतियाँ केवल बीते समय के दृश्य नहीं, बल्कि वे जादुई सूत्र हैं, जिन्होंने हमारे भीतर संवेदनाओं की मिट्टी को गूँथा, रिश्तों की गहराई को पनपाया, और मानवता की लौ को उजाला दिया। जीवन की रफ़्तार हमें दूर देशों तक ले गई, नए सपनों की तलाश में, नए आसमानों की ओर। पर दिल की उस नन्ही-सी कोठरी में, जो सदियों से वैसी ही है, जहाँ न बदलते मौसम दस्तक देते हैं न विदाई के क्षण, वहाँ संस्कृति की मधुर धुन हमेशा जगमगाती रहती है। विदेश की चमकती गलियों में जब कोई भारतीय त्योहार की रात माँ की याद में एक छोटा-सा दीप जलाता है, या अपने बच्चे को मातृभाषा का पहला मीठा शब्द सिखाता है, तो वह पल केवल क्रिया नहीं–अपनी जड़ों से आत्मा का पुनर्मिलन बन जाता है। यही है संस्कृति की असली शक्ति–दूरी को ध्वस्त कर देने वाली, दिलों को जोड़ देने वाली, और समय को भी अपने सामने झुकने पर मजबूर कर देने वाली। परंपराएँ कोई जड़ बनी हुई विरासत नहीं, बल्कि एक सजीव, प्रवाहित नदी की तरह होती हैं–जो समय के साथ अपना रूप बदलती हैं, नए रंगों को अपनाती हैं, और फिर भी अपने स्रोत से कभी अलग नहीं होतीं। नई पीढ़ी जब इन्हें छूती है, तो ये और भी उज्ज्वल होकर खिल उठती हैं।

आधुनिक परिधान में सजी युवती जब गणेशोत्सव पर श्रद्धा से पारंपरिक मूर्ति के सामने हाथ जोड़ती है, या अंग्रेज़ी के मिश्रण से भरी रोज़मर्रा की भाषा में भी 'माँ', 'घर', 'प्यार' जैसे शब्द अपनी पुरानी महक के साथ जीवंत रहते हैं–तब समझ आता है कि संस्कृति टूटती नहीं, बल्कि नए रूप में दमकती है। यही अद्भुत संगम–जड़ों की मजबूती और आधुनिकता के साहस का मेल–हमारी संस्कृति की अनोखी, अनुपम सुंदरता को जन्म देता है। लेकिन संस्कृति का सबसे प्रखर, सबसे धड़कता रूप हमारे रिश्तों में दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति 'मैं' को नहीं, 'हम' को अपना केंद्र मानती है। यहाँ परिवार सिर्फ संबंधों की परिभाषा नहीं, बल्कि भावनाओं का एक विस्तृत ब्रह्मांड है–बुआ का ममता भरा आलिंगन, मामा की खिलखिलाती शरारतें, चाचा की गंभीर सलाह, दादाजी की अनुभवों से भरी कहानियाँ, ननद की सहेली जैसी सहज मुस्कान, पड़ोसियों का हर सुख-दुख में साथ खड़ा रहना। यह प्रेम का विस्तार, यह रिश्तों का घेराव सिर्फ भारतीय मिट्टी की उपज है–जो हर दिल को जोड़ती है, हर अकेलेपन को पिघला देती है, और जीवन को गर्माहट से भर देती है। त्योहारों में संस्कृति का वह अपनापन अपनी चरम ऊँचाई पर पहुँच जाता है। रक्षाबंधन की राखी केवल धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनन्त विश्वास और सुरक्षा के वचन का सुगंधित प्रतीक है–एक ऐसा बंधन जो जीवन भर दिलों को साथ बाँधकर रखता है। होली के रंग सिर्फ चेहरे नहीं, मन के कोनों को भी उजाला देते हैं, मनमुटाव पिघला देते हैं और रिश्तों पर जमे धूल को धोकर नई ताजगी भर देते हैं। दिवाली का हर दीया केवल अंधेरा दूर नहीं करता, बल्कि मन की गहराइयों में छिपी आशा की लौ को भी उजला कर देता है। ये उत्सव हमें याद दिलाते हैं कि जीवन का सार अकेली सफलताओं में नहीं, बल्कि मिलकर जीने, बाँटने, और दिलों को जोड़ने में है। भले ही स्मार्टफोन की स्क्रीन कितनी ही चमकदार क्यों न हो, दिल के तार तो अब भी अपनी मिट्टी की महक से ही बँधे होते हैं। मंदिर की घंटियों की गंभीर, पवित्र ध्वनि सुनकर मन सहज ही झुक जाता है, और माँ के पारंपरिक गीत सुनते ही लगता है जैसे सदियाँ हमारे सामने फिर से जीवंत होकर खड़ी हो गई हों। संस्कृति का यह भावुक अपनापन हमारे भीतर एक शांत, निर्मल सरिता की तरह बहता है–जीवन की थकान सोख लेता है, टूटे मन को सँभाल लेता है, और व्यस्तता की दौड़ में भी हमें स्थिरता और सुकून देता रहता है।

यह हमें लगातार स्मरण कराता है कि उड़ान जितनी ऊँची हो जाए, जड़ें भीतर ही भीतर उतनी ही मज़बूती से हमें थामे रहती हैं–अटल, अविभाज्य, अमर। यह पुकार कोई बंधन नहीं, बल्कि प्रेम से भरा वह मधुर निमंत्रण है, जो हमें अपने मूल को पहचानने, अपनी मिट्टी को प्रणाम करने और अपने रिश्तों को हृदय से लगाने की ओर बुलाती है। संस्कृति हमें सिखाती है कि आगे बढ़ना जितना आवश्यक है, उतना ही महत्वपूर्ण है पीछे मुड़कर अपने स्रोत को महसूस करना। यही अपनापन 'हम' की शक्ति देता है, हर दिल को उसकी जड़ों से अटूट डोर में बाँधे रखता है।

**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### उदा देवी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान नायिका : चंद्रभूषण

**डुमरी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में याद की गई 1857 की वीरांगना**

**देवरिया।** समाजवादी जनसंपर्क कार्यालय, डुमरी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि उदा देवी पासी 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की महान नायिका थीं। 30 जून 1830 को जन्मी उदा देवी ने मात्र 27 वर्ष की आयु में सिकंदर बाग की लड़ाई के दौरान 36 अंग्रेज सैनिकों को मार गिराते हुए वीरगति पाई थी। उन्होंने कहा कि अवध की बेगम हजरत महल की महिला बटालियन में शामिल उदा देवी 'दलित वीरांगना' के रूप में इतिहास में सदैव याद की जाएँगी। उनके पति मक्का पासी भी बेगम हजरत महल की सेना का हिस्सा थे। पति की शहादत की खबर के बाद 16 नवंबर 1857 को उदा देवी ने पीपल के पेड़ पर चढ़कर ब्रिटिश सैनिकों पर गोलीबारी की और आखिरी दम तक लड़ती रहीं। पेड़ पर गोली चलाने के आदेश के बाद वह शहीद हो गई। सपा प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ पदाधिकारी श्यामदेव यादव ने कहा कि उदा देवी पासी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सबसे साहसी नायिकाओं में एक थीं, जिन्होंने महिलाओं की भूमिका को नई दिशा दी। कार्यक्रम में नगीना यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, नंदलाल यादव, बेलभद्र गोंड, नाज़िर अंसारी, विनोद यादव, अयोध्या वर्मा, राजेश्वर यादव, गोविंद यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### 4 मंजिला होटल में भीषण आग: रेस्टोरेंट के बाथरूम में छिपे युवक की मौत, 12 करोड़ की बिल्डिंग राख



**गोरखपुर।** चार मंजिला होटल में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। थोड़ी देर में आग पूरी बिल्डिंग में फैल बाहर आ गया, जबकि दूसरा अंदर बाथरूम में छिप गया। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां पहुंचीं। टीम अंदर गई तो फर्स्ट फ्लोर पर युवक का शव मिला। करीब 2 घंटे में टीम ने आग बुझाई, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। घटना शहर के पॉश इलाके रामगढ़ताल में सुबह 5 बजे हुई। इमारत की अनुमानित कीमत 10 से 12 करोड़ बताई जा रही है। फायर ब्रिगेड टीम को लीड कर रहे इंचार्ज शांतनू कुमार यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। चार मंजिला होटल में ग्राउंड फ्लोर पर मिठाई की दुकान, पहली मंजिल पर रेस्टोरेंट, दूसरी मंजिल पर होटल और तीसरी पर बैंक्वेट हॉल है। मरने वाले की पहचान गोंडा निवासी कीपिंग स्टाफ पुरुषोत्तम (55) के रूप में हुई है। होटल मालिक का नाम मनोज शाही है। उनकी गिनती शहर के बड़े कैटर्स में होती है। अग्निकांड के बाद जिले में होटल, रेस्टोरेंट और बड़े कामर्शियल काम्पलेक्स में विद्युत, फायर सेफ्टी और अन्य व्यवस्थाओं की जांच के लिए 12 टीमों का गठन किया गया है। SDM स्तर के अधिकारी नेतृत्व करेंगे।

### सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव में अंतिम अवसर प्रदान करते हुए मतदाता बनने का दिया समय

**गोंडा** – उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में 01:00 बजे विकास भवन में बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम का संचालन शिवराम शुक्ला ने किया से धीरे-धीरे ब्लॉकों के पदाधिकारी एकत्रित हुए बैठक में जिला संगठन ने निर्णय लिया कि आगामी दिसंबर महीने में होने वाले जिला संगठन के चुनाव में जो कर्मचारी संघ के सदस्य होंगे वहीं संघ के चुनाव में प्रतिभाग मतदान कर सकेंगे बैठक में मौजूद पदाधिकारी ने प्रदेश के पत्र के अनुसार निर्णय लिया कि जनपद के छूटे हुए कर्मचारी व कई विकासखंड के समस्त कर्मचारी अभी तक मतदाता नहीं बन पाए हैं उन्हें अंतिम अवसर देते हुए 30 नवंबर तक मौका दिया जाता है कि संगठन की संस्था रसीद कटवा कर मतदाता बन जाएं 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक जिला संगठन अपने स्तर से विकासखंड में मतदाता बनाएंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ब्लॉक संगठन की होगी इस मौके पर जिला महामंत्री शिवराम शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद कर्नलगंज ब्लॉक अध्यक्ष रवि गोस्वामी मनकापुर ब्लॉक अध्यक्ष अतुल तिवारी इटियाथोक ब्लॉक अध्यक्ष लोकनाथ शुक्ला रुपएडीह ब्लॉक अध्यक्ष लखन लाल पासवान वजीरगंज ब्लॉक अध्यक्ष सनी राम बेलसर ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ मौर्य नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष राम सजीवन तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष हलदरमऊ रमेश सिंह प्रचार मंत्री फूल राज कोरी विनय त्रिवेदी जुबेर अहमद झंझरी पंकज रामकरन वर्मा हरीश मिश्रा रामचंद्र दुबे सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे

# रामजानकी महामार्ग पर लापरवाही की धांसू मिसाल- निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में गिरी कार, चालक गंभीर, ठेकेदार पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला बाजार गोरखपुर।** विकास की दुहाई देकर करोड़ों रुपये की योजनाओं की घोषणा तो खूब होती है, लेकिन जमीनी हकीकत कभी-कभी ऐसे हादसों के रूप में सामने आती है जो न सिर्फ प्रशासनिक सिस्टम की पोल खोल देती है बल्कि जिम्मेदारों की संवेदनहीनता पर भी बड़ा सवाल खड़ा करती है। बड़हलगंज-गोला-बरहलगंज रामजानकी मार्ग पर ऐसा ही एक हादसा शनिवार की देर रात उस समय हुआ जब निर्माणाधीन पुलिया के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में एक मारुति वैन अनियंत्रित होकर जा गिरी। इस हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी जिंदगी अभी भी अस्पताल में मौत से जंग लड़ रही है। जानकारी के मुताबिक, शिवपुर गांव के पास रामजानकी चौड़ीकरण परियोजना के तहत नाला और पुलिया निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था ने सड़क के बीचोंबीच पुलिया निर्माण के लिए गहरी खुदाई कर रखी है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर न तो उचित बैरिकेडिंग की गई है, न ही रात में कोई रिफ्लेक्टर, चेतावनी बोर्ड, ब्लिंक लाइट या



साइन बोर्ड लगाया गया है। वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क किनारे खेत से होकर एक संकरी कच्ची राह बना दी गई है, जो रात में और बरसात के दिनों में बेहद जोखिम भरी साबित होती है।

इसी लापरवाही का शिकार हुआ दोहरीघाट कस्बे का रहने वाला 35 वर्षीय पूरन साहनी, जो शनिवार शाम बड़हलगंज से सामान लेकर सिकरीगंज की ओर जा रहा था। उसके साथ गजहड़ा निवासी अनिल यादव भी मौजूद था, लेकिन गोला कस्बे के चंद चौराहे पर उतर जाने के बाद पूरन साहनी अकेले सफर पर था। जैसे ही वह निर्माणाधीन पुलिया के पास पहुंचा, अंधेरा और बिना सुरक्षा संकेतों वाले खतरनाक मोड़ पर वैन अनियंत्रित हो गई और सीधे पुलिया की खुदाई वाले गहरे गड्ढे में जा गिरी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के एयरबैग खुल गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना स्थल पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने आनन-फानन में चालक को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह हादसा लापरवाह निर्माण व्यवस्था और पूरी तरह असुरक्षित कार्य शैली का नतीजा है। सड़क पर कोई बैरिकेडिंग नहीं, नाइट वॉर्निंग लाइट्स का अभाव, कार्यस्थल पर मानक सुरक्षा नियमों की अनदेखी और यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था बेहद कमजोर—इसी ने मिलकर यह बड़ा हादसा कराया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सुरक्षा इंतजाम नहीं बढ़ाए गए तो प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया जाएगा। आरोप यह भी है कि ठेकेदार और संबंधित विभाग सिर्फ काम पूरा दिखाने में जुटे हैं, लेकिन लोगों की जान की कीमत उनके लिए शून्य है। निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा उपकरण और संकेत व्यवस्था न होना सरकारी मानकों का खुला उल्लंघन है।

### शिक्षक विधायक ने फीता काटकर किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बे के मथुरा नगर वार्ड नंबर 06 में रविवार को श्रीकृष्ण फार्मेसी का उद्घाटन शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने किया। शिक्षक विधायक ने कहा कि मरीजों को अब दूर नही जाना पड़ेगा ।मेडिकल स्टोर खुलने से लोगो को ज्यादा मदद मिलेगा। श्रीकृष्ण फार्मेसी के संचालक प्रियांशु त्रिपाठी को बधाई भी दिया। संचालक प्रियांशु त्रिपाठी ने कहा कि एम्स की दवा लोगों को लेने के लिए लखनऊ जाना पड़ता था लेकिन अब यही उपलब्ध रहेगा मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने का काम करेंगे। इस अवसर पर सभासद मयंक पांडेय, हरिशंकर सिंह, मनीष पांडेय, अरुण त्रिपाठी, रामेश्वर पांडेय, मुजीब, आलोक दूबे आदि मौजूद रहे।

## आई एम ए की आम सभा की बैठक संपन्न

**●डॉ. संजीव अग्रवाल अध्यक्ष व डॉ. नवेंदु राय चुने गए सचिव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) देवरिया की जनपदीय इकाई की वार्षिक आमसभा और चुनाव शनिवार देर शाम एक प्रतिष्ठान में संपन्न हुआ जिसमें डॉ. संजीव अग्रवाल अध्यक्ष, डॉ. नवेंदु राय सचिव, उपाध्यक्षः डॉ. संतोष कुमार आनंद, कोषाध्यक्षः डॉ. अरविन्द मिश्रा, सह सचिवः डॉ. रवि जायसवाल व डॉ. करण अरोड़ा चुने गए। यह चुनाव वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ. विनोद राय, डॉ. एच.सी. अरोड़ा, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. भरत उपाध्याय और अन्य सदस्यों की देखरेख में सम्पन्न हुआ। सभा में देवरिया कॉन-2025 में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया जिसमें डॉ. वरेश नागरथ, डॉ. अरविन्द मिश्रा, डॉ. प्रमोद त्रिपाठी, डॉ. दिव्या त्रिपाठी, डॉ. पवन त्रिपाठी, डॉ. उमाकांत पांडेय, डॉ. अश्वनी पांडेय, डॉ. संजय गुप्ता समेत कई डॉक्टर शामिल रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. अनिल गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने क्षय रोग नियंत्रण से जुड़े सरकारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. एनपी सिंह, डॉ. सुभाष गुप्त, डॉ. डीएस सिंह, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. सुजाता मिश्रा, डॉ. सुमन गुप्ता, डॉ. पवन अरोड़ा, डॉ. ओमकार मिश्रा, डॉ. अमीर होदा सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद रहे।

### ससुरालियों से प्रताड़ित हुयी महिला ने दर्ज करायी एफआईआर

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम समोगर निवासी मानसी बिल्थरे ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 15 जुलाई 2024 को शिवम देवलिया पुत्र अशोक देवलिया के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर शादी की थी, उसी समय से उसके ससुरालीजन में पति शिवम, सास उमा वैद्य, जेठ अम्बेश देवलिया आये दिन प्रताड़ित करते हुए उसे शादी में पिता द्वारा दिये गये 51 हजार रुपये का उलाहना देने लगे। आरोप है कि उसे समोगर में मारपीट कर पैरों में झाड़ू मारी, मुंह में मिट्टी भरी और महरौनी में भी कमरे में बंद कर मारपीट की गयी। तब उसने अपने पिता को बुलवाया मैं अपने पापा के साथ शाहगढ़ अपने मायके गयी थी। उसके बाद उसके माता-पिता ने मुझे उसकी ससुरालवालों के कहने पर उसकी बुआ के घर ग्राम पठा विजैपुरा भेज दिया, तब से लेकर आज तक उक्त ससुराली उसे धमका रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 85, 127 (2) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3ध्4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक का ईलाज के दौरान मौत



**●परसामलिक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित परसामलिक थाना क्षेत्र के नौडिहवा चौराहे पर बीते 8 नवम्बर की शाम थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी निवासी राजकमल अपने बाईक पर अपने दोस्त अजय कुमार गौतम पुत्र बलिराम उम्र (30) के साथ कुछ सामान खरीदने के लिए जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रही एक बाईक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार अजय कुमार पुत्र बलिराम गम्भीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों की मदद से घायल युवक को सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल युवक को नेपाल के भैरहवा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाए जहां ईलाज चल रहा था। बीते शनिवार की रात हालत बिगड़ी जिससे उसकी मौत हो गई। शव घर पहुंचा तो परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची परसामलिक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। मृतक के बड़े भाई जनक, राजू, शैलेश तथा मृतक की पत्नी पूजा व एक वर्ष की पुत्री है। पति की मौत के बाद पत्नी पूजा व माता सोना देवी व भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## विश्व हिंदू महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन गोरखपुर में सम्पन्न

**●सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, समाज सेवा और संगठन विस्तार पर विशेष जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** विश्व हिंदू महासंघ का बहुचर्चित प्रांतीय अधिवेशन रविवार को बाबागंभीरनाथ प्रेक्षा ग्रह में अत्यंत उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच गरिमामय तरीके से सम्पन्न हुआ। प्रदेशभर से आए सैकड़ों पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति प्रतिनिधियों, युवाओं और समर्थकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। पूरे परिसर में वंदेमातरम्, भारत माता की जय, जय श्रीराम जैसे उद्घोषों से वातावरण राष्ट्रभक्ति और सनातनी आत्मगौरव की भावना से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने की, जबकि मंच पर जिलाध्यक्ष राजेश्वरी, मातृशक्ति प्रदेश अध्यक्ष गंगाधकर, प्रदेश उपाध्यक्ष नीला



श्रीवास्तव, महामंत्री सपना श्रीवास्तव, आशा शर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिवेशन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगीत एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। इसके बाद संगठन के विस्तार, सेवा कार्यों, संस्कार आधारित सामाजिक पुनर्रचना और राष्ट्रहित की दिशा में भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि 'संगठन का उद्देश्य केवल धर्म प्रचार तक सीमित नहीं, बल्कि हिंदू समाज की रक्षा, संस्कारों का संवर्धन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना है।' उन्होंने युवाओं को सामाजिक दायित्व के साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करने और मातृशक्ति को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा आधार बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आज जरूरत हथियारों से नहीं बल्कि चरित्र, शिक्षा, संस्कार और एकता की शक्ति से लड़ने की है। वक्ताओं ने हिंदू समाज को आपसी मतभेद छोड़कर एक मंच पर आने, परंपराओं के संरक्षण, गौ-सेवा, शिक्षा, धर्मस्थलों के संरक्षण, नशामुक्ति, कमजोर वर्गों की सहायता और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। मातृशक्ति प्रकोष्ठ की प्रतिनिधियों ने नारी सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और हिंदू संस्कार आधारित परिवार निर्माण पर जोर दिया। वहीं युवा वक्ताओं ने गौरवशाली इतिहास के अध्ययन और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। सभा में संगठन की आगामी कार्ययोजना, ग्राम स्तरीय इकाईयों के गठन, महिला एवं युवा प्रकोष्ठों को सशक्त बनाने तथा सेवा, संस्कार व सांस्कृतिक गौरव आधारित अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अंत में राष्ट्रहित, एकता और हिंदू समाज की उन्नति के संकल्प के साथ अधिवेशन वंदेमातरम् व शांति मंत्र के साथ सम्पन्न हुआ।

## आशिक और पत्नी ने मिलकर पति का गला रेता: हालत नाजुक, जिला अस्पताल हुआ रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के थाना उरुवा के ग्राम दुघरा में अवैध संबंध के चलते आशिक और पत्नी मिलकर पति का गला रेत कर हत्याकरने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। गंभीर हालत में घायल पति को पी एच सी उरुवा लाया गया जहां स्थित नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम दुघरा निवासी प्रदुम उर्फ चैतु पुत्र दूधनाथ चौरसिया, के पत्नी का प्रेम प्रसंग गोला थाना क्षेत्र के डीहवा निवासीअंकित चौरसिया, के साथ चल रहा था। पति को पत्नी और अंकित के रिश्ते पर संदेह था, जिसे लेकर अक्सर घर में विवाद होता रहता था।सूत्रों के अनुसार रविवार की दोपहर मे मौका पाकर पत्नी ने अपने प्रेमी अंकित के साथ मिलकर रस्सी से बांधकर प्रदुम उर्फ चैतू पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और उसका गला रेत दिया। घायल की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग



मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल हालत में उसे उरुवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ से डॉक्टरों ने उसे गोरखपुर रेफर कर दिया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और छानबीन शुरू कर दी। प्रेमी अंकित चौरसिया प्रेमिका पत्नी दोनों पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है, लोग दंपती रिश्ते और बढ़ते अवैध संबंधों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएँ कर रहे हैं। घायल पति प्रदुम उर्फ चैतू चौरसिया की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### एम्बुलेंस ईएमटी व पायलट ने बचायी युवक की जान

**ललितपुर।** शाम की शाम करीब शाम 6 बजे थाना ललितपुर क्षेत्र अंतर्गत मैलवाराखुर्द निवासी 40 वर्षीय जगदीश राय पुत्र कनाई ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जगदीश की हालत बिगडने पर परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस के लिए फोन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस संख्या यू.पी.32 ई.जी. 4288 में समय प्राथमिक उपचार दिया। ईएमटी हरिशंकर व पायलट अखिलेश ने मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुए सावधानीपूर्वक जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां रास्ते में ईएमटी जगदीश की स्थिति पर निगरानी रखे रहे और आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की। एंबुलेंस टीम की तत्परता और तेजी के चलते मरीज को जिला अस्पताल में सुरक्षित भर्ती करा दिया गया, जहां आगे का उपचार जारी है। एंबुलेंस कर्मचारियों की त्वरित सेवा से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

## लूटकांड का खजनी पुलिस 24 घंटे बाद भी बदमाशो के सुराग लगाने मे हाथ खाली, लोगों में आक्रोश

**●घटना स्थल चौकी उनवल से मात्र 200 मीटर एवं पीकेट 100 मीटर पर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी-** गोरखपुर खजनी थाना के उनवल चौकी अंतर्गत नगर पंचायत उनवल में शनिवार शाम महिला से असलहा ठोंककर हुई लूट की घटना के बाद भी पुलिस की कार्रवाई बेहद सुस्त नजर आ रही है। वारदात को करीब 12 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो किसी संदिग्ध को पकड़ सकी है, न ही इलाके में कोई सर्च ऑपरेशन प्रभावी रूप से चलाया गया। इससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। पीड़ित महिला जमीला की हालत अब भी सामान्य नहीं बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी, लेकिन आधे घंटे तक कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे लोगों में यह



सवाल उठ रहा है कि आखिर बदमाशों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? इलाके में रहने वाले लोगों ने बताया कि बदमाशों को अंधेरे का फायदा मिला। घटना के बाद मोहल्ले में भय का माहौल है और महिलाओं में विशेष रूप से दहशत है।

उधर, थानाध्यक्ष खजनी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। हालांकि रविवार सुबह तक किसी ठोस सुराग का खुलासा नहीं हो सका था। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, लाइटिंग सुधारी जाए और बदमाशों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### प्रोजेक्ट नई किरण ने एक परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया। एक परिवार खुशी-खुशी साथ- साथ रहने को तैयार हो गये, वहीं 05 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डा.संजीव शर्मा, एड. अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन, महिला आरक्षी आराधना आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वारदात: जमालपुर में लाखों की चोरी

**●पीड़ित एक सप्ताह से लगा रहा चौकी के चक्कर**

**पुलिस ने अभी तक नहीं दर्ज किया मामला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** क्षेत्र में चोरी और टप्पेबाजी की बढ़ती घटनाओं से बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। बड़े मामलों के खुलासे न होने से अपराधियों का हौसला इस कदर बढ़ गया है कि ग्रामीण अब खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। ताजा मामला तेरई फाटक चौकी क्षेत्र के ग्राम जमालपुर का है, जहां एक सप्ताह पूर्व चोरों ने लाखों रुपए की नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया, लेकिन पुलिस आज तक एफआईआर तक दर्ज नहीं कर सकी। जमालपुर निवासी राकेश साहू पुत्र नाथूराम साहू ने तेरई फाटक चौकी इंचार्ज को दिए शिकायती पत्र में



बताया कि घटना 12 नवंबर की रात (मंगलवार-बुधवार) की है। वह बच्चों के साथ एक कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने दूसरे कमरे का ताला तोडक़र बिस्तरों व कपड़ों में छिपाकर रखी 2 लाख 60 हजार रुपए नकद, सोने का हार, मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान के भाला, करदौनी चांदी, यहां तक कि बच्चों की गुल्लक तक चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि चोर जिस कमरे में वह सो रहे थे, उसके बाहर कपड़ा बांधकर दरवाजा बंद कर गए थे। कमरे में रखी उर्दू और मूंग की दाल को फैला कर पूरा घर खंगाल डाला। सुबह जब परिवार की नींद खुली, तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला, जिसे किसी तरह खुलवाया गया, तब चोरी का पता चला। पीड़ित राकेश साहू का कहना है कि घटना के बाद से वह लगातार चौकी और कोतवाली के चक्कर लगा रहे हैं,लेकिन अब तक न तो मामला दर्ज किया गया और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई। इससे ग्रामीणों में भी पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

**बड़ी वारदातों की गुत्थी सुलझाने में पुलिस नाकाम**

क्षेत्र में हुई करोड़ों की चोरी और टप्पेबाजी की बड़ी घटनाओं को महीनों बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। अधिवक्ता प्रदीप जैन के घर हुई बड़ी चोरी हो या व्यवसायी की मां से 12 लाख की टप्पेबाजी, दोनों मामलों में पुलिस कोई सुराग नहीं जुटा सकी है। इसी तरह नगर एवं खांदी क्षेत्र में करीब एक दर्जन चोरियां हो चुकी हैं, जिनमें स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता साफ झलकती है। लगातार हो रही वारदातों और कार्रवाई के अभाव ने क्षेत्रवासियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नशामुक्त गांव बनाने के लिए पंचायत ने लिए कड़े निर्णय

**●विकासखंड महरोनी के ग्राम पडवां मे आयोजित की गयी सर्वसमाज की महापंचायत**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** वर्तमान मे ललितपुर जनपद के ग्रामीण क्षेत्र मे नशाखोरी के बढ़ते चलन को लेकर ग्रामीणों मे आक्रोश देखा जा रहा, वहीं गाँवो मे किराने की दुकानों पर अवैध तरीके से बिक रही शराब को लेकर भारी गुस्सा है। सरकारी शराब के ठेको पर जब देर रात दस बजे के बाद सुबह दस बजे तक शराब का बिकना बंद हो जाता तब रात भर किराने की दुकानों पर शराब उपलब्ध रहती है ऐसे मे शराब के आदी लोग पूरी रात किराने की दुकानों से शराब खरीदकर पीते है और नशे मे धुत होकर गाँवो की गलियों, चौराहो पर खुलेआम उत्पात मचाते देखे जाते है, इतना ही नहीं वह अपने घरों मे भी परिजनों की मारपीट करते रहते है।

इन परिस्थितियों से तंग आकर जनपद के गाँवो मे अब नशामुक्ति को लेकर अभियान शुरू हो गया है, जनपद के दर्जनों गाँवो मे पंचायतो का आयोजन हो रहा है जिसमे गाँव गांव के सर्वसमाज के लोग, महिलाये एक जुट हो रहे है और पंचायत के लोग शराबियों को लेकर कड़े निर्णय ले रहे है। जनपद के गांव मे चल रही नशामुक्त गांव बनाने की इस मुहिम मे विकासखंड महरोनी के ग्राम पडवां मे रविवार को सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गयी जिसमे पंचो ने व ग्रामीणों ने शराबियों को समझाया व उन्हें नशा छोडने हेतु प्रेरित किया इस दौरान पंचायत मे विभिन्न कड़े प्रस्ताव पारित हुए। पंचायत ने पहला निर्णय लिया कि यदि कोई ग्रामीण गांव मे अवैध तरीके से शराब, गांजा जैसी नशीली चीजों की बिक्री करता पाया जाता है तो उस व्यक्ति से इक्यावन हजार का अर्थ दंड वसूला जायेगा और उसका पांच वर्ष के लिए सर्वसमाज से बहिष्कार किया जायेगा। अर्थदंड अदा नहीं करने पर गांव के लोग उसपर कानूनी कार्यवाही कराएंगे। पंचायत ने दूसरा निर्णय लिया कि यदि कोई व्यक्ति नशे मे धुत होकर गांव के सार्वजनिक स्थलों मोहल्ले, चौराहे, स्कूलों के आसपास उत्पात करता पाया जाता है तो उसपर इक्यावन सौ रुपये का अर्थदंड लगाया जायेगा और उत्पात करने वाले शराबी का समर्थन व संरक्षण देने वाले व्यक्ति पर ग्यारह हजार का अर्थदंड लगाया जायेगा। पंचायत में तीसरा निर्णय यह लिया गया कि ग्राम का कोई व्यक्ति यदि शराब पीकर उत्पात करता हुआ दिखे तो ग्रामीण उसकी वीडियो सूट करेंगे वीडियो में दोष सिद्ध होने पर निर्धारित कार्यवाही की जाएगी। पंचायत ने चौथे निर्णय लिया कि यदि कोई व्यक्ति आगामी पंचायत निर्वाचन या अन्य चुनाव के माहौल मे शराब का वितरण कराता पाया जाता है तो उसपर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया जायेगा। पंचायत मे अंतिम निर्णय के तौर पर स्पष्ट किया गया कि अर्थदंड की वसूल की गयी धनराशि को ग्राम के स्कूलों के विकास कार्यो मे व्यय किया जायेगा। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि गांव के इच्छुक लोगो को शराबखोरी पर नजर रखने व अर्थदंड की राशि वसूलने हेतु वॉलियंटर के तौर पर कार्य करेंगे इस दौरान करीब चार दर्जन ग्रामीणों की कमेटी बनाई गयी जिसमे सर्वसमाज के लोग रखे गए। अंत मे बैठक के दौरान लिखे गए सभी प्रस्तावित बिंदु पढक़र सुनाये गए जिनपर सभी ने हाथ उठाकर समर्थन दिया। आयोजित की गयी पंचायत मे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवकुमार उर्फ सोनू राजा, पूर्व प्रधान तेजसिंह, पूर्व प्रधान रतिराम कुशवाहा, वार्ड मेंबर्स, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित ग्राम के करीब डेढ़ सौ ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद सम्मेलन में ,समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने पर हुआ विमर्श



**हमीरपुर :-** मौदहा के विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज में रविवार के दिन अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया , जिसमें जिला अध्यक्ष नरेंद्र बाजपेई द्वारा जयप्रकाश त्रिपाठी प्रवक्ता को जिला अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ तथा सुनील त्रिपाठी डंडा गुरु को जिले का संगठन मंत्री घोषित किया गया। इस सम्मेलन में अधिकांश वक्ताओं ने ब्रह्म समाज के मध्य फैली हुई अनेक प्रकार की कुरीतियों दहेज प्रथा, कन्या विवाह, निर्धन छात्रों की शिक्षा तथा वर्ण विभाजन आदि ज्वलंत समस्याओं को उठाकर उनके निराकरण के उपाय भी सुझाए। वक्ताओं का कथन था कि ब्राह्मण समुदाय में अब कन्यकुब्ज, सनाढय, जुजौतिया,करवरिया आदि का भेद खत्म कर एकता स्थापित करनी है। साथ ही सभी ब्राह्मण समान है कोई भी ब्राह्मण छोटा बड़ा नहीं है जिस दिन हम यह एकता स्थापित करने में समर्थ हो जाएंगे उसी दिन से राजनीतिक सत्तासीन नेता हमारे सम्मान के समक्ष नतमस्तक हो जाएंगे और हमें प्राचीन गौरव पुनः प्राप्त होगा। प्रमुख रूप से नरेंद्र बाजपेई जिला अध्यक्ष, आलोक अवस्थी जिला महामंत्री, राजेंद्र द्विवेदी जिला संरक्षक, अमित तिवारी दादा जिला संयोजक, बालजी पांडे जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, बृजेश बादल नगर अध्यक्ष, बच्चू द्विवेदी, रमाकांत शुक्ला आदि रहे। इस सम्मेलन में शिवकुमार पांडे भूतपूर्व ब्लाक प्रमुख, रामचंद्र शुक्ल, विनय तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बुंदेलखंड नवनिर्माणसेना , राकेश पालीवाल प्रबंधक, ब्रजकिशोर त्रिवेदी अध्यक्ष बार संघ अरविंद शर्मा, आकाश त्रिपाठी, रेवती पाठक व अजय तिवारी समेत मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी व संचालन पूर्व प्रवक्ता जगदीश प्रसाद व्यास ने किया।

### खेलकूद से बच्चों में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का होता है विकास. भैरों मिश्रा



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंस्टीट्यूट आफकंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा स्पोर्ट्स मीट का आयोजन चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के मैदान में किया गया जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी। पूर्व सांसद ने कहा कि शिक्षा के साथ.साथ खेल कूद बहुत जरूरी होते हैं खेलकूद से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों में अनुशासन की भावनाए कर्मठता और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। प्रतियोगिताओं में विधि पटेल ने बालिका वर्ग में चैंपियनशिप जीती जबकि बालक वर्ग में अनुराग तिवारी चैंपियन रहे। खेल परिणाम लंबी कूद बालिका वर्ग में विधि पटेल प्रथम मंदाकिनी द्वितीय बालक वर्ग में रेहान खान प्रथम अनुराग द्वितीय भाला फेंक में बालिका निशा प्रथम लक्ष्मी द्वितीय बालक वर्ग में हैप्पी प्रथम विश्व विलास द्वितीय कला फेक बालक वर्ग में शिव गोविंद प्रथम कृष्ण द्वितीया बालिका वर्ग में शिवानी प्रथम निशा द्वितीय 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में विधि पटेल प्रथम मंदाकिनी द्वितीय बालक वर्ग में अनुराग प्रथम प्रशांत द्वितीय 200 मीटर दौड़ में अनुराग प्रथम रेहान खान द्वितीय पालिका वर्ग में विधि पटेल प्रथम मंदाकिनी द्वितीय 400 मीटर में रशीद प्रथम रंजीत द्वितीय चंचल प्रथम पूनम द्वितीय बालिका वर्ग में गोला फेक में शिवानी प्रथम निशा द्वितीय रही। समापन के अवसर पर जिला पिछड़ा वर्ग जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया और उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं जो प्रतिभागी यहां से जीत के जा रहे हैं वह अगले की तैयारी करें जो नहीं जीते वह निराश न हों वे लोग और अच्छे से तैयारी करें। खेलने से बच्चों का मानसिक विकास होता है। निर्णायक की भूमिका में सीआईसीएसटी के प्रबंधक अशोक कुमार जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया वहीं व्यवस्थापिका कादांबरी ने सभी अतिथियों व निर्णय को शिक्षकों खिलाड़ियों का सफ्ल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।इस मौके पर निर्णायक की भूमिका में व्यायाम शिक्षक प्रेमचंद भरत तोमर श्रीकेशन श्याम सुंदर यादव कॉलेज स्टाफविनय कंचनी प्रियांकित पटेल अभिषेक आनंद धनंजय पूजा राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# नीमगांव के सिकंदराबाद कस्बें में लुटेरों ने दवा व्यवसाई के घर को बनाया निशाना

**● भागते समय पीआरडी जवान पर झोंका फायर बाल-बाल बचा पीआरडी जवान अज्ञात बदमाश फरार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी।** जिलें में अब बदमाशों के जहेन से पुलिस का इस्तकबाल समाप्त होता जा रहा है,अभी तक बदमाशों द्वारा आम नागरिकों को ही अपना शिकार बनाया जा रहा था, लेकिन अब पुलिस को भी नहीं बक्स रहे है,इससे एक बात तो स्पष्ट है कि जिलें में कानून व्यवस्था भगवान भरोसे होती जा रही है इसलिये बेखौफ बदमाश खाकी को ही निशाना बनाने लगें हैं।वहीं ताजा मामला नीमगांव थाना क्षेत्र के सिकंदराबाद में एक मेडिकल व्यवसायी के घर और दुकान पर लूट की बड़ी घटना की वारदात सामने आई है,चार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने बीती रात करीब 8:30 बजे इस घटना को अंजाम दिया। लुटेरे दुकान से करीब 1.27 की नगदी व घर से 5 लाख रुपए के जेवरात लूटकर फरार हो गए।पीड़ित व्यवसायी विकास वर्मा अमेठी ग्राम पंचायत के मडेरा गांव के निवासी हैं और सिकंदराबाद कस्बे में मकान बनाकर रहते हैं,उनके मकान के आगे ही मेडिकल एजेंसी की दुकान है,बदमाशों ने पहले दुकान का शटर बंद कर विकास वर्मा को बंधक बनाया और मारपीट कर 1.27 लाख रुपए नकद लूट लिए।इसके बाद लुटेरे विकास को दुकान के पीछे बने उनके घर ले गए। वहां उन्होंने विकास के परिवार के सदस्यों को भी बंधक बना लिया,बदमाशों ने घर से करीब 5 लाख रुपए के जेवरात पर हाथ साफ किया।सूत्रों के मुताबिक,घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची,पुलिस ने लुटेरों का पीछा भी किया और उन्हें दौड़ा भी लिया,लेकिन बदमाश ने दौड़ा रहें पीआरडी जवान पर फायर झोंका दी जिससे पुलिस के हाथ से निकलकर



फरार होने में बदमाश कामयाब रहे।कस्बें के मार्केट में शाम को लुटेरों के द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया जिससे थाना क्षेत्र में सनसनी फैला गई, हुई घटना लूटपाट से व्यापारियों में काफी आक्रोश व्यक्त हैं। **वर्जन-** नीमगांव थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार मौर्य ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

### हाईस्कूल की छात्रा ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**हमीरपुर:-** हाई स्कूल की छात्रा ने अपने ही घर में शनिवार की दोपहर बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया वहीं कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिक्का गांव की अधीक्षा (16 वर्ष)पुत्री शिवकुमार ने शनिवार की दोपहर बाद अपने ही घर में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर छत के कुंडे में बांधकर झूल गई यह मंजर देख परिजनों के होश उड़ गए आनंन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया सदर अस्पताल में इलाज के दौरान स्कूली छात्र की मौत हो गई।

मौत की खबर सुनते ही मां दहाड़ मारने लगी मोहल्ले में मातम का माहौल हो गया कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के पिता शिवकुमार ने बताया की अधीक्षा नगर के एक विद्यालय में हाई स्कूल की छात्रा थी शनिवार की दोपहर बाद दुपट्टे से फंदा लगाकर झूल गई मृतक चार बहनों में पहले नंबर की थी अपने पीछे तीन बहने और माता-पिता को रोता बिलखता छोड़ गई वहीं कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया रिपोर्ट आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रिठौरा में राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम का हुआ गठन,कमल कश्यप बने अध्यक्ष



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने नगर में नयी कमेटी का गठन किया इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमपाल सोलंकी ने कमल कश्यप अध्यक्ष, सत्यम कश्यप महामंत्री मनोनीत किए गए।इस दौरान श्री सोलंकी ने कहा हम हम सनातन धर्म और हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।आज हिंदू खतरे में है। आए दिन हिंदू बहन- बेटियों पर हमले होते हैं ।हिंदुओं को मारा जाता है ।अगर हम सब हिंदू मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ करेंगे ।तब ही हिंदू सुरक्षित रहेगा ।राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने कहा आए दिन भारत जैसे देश में हिंदू बहन -बेटियों को लव जिहाद का शिकार बनाया जाता है ।हमारी गौ माताओं को जिहादी मानसिकता वाले लोगों के द्वारा गौ माता को काटा जाता है। इसे रोकने के लिए डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया संस्थापक अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व में पूरे भारतवर्ष में संगठन कम कर रहा है।इस दौरान अमित कुमार गंगवार , ऋतु वर्मा , विवेक गंगवार, वीरेंद्र गंगवार,उदय , राजीव, अमित,राज,अजय सौरभ, सुमित, जितिन ,विशाल,विनायक, विशाल,सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आबकारी इंस्पेक्टर व स्थानीय पुलिस की मनमानी से बिक रही जहरीली शराब

**मैगलगंज खीरी।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भले ही सोच रहे हो कि हमारे शासन में सबका साथ सबका विकास हो रहा है तथा सब सही चल रहा है हर व्यक्ति खुशहाल है और हमारे आदेश का पालन अधिकारी गण कर रहे हैं लेकिन स्थिति इसके ठीक विपरीत है आबकारी इंस्पेक्टर व स्थानीय पुलिस की मेहरबानी के चलते नकली शराब कारोबारी गांव-गांव में देशी जहरीली शराब निकालकर दिन-रात बेचते हुए देखे जा सकते हैं नाम न छापने की शर्त पर एक शराब निकालने वाले ने बताया कि हम लोग स्थानीय पुलिस तथा आबकारी इंस्पेक्टर को पैसा देते हैं और गुणवत्ता के बारे में भी बताया कि हम लोग इस शराब को बनाने के लिए समालु पेड़ की छाल व पत्तियां तथा नदी के किनारे पाए जाने वाले जहरीले पौधे व यूरिया तथा दूध निकालने वाले इंजेक्शन का प्रयोग करते हैं यह सब डालने से एकदम जहरीली शराब तैयार करके बेचते हैं जिसे पीने के बाद आदमी दूसरे दिन फिर लेने के लिए आता है पुलिस को पैसा देने के बाद भी हम लोग काफी कम रुपए में शराब बेच देते है।

## कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज खीरी।** के विकासखंड मितौली क्षेत्र स्थित राजकीय हाई स्कूल चुरई पुरवा में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर के मुख्य अतिथि अतुल कुमार अग्निहोत्री की उपस्थिति में सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक विष्णु शंकर बाजपेई ने किया।मेले में उपस्थित अध्यापकों और अतिथियों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और अपने कौशल को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। वक्ताओं ने कहा कि अच्छी पढ़ाई के माध्यम से ही छात्र एक बेहतर कैरियर बना सकते हैं, जिससे समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता आएगी और समाज आगे बढ़ेगा।वहीं पंकज कुमार गौतम ने कैरियर गाइडेंस के तहत छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने अच्छे भविष्य के लिए पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अध्यापकों द्वारा बताए गए कार्यों का पालन करने और नियमित रूप से विद्यालय आने की सलाह दी, ताकि उन्हें शिक्षकों से हर तरह की



जानकारी मिलती रहे। उन्होंने शिक्षा के सही समय-प्रबंधन पर भी जोर दिया, जिससे छात्र एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकें।इस दौरान, अध्यापकों और अतिथियों ने छात्राओं की 'पंख डायरी' की जाँच की, जिसमें उन्होंने अपने भविष्य के लक्ष्य लिखे थे। छात्रा मोहिनी सिंह ने अपनी डायरी में लिखा कि वह पुलिस बनकर महिला सुरक्षा का कार्य करना चाहती हैं। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर सरकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिनमें उन्हें अपनी सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी जाती है।इस कार्यक्रम में अतुल कुमार , उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरईपुरवा के आनंदपाल,विष्णु शंकर बाजपेई पंकज कुमार गौतम,रोहित कुमार अर्कवंशी सहित विद्यालय के अन्य अध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कुशीनगर की टीम रही विजयी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** सिंगाही की सरजमीं पर आठ दिन से खेले जा रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच कुशीनगर और गोरखपुर की टीमों के मध्य खेला गया। कुशीनगर ने जीत कर टूर्नामेंट के कप पर कब्जा कर लिया। पुरस्कार वितरण सांसद अजय मिश्र टेनी ने किया। प्रत्येक वर्ष की भातिं इस बार भी कस्बे में आयोजित महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के 102वें आयोजन के फाईनल मैच में पहुंचे मुख्यातिथि पूर्व गृहराज्य मंत्री/सांसद अजय मिश्र टेनी का टूर्नामेंट के महामंत्री शिखर तिवारी ने वेलकम बैच लगाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर एमकेएम पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सांसद अजय मिश्र टेनी ने सिंगाही मे टूर्नामेंट कराने वाली कमेटी का आभार जताया। श्री टेनी ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबाल मे किक



मारकर मैच शुरू करवाया। जिसके बाद कुशीनगर और गोरखपुर के बीच फाइनल मैच खेला गया। दोनो टीमों के बीच कड़ा मुकाबला चला।खेल के 90 मिनट में दोनों टीमें कोई गोल नही कर पाई। ट्राईब्रेकर में कुशीनगर की टीम ने फाइनल मुकाबला 7/6 से जीत लिया। विजेता टीम को गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने 51 हजार रुपये की नगद राशि व ट्राफी वितरण किया वार्ड नं पांच के सभासद राहुल गुप्ता की तरफ से स्वर्गीय जगन्नाथ गुप्ता की स्मृति में एक ट्राफी विजेता टीम को दी गई। इसके अलावा चल वैजंती ट्राफी डॉ एमआर सेठी, प्रदीप पुरवार, राजेश गुप्ता के द्वारा दी गई। टूर्नामेंट में थानाध्यक्ष अजीत कुमार के साथ पुलिस स्टाफ़ उपस्थित रहा। इस मौक पर विक्रमेन्द्र भल्ला, डॉ एमआर सेठी, डॉ रवि पन्त, सुनील बत्रा, रामनरेश गुप्ता, डॉ एन यू खान, डॉ यदुवेंद्र अवस्थी, श्याम मोहन दीक्षित, विवेक श्रीवास्तव, रमाकांत जायसवाल, प्रभात शुक्ला सहित सभी सिंगाही के खेल मैदान के चारो पाटी पर एक पैर से खडे दर्शक लाखो की तादात में टूर्नामेंट का आनंद लिया ।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 बिखरते परिवार को काउंसलिंग के जरिए बचाया

**● चार बच्चों के पिता की शराब की लत के कारण मारपीट में मोबाइल तोड़ने के कारण बिखरते परिवार को बचाया काउंसलिंग के जरिए**

**महिला थाने पर दस जोड़े परिवार की काउन्सलिंग कराके टूटने से बचाया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** 16 नवंबर 2025 रविवार, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान जनपद में चलाया जा रहा है, जिंसके अन्तर्गत थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला ने काउंसलर के सहयोग से अभियान चला कर महिलाओं को जागरूक किया, एवं बिखरते परिवारों को जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक काउंसलर कय्यूम ज़रवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थनापत्रों में काउंसलिंग की गयी है **केस संख्या-1** जनपद सीतापुर के थाना लहरपुर के अन्तर्गत ग्राम अम्बा निवासी अनीता ने अपने पति गुड्डू के विरुद्ध देकर शराब पीकर नशे में धुत्त होकर मारने पीटने का आरोप लगाया था , दोनों पति-पत्नी के संसर्ग से 04 बच्चे भी है ,दोनों में में लड़ाई झगडा होता रहता था , प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ने उक्त मामले के पक्षकारों को बुलाकर सुलह समझौता कराने के निर्देश महिला आरक्षी बबली पवार को दिया था , महिला आरक्षी बबली पवार ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर थाना प्रभारी व काउंसलर के समक्ष उपस्थित कराकर काउंसलिंग कराई जिस पर दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने के लिए तैयार होकर पुनः पति अपनी पत्नी और बच्चे को अपने साथ ले गया ! **केस संख्या 02** थाना कोतवाली के अन्तर्गत ग्राम मीरपुर निवासी श्रीमती राजकुमारी व ग्राम टीकापुरवा रहने वाले राहुल वर्मा का बिबाह दस वर्ष पूर्व हुआ था , दोनों के संसर्ग से एक बच्चे भी हैं आपसी कलह होने के कारण राजकुमारी लगभग 06 वर्ष से अपने मायके रही थी, दोनों में आपसी सामंजस्य अच्छा नहीं था, राजकुमारी ने अपनी शिकायत देकर शिकायत की उसका पति उसको मेल व फोन द्वारा प्रताड़ित करता था आज प्रातः फोन करके मानसिक प्रताड़ित किया है, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना से की थी जिसपर महिला आरक्षी सुमन लता को दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह समझौता के उपस्थित कराने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ने दिया था जिस पर महिला आरक्षी सुमन लता ने पक्षकारों को महिला थाने पर बुलाया सुलह का प्रयास प्रभारी निरीक्षक महिला थाना व काउन्सलर के समक्ष कराया गया पति के द्वारा पुनः कभी प्रताड़ित न करने के आश्वासन पर पत्नी राजकुमारी ने कोई कार्रवाई पति पर नही की है !थाने पर हुई बैठक में काउन्सलर के सहयोग से 10 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है,05 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है,इस अवसर पर महिला थाने की महिला आरक्षी सुमन लता, बबली पवार , सारिका चौहान, एवं पक्षकारों के परिवारिजन भी उपस्थित रहे जिन्हें अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0के तहत महिलाओं के हेल्पलाइन नंबर अन्य योजना कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित पेंशन योजना, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### हनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा और शोभायात्रा

**नैनी, प्रयागराज।** शहर उत्तरी के विधायक इं.हर्षवर्धन बाजपेई के आवास पर नवनिर्मित मंदिर में रुद्रावतार हनुमान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूजन, सुंदरकाण्ड पाठ एवं भण्डारे का तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया गया है। मंगलवार 18 नवंबर को शोभायात्रा सुबह दस बजे निकाली जाएगी। बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा पूजन होगा। शनिवार को शाम पांच बजे से विधायक आवास पर ही सुंदरकाण्ड, भजन संध्या एवं विशाल भण्डारा होगा। इस संबंध में अपने आवास पर रविवार को आयोजित बृहद बैठक में विधायक ने सभी नगरवासियों को इस धार्मिक अनुष्ठान में आमंत्रित किया है। इसकी व्यापक स्तर पर तैयारी प्रारंभ है। बैठक में संभ्रांत वरिष्ठ नागरिक, नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विद्या निकेतन में बाल दिवस बौद्धिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओ के साथ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 14 व 15 नवम्बर 2025 स्थानीय विद्यालय वि0कु0स्मा0 सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ-खीरी में दो दिवसीय बौद्धिक प्रतियोगिताओ एवं खेलकूद प्रतियोगिताओ के साथ बच्चों का बाल दिवस हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे से से 3.00 बजे तक नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने म्यूजिकल चेयर , चेस प्रतियोगिता, रुमाल छू, खो-खो, बैडमिंटन, रस्साकसी, मेढक दौड़, आदि तथा द्वितीय दिवस में हिन्दी एवं अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता , चित्रकला प्रतियोगिता में बड़े उत्साह एवं हर्ष से भाग लिया तथा विजयी होकर पुरस्कार के पात्र बने। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कौशल किशोर मिश्रा व शारीरिक



शिक्षा प्रमुख महेन्द्र नाथ पाठक एवं अन्य शिक्षक/ शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में खेलकूद प्रतियोगिताओं को निर्धारित समय/पाली के अनुसार सुचारु रूप से संपन्न कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने बाल दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

## धान खरीद में बड़ा खेल- सरकारी रेट पर नहीं बिक रहा किसानों का धान

**● रोशननगर सहकारी समिति केंद्र पर खुलेआम हो रही धांधली।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सावधान हो जाएँ किसान भाइयों ङआपका धान सरकारी रेट पर बिकने वाला नहीं है। सरकार ने किसानों की उपज खरीदने के लिए तहसील भर में कई धान क्रय केंद्र स्थापित किए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। रोशननगर सहकारी समिति में लगाए गए बी-पैड धान खरीद केंद्र की स्थिति बेहद संदिग्ध बताई जा रही है। स्थानीय किसानों के अनुसार न तो केंद्र पर कोई बैनर लगा है और न ही किसानों का धान खरीदा जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि कागजों पर धान खरीद दिखाकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जबकि वास्तविक खरीद शून्य है।बताया जाता है कि एक किसान जब अपना धान लेकर रोशननगर केंद्र पहुँचा तो केंद्र प्रभारी दीप सिंह यादव ने उसे सीधे गोला की एक राइस मिल पर भेज दिया, यह कहते हुए कि इस सेंटर की तौल वहीं होती है। किसान ने मजबूरी में अपना धान राइस मिल पर तौलवा भी दिया, लेकिन अब उसे सरकारी रेट नहीं दिए जा रहे हैं। किसान का आरोप है कि केंद्र और मिल के बीच सेटिंग करके धान की अवैध खरीद-फरोख्त का खेल चलाया जा रहा है, जबकि किसानों को सरकारी मूल्य से वंचित किया जा रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रोशननगर सहकारी समिति केंद्र की तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों के साथ हो रहा यह बड़ा खेल बंद हो सके।

### बाराचवर स्थित विशेश्वनाथ में अज्ञात चोरो ने बैटरी,इनवटर समेत सोने के मांग टीका पर किया हाथ साफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाजीपुर।** बाराचवर स्थित विशेश्वनाथ मंदिर में अज्ञात चोरों ने शनिवार की देर रात्रि मंदिर का ताला तोड़ बैट्री, इनवटर, माइक समेत सोने के मांग टीका पर हाथ साफ कर दिया । इस घटना का पर्दाफाश तब हुआ जब रविवार की अलसुबह ग्रामीण पुजा करने पहुंचे। बाराचवर के ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी । सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल कर थाने को सूचित कर दिया । बाराचवर के पुरापर निवासी परमहंस सिंह ने बताया की इस घटना की जानकारी हम लोगों को आज सुबह तब हुई जब लोग मंदिर में पुजा करने पहुंचे इस दौरान मंदिर के गेट का ताला तोड़ गर्भगृह में प्रवेश कर चोरों ने मंदिर में रखे बैट्री इनवटर समेत मां



दुर्गा को चढ़ायें गये मांग टीका पर हाथ साफ कर दिया है । इस संबंध में करीमुद्दीनपुर थाना प्रभारी ने बताया की सूचना मिलने के उपरांत मौके पर बीट प्रभारी को मौके पर भेज दिया गया । लोगों के तरफ से अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है । जल्द ही इस चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

## उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का संकीर्तन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला नगर के समीपवर्ती कंजादेव स्थान पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति गोला द्वारा उत्पन्ना एकादशी के उपलक्ष्य पर खाटू श्याम मंदिर में एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्तपश्चात मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरा हुआ था, और गणेश स्तुति से संकीर्तन हुआ शुभारंभ जिसमें कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्त खाटू श्याम के भजनों पर झूमते-नाचते नजर आए। सुंदर-सुंदर भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। जिसमें, *श्याम श्याम बोल सब दुख कट जाएंगे,, दीवाना तेरा आया बाबा तेरी नगरी में,, अरे द्वारपालो कन्हैया से कहे दो के दर पे सुदामा गरीब आ गया है*,जैसे भावपूर्ण भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पौराणिक कथा अनुसार जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में थे, तब मुर नामक राक्षस ने उन पर वार करने की कोशिश की लेकिन उसी समय भगवान की देह से देवी एकादशी का जन्म हुआ और उन्होंने मुर का वध कर दिया। कहते हैं उसी दिन से यह तिथि उत्पन्ना एकादशी के नाम से प्रसिद्ध हुई। कहते हैं जो भी भक्त इस व्रत को करता है उसके जीवन के सारे अंधकार दूर हो जाते हैं।10 हजार वर्ष तक उनका युद्ध चलता रहा किंतु मुर नहीं मरा। थककर भगवान बद्रिकाश्रम चले गए और वहां हेमवती नाम की गुफा में आराम करने लगे। ये गुफा 12 योजन लंबी थी और उसका एक ही द्वार था। विष्णु भगवान को सोया देखकर मुर उन्हें मारने को उद्यत हुआ लेकिन तभी भगवान के शरीर से उज्ज्वल देवी प्रकट हुई। देवी ने राक्षस मुर को ललकारा और उससे युद्ध किया और उसे मौत के घाट उतार दिया।संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खाटू श्याम की भक्ति में लीन हो गए।



पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी इस संकीर्तन में सम्मिलित हुए और खाटू श्याम के जयकारों से मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया।कार्यक्रम का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने भक्तों को श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया और सभी ने बड़े ही श्रद्धा-भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत( बोझिया वाले) महामंत्री अजय गुप्ता,संरक्षक अनिल जलोटा,अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता,मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी,बबलू जायसवाल,शिवम गुप्ता,संतोष गुप्ता,अनुराग गुप्ता, सुमित राठौर,प्रवीण रस्तोगी,रमेश वर्मा,संजय गुप्ता( बद्री स्वीट)संदीप राजपूत, अभिषेक राजपूत,जितेंद्र गुप्ता,रिशू महेश्वरी, मयंक महेश्वरी, विवेक कुमार सहित अन्य सभी सेवादार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्रीय लोगों ने पीपा पुल निर्माण कार्य शुरू कराने की उठाई मांग

**सीखड़।** दो विकास खंडों को जोड़ने वाला पीपा पुल का निर्माण अधिकारियों की उदासीनता से अधर में लटका है। जिससे क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है। सीखड़ से सिंधोरा गंगा घाट पर विगत तीन वर्षों से पीपा पुल का निर्माण कराया जा रहा है ,जिससे लोगों के आवागमन में सुविधा हो किन्तु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से हर वर्ष पीपा पुल का निर्माण काफी लेट से कराया जा रहा है। पिछले साल उक्त पीपा पुल का निर्माण इतने लेट से किया गया कि महज सत्ताइस दिन बाद समय पूर्ण होने पर उसे तोड़ दिया गया। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि इस वर्ष पीपा पुल का निर्माण समय पर हो जायेगा, पर अधिकारियों की उदासीनता से इस वर्ष भी लोगों के उम्मीद पर पानी फिरता नजर आ रहा है।आधा नवंबर माह बितने को है फिर भी पुल का निर्माण प्रारंभ नहीं किया जा सका। क्षेत्र के भुआलपुर निवासी पप्पू तिवारी ने बताया कि पीपा पुल का निर्माण न होने से ग्रामीणों को जिला मुख्यालय जाने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है, यदि समय से पुल का निर्माण हो जाता तो लोगों की समय और दूरी दोनों से राहत मिलता।वही क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से सीखड़ से सिंधोरा गंगा घाट पर पीपा पुल का अविलम्ब निर्माण प्रारंभ कराने की मांग की है।

### सुरभि शोध संस्थान में व्यंजन महोत्सव का हुआ आयोजन

**छात्रावास के छात्रों द्वारा बनाए स्वादिष्ट व्यंजनों का उपस्थित लोगों ने उठाया लुफ्त**



**चुनार मिर्जापुर।** नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में रविवार को रामकृष्ण बनवासी छात्रावास के छात्रों द्वारा व्यंजन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य आधुनिक खानपान वाले व्यंजन को बनाने में महारत हासिल करना है। जिसके तहत बच्चों का कौशोलिक एवं आर्थिक विकास हो सके। संस्थान में समय-समय पर संगीत, योग, व्यायाम, खेलकूद, कृषि, पशुपालन , सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान संस्थान के संरक्षक सूर्यकांत जालान, प्रबंधक दीपक सिंह, संयोजक अमित चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण विजय कुमार यादव, जटाशंकर, रामसागर पांडे,अमरनाथ शुक्ला शिव शंकर यादव, हनुमान प्रसाद पोद्दार इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नागेंद्र पांडे,सेठ किशोरी लाल जालान विद्यालय डगमगपुर के प्रधानाचार्य श्रुति भूषण मिश्रा, अभय सिंह, राजू गुप्ता,जगदीश गुप्ता, सौरभ पुजारी, धीरेन्द्र सिंह, किशन मोदनवाल, मनीष राय,सहित एपेक्स मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राएं, बनवासी छात्रावास के बच्चे एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित ऑटो के खंभे से टकराने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल मंडलीय चिकित्सालय रेफर




**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित महुगढ छतरिया गांव में बीते शनिवार रात आठ बजे के करीब कुत्ते को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित ऑटो खंभे से टकरा गया जिससे ऑटो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां पर मौजूद चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो लोगों को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठी धवकल निवासी अश्वनी कुमार उर्फ सनी सिंह प्रयागराज से ऑटो लेकर हलिया की तरफ जा रहे थे ऑटो जैसे ही हलिया थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित महुगढ छतरीया के पास पहुंचा कि ऑटो के सामने कुत्ता आ गया कुत्ते को बचाने में ऑटो अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गया जिससे 28 वर्षीय ऑटो चालक अश्वनी कुमार उर्फ सनी सिंह ऑटो सवार 30 वर्षीय अजय सिंह तथा एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तीनों घयलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां पर मौजूद डॉ विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद अजय सिंह तथा एक अज्ञात व्यक्ति की गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## प्रेम प्रसंग के चक्कर में परिजनों की डॉट-फटकार से ट्रेन से कटकर आत्मघाती कार्य करने जा रही 02 बालिकाओं पुलिसकर्मियों ने बचाया

**● पुलिसकर्मियों के तत्परता पूर्वक अमूल्य योगदान से जीवन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा चलाए जा रहे 'जीवनरक्षक प्रयास' के अंतर्गत दूसरों के जीवन को बचाने के निर्देशन में पुलिसकर्मियों द्वारा साहसिक कार्य करते हुए 'मानवता की मिसाल' बनकर आत्मघाती कार्य करने जा रही दो बालिकाओं की तत्परतापूर्वक जान बचाकर 'अमूल्य योगदान' प्रस्तुत करने के लिए परिजनों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। आज दिनांक 16.11.2025 को डायल 112 पर सुबह समय करीब 05.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि 02 बालिकाएं औराई क्षेत्र अन्तर्गत कटका रेलवे स्टेशन पर आत्महत्या करने के लिए खड़ी है सूचना पर प्रभारी निरीक्षक औराई मय पुलिस टीम मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी सहित मौके पर तत्काल पहुंचे और परिजनों के डांटने बोलने के कारण जान देने जा रही दोनों बालिकाओं को तत्समय ही बचा लिया गया। मिशन शक्ति केन्द्र के महिला पुलिसकर्मी द्वारा उन बालिकाओं को थाना स्थानीय के मिशन शक्ति केंद्र पर लाया गया। इन बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया। जिससे जानकारी प्राप्त हुई की दोनों नाबालिक बालिकाएं उम्र 15 वर्ष एवं 16 वर्ष द्वारा अपने पहचान के लड़कों से प्रेम प्रसंग करती है तथा शादी करने की जिद पर अड़ी थी इन्हीं बातों को लेकर परिजनों द्वारा डांट फटकार लगाया गया था। परिजनों को जरिए दूरभाष सूचित करने पर थाना स्थानीय पर आयें। पुलिस द्वारा परिजनों को समझाया गया कि बच्चों से खुले दिल से बात करें और उनकी बातों को धैर्य से सुनें, बजाय डांटने के उनकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें। उन्हें प्यार और सम्मान दें, क्योंकि यह उन्हें सुरक्षित महसूस कराता है और वे आपसे अपनी बातों को साझा करने में सहज होंगे। उन्हें यह समझाएं कि प्रेम प्रसंग एक गंभीर एहसास है और इसके लिए भावनात्मक परिपक्वता की आवश्यकता होती है। प्रेम प्रसंग के चक्कर में पड़ने से पढ़ाई और भविष्य पर असर पड़ सकता है। बच्चों को सही-गलत का फर्क सिखाएं। आजकल बच्चे सोशल मीडिया पर काफी समय बिताते हैं, जिससे उनका ध्यान भटक सकता है। इसलिए, सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर नजर रखें और उन्हें ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में भी समझाएं। उन्हें बताएं कि प्रेम प्रसंग के चक्कर में पड़ना एक गलत आदत है, खासकर जब वे अभी छोटे हैं। उन्हें प्रेम प्रसंग के चक्कर से दूर रहने के लिए प्रेरित करें, सही उम्र होने पर प्यार/शादी का फैसला खुद सुनिश्चित कर सकते हैं। ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। दोनो बालिकाओ को मिशन शक्ति केंद्र के महिला पुलिसकर्मियों के सहयोग से सभी पहलुओं पर काउंशिलिंग की गई जिससे परिजन व बालिकाएं संतुष्ट हुई और दोनो बालिकाओं को परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### यातायात पुलिस , जनपद भदोही द्वारा यातायात माह नवम्बर के दृष्टिगत जागरूकता अभियान चलाकर किया गया जागरूक



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना हेलमेट/बिना सीट बेल्ट,ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान। दिनांक 16-11-2025 को क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव सिंह के नेतृत्व में ,यातायात प्रभारी, भदोही अनिल सिंह द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चेकिंग में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट,ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध जागरूक करते हुए प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 366 दोपहिया तथा 25 चार पहिया सहित कुल 391 वाहनों का चालान किया गया व जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।

## नवागत बीएसए शिवम पांडेय ने पदभार ग्रहण कर बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र उन्नयन के प्रति जताई अपनी प्रतिबद्धता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही**/नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय ने शनिवार देर शाम कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पहुँचकर प्रभारी बीएसए विकास चौधरी से औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल से भेंट कर अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की तथा जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र उन्नयन, गुणवत्ता आधारित शिक्षा और प्रशासनिक पारदर्शिता के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की।

पदभार ग्रहण के बाद नवागत बीएसए ने कार्यालय में उपस्थित समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों तथा अन्य कार्मिकों से औपचारिक परिचय प्राप्त किया। उन्होंने विभागीय संरचना, प्रमुख योजनाओं, प्रगति रिपोर्टों, शिक्षण-सुधार कार्यों एवं समग्र आकांक्षाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी हासिल की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं, नामांकन, शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

नवागत बीएसए शिवम पांडेय एक कुशल, युवा और ऊर्जावान प्रशासनिक अधिकारी हैं, जो पूर्व में भी शिक्षा एवं विकास से संबंधित कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय दे चुके हैं। उनके आगमन से जनपद में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, पारदर्शिता और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली को नई गति मिलने की अपेक्षा है।

## ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत- डॉ आजाद दूबे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** गोपीगंज क्षेत्र के गोपालपुर में श्री संकट मोचन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को डॉ आजाद दूबे ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच जगदीशपुर और मदनपुर सगरा के बीच हुआ। मैच में मदनपुर सगरा ने टॉस जीता और पहले बालेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में मात्र 19 रन ही बना सकी और जवाब में उतरी जगदीशपुर की टीम ने तीसरे ओवर के अंतिम गेंद पर निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए एक विकेट खोकर जीत दर्ज की। इस मैच में जगदीशपुर टीम के कप्तान 9 वर्षीय अनमोल त्यागी रहे। अनमोल ने एक ओवर की गेंदबाजी की जिसमें मात्र एक रन देकर एक विकेट भी लिया। मैच में अनमोल त्यागी के गेंदबाजी देखकर हर कोई हैरान था। मुख्य अतिथि डॉ आजाद दूबे ने भी अनमोल त्यागी से हाथ मिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनाये दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ आजाद दूबे ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों को आगे आना चाहिए जिससे युवा अपने प्रतिभा से अपने और अपने जनपद का नाम रोशन कर सके। डॉ आजाद दूबे ने कहा कि खेलकूद से प्रतिभाओं के साथ साथ आपसी सौहार्द और भाईचारा का भी विकास होता है जो जीवन में बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर सर्वेश पाण्डेय, अशोक तिवारी, सतीश तिवारी, विपुल दूबे, नैतिक दूबे, रंजीत दूबे, पंकज गौतम समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### एस एन पब्लिक स्कूल में शिक्षा के मेले का हुआ भव्य आयोजन

**मीरजापुर।** रविवार को एस एन पब्लिक स्कूल मुसफ्फरगंज मिर्जापुर ब्रांच में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षा के मेले का भव्य आयोजन स्कूल के निदेशक राजेश सिंह व निर्देशिका संध्या सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मेले में नर्सरी कक्षा से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों के द्वारा विषयों के अंतर्गत आने वाले गणित अंग्रेजी कंप्यूटर हिंदी सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों के मॉडल का स्टॉल का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों के मॉडल को तैयार करने में अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा मॉडल के मेले में आए अभिभावकों ने खूब सराहना की, स्कूल के द्वारा आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक और व्यवहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करना रहता है। अभिभावकों ने कहा कि स्कूल की इस आयोजन से हमारे बच्चों का बौद्धिक विकास होता है इस आयोजन में अभिभावकों द्वारा मॉडल सामाजिक विज्ञान सामान्य विज्ञान अंग्रेजी हिंदी विज्ञान कला व संस्कृति कंप्यूटर में सुंदरम दिव्यंका सौम्या श्रेया दिवेश फलक शिफा शीर्ष तनय समीक्षा इक्शा आयुष इकरा वंशिका पंखुड़ी जारा अमन ऋतुल आलोक महिरा विराट विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## वाराणसी पहुंची साइकिल यात्रा, महापौर ने किया जोरदार स्वागत

**● हमारा उद्देश्य सिर्फ साइकिल चलाना नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश फैलाना है- अताउल अंसारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज-** पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में अग्रणी भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को निकली साइकिल यात्रा ने इतिहास रच दिया। गोपीगंज बड़ा चौराहा से तड़के भोर मे शुरू हुई यह यात्रा वाराणसी मे सिगरा तक गई। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। साइकिल यात्रा गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से आरंभ होकर माधोसिंह, औराई, कछवा, राजातालाब, वाराणसी कैंट होते हुए शहीद उद्यान पार्क सिगरा पहुंची।

वहां पहुँचने पर वाराणसी नगर निगम के महापौर अशोक कुमार तिवारी और टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। सभी लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो और साइकलिंग, रनिंग, तैराकी आदि करें। आसपास के कार्य साइकिल से करें इससे हमारा शरीर भी स्वस्थ रहेगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। भदोही साइकिलिंग क्लब का यह अभियान बहुत ही प्रशंसनीय और सराहनीय है। हमलोग भी कोशिश करेंगे की इस तरह के कार्यक्रम अपने जनपद में भी किया जाए जिससे सभी योग, व्यायाम, साइकिल चलाना, पैदल टहलना, खेलकूद आदि को लेकर प्रेरित हो और हमारा समाज स्वस्थ रहे।

टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने कहा कि सुबह की हवा 100 रोगों की दवा है। अगर आप अपनी धन संपदा का आनंद लेना चाहते हैं तो सुबह उठकर साइकिल चलाएं, पैदल चले थोड़ा योग व्यायाम करें और स्वस्थ रहें मस्त रहे। महापौर अशोक कुमार तिवारी और टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और स्वयं साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर सिगरा, विद्यापीठ, पटेल धर्मशाला, अंधरा पुल, नदेसर के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय,



वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए कैंटोनमेंट में इसका समापन हुआ ।

बताते चले की पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल अंसारी की अध्यक्षता में लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक रविवार को 2021 से साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। इस क्रम में पूर्व में ये साइकिल यात्रा नेपाल, बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं और अब इनके इस मुहिम में जिले के कई चिकित्सक, अधिकारी, अधिवक्ता, अध्यापक, युवा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होकर स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रत्येक रविवार को साइकिल यात्रा में सम्मिलित हो रहे है। वही अताउल अंसारी के इस पहल की लोगों मे खूब सराहना हो रही है। साइकिल यात्रा में राकेश गुप्ता, अजय सिंह, बीबी सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, पंकज सिंह, सरफराज अहमद, अजय बिंद, महमूद आलम, प्रमोद मौर्या, बनारसी बिंद, राजीव जायसवाल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद इम्तियाज समेत आदि रहे।

## महिलाओं एवं बलिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट व महिला सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत महिला सशक्तिकरण और जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम द्वारा व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना कोइरौना/महिला थाना पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा, गुड टच/ बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं/बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेड़खानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमों का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मोहल्ले का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज-** आज दिनांक 16.11.2025 को अपरान्ह् 1.35 बजे अर्बन, प्रा0स्वा0केन्द्र, गोपीगंज का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश सिंह, रेखा कुमारी ए0एन0एम0, नेहा, स्पोर्टिगं स्टाफ, राहूल स्पोर्टिग स्टाफ व संजय कुमार एल0टी0 उपस्थित मिले।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0 स्वा0केन्द्र कटरा- आज दिनांक 16.11.2025 को अपरान्ह् 2.15 बजे प्रा0स्वा0केन्द्र, कटरा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 लखवीर कौर, रामराज फार्मासिस्ट, मोनिता जयंन्त सी0एच0ओ0 व ए0एन0एम0 कृष्णा कुमारी आशा एवं आगंनवाडी तथा डा0 सोनिया सिंह, आयुवेंर्द, रविन्द्र कुमार पाण्डेंय फार्मासिस्ट आयुर्वेद के उपस्थित मिले।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जे0ए0एस0 का जैसे ही भुगतान प्राप्त होता है तो चिकित्सालय व पानी




की टंकी की पेन्टीगं का कार्य करा लिया जायें। सोलर का पोल गिरा हुआ था। जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि स्थानिय स्तर पर उसे सही करा लिया जाये।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, प्रा0स्वा0केन्द्र, सेमराध- आज दिनांक 16.11.2025 को अपरान्ह् 3.05 बजे, प्रा0स्वा0केन्द्र, सेमराध का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 देवेश पाण्डेंय, सरीता सिंह ए0एन0एम0, कु0 जुही सिंह, सी0एच0ओ0 ममता/शशी देवी/ व निर्मला आशा तथा विमल दूबे आंगनवाडी उपस्थित मिले। अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आया है कि प्रा0स्वा0केन्द्र की इर्न्वटर व बैटरी खराब हो गया है जिसे बदलने हेतु आदेशित किया गया।

### विंध्याचल मंडल मिर्जापुर राज कुमार दीक्षित द्वारा जनपद के सभी संस्कृत शिक्षकों की समीक्षा बैठक की गई



**मीरजापुर।** रविवार को श्री जोखन राम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खैरा बगहा, मिर्जापुर में मंडलीय उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं विंध्याचल मंडल मिर्जापुर राज कुमार दीक्षित द्वारा जनपद के सभी संस्कृत शिक्षकों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के प्रारंभ में सहायक अध्यापक बलभद्र शुक्ल द्वारा माल्यार्पण करके ,अध्यापिका कंचन मिश्रा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर तथा प्रभारी प्रधानाचार्या माधुरी तिवारी द्वारा अंग वस्त्र देकर उप निरीक्षक को सम्मानित किया गया। बैठक में पठन-पाठन, अर्धवार्षिक परीक्षा, छात्रवृत्ति, विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार तथा संस्कृत शिक्षा के उत्थान एवं अभिमुखीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के तथा संस्कृत महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा प्रधानाचार्य एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन संगोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शनिवार को उच्च शिक्षण संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य और छात्र आत्महत्या की रोकथाम विषय पर वाद - विवाद प्रतियोगिता की शुरुआत प्रोफेसर डॉ. माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। प्राचार्य ने कहा कि छात्र -छात्राओं को खुद को पहचानने की जरूरत है, आत्महत्या मानव संसाधन की अपूर्ण क्षति है। मुख्य वक्ता डॉ. शेफालिका राय ने पीपीटी के माध्यम से वर्तमान मुद्दों से जुड़े उदाहरण को प्रस्तुत कर छात्र -छात्राओं को सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रयोग करने पर बल दिया। वाद -विवाद प्रतियोगिता में 15 छात्र -छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसमें आंचल पाठक एमएससी तृतीय सेमेस्टर को प्रथम स्थान, खुशी पाण्डेय को द्वितीय तथा दीपिका गुप्ता को तृतीय स्थान मिला। जिसके निर्णायक मंडल डॉ. अमित कुमार यादव एवं डॉ. दीपक कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अवधेश सिंह यादव ने कहा कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, छात्र -छात्राओं को अपनी ऊर्जा को बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अवधेश सिंह यादव ने किया।इसी क्रम में मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत 'दृढ़ताः 'ना' कहने का मनोविज्ञान' विषयक ऑनलाइन संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण कौशल तथा व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने कहा कि महाविद्यालय सदैव ऐसे सार्थक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ0 मीनाक्षी शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज रही। उन्होंने न केवल आत्मविश्वासीं, निष्क्रिय, और आक्रामक व्यवहारों का अंतर स्पष्ट किया, बल्कि इन व्यवहारों के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आत्मविश्वास पूर्वक अभिव्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र-शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत में संतुलित, सम्मानजनक और स्पष्ट संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं को निर्णय-क्षमता, आत्म-अभिव्यक्ति और सकारात्मक व्यवहार कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिखा तिवारी, स्वागत डॉ शेफालिका राय, धन्यवाद ज्ञापन डॉ विद्या सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ कुसुम लता,डॉ दीप नारायण,डॉ नलिनी सिंह, डॉ अरुणेश कुमार, डॉ दीप नारायण,डॉ रमेश चंद्र , डॉ चंदन कुमार द्विवेदी , डॉ मंजुला शुक्ला, धर्मचन्द्र यादव, जयप्रकाश, कमलेश शुक्ला सहित समस्त प्राध्यापक/ प्राधिपकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 85 छात्राओं एवं 35 छात्र ने प्रतिभाग किया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 178 जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मानकर लगाए सात फेरे

**● बेटियां अभिशाप नहीं वल्कि घर की लक्ष्मी हैं- विधायक छानबे रिंकी कोल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को पंचशील डिग्री कालेज मवई कला में 178 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लगाए। खंड विकास अधिकारी हलिया बिजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि हलिया से 61 लालगंज से 76 छानबे से 41 कुल 178 जोड़ों की मंडप में शादी संपन्न हुई। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के तीन जोड़ों को हाफिज द्वारा कलमा पढ़वाकर निकाह कुबूल कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छानबे विधायक रिंकी कोल ने दीप प्रज्ज्वलित कर गणेश भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह गरीब परिवार के बेटी की शादी के लिए बरदान साबित हो रही है। पहले बेटी की शादी के लिए सेठ साहूकारों से ऋण लेना पड़ता था किंतु अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत जिले के आला अधिकारी मौजूद रहकर बर वधू को आशीर्वाद दे रहे हैं। विधायक रिंकी कोल ने बताया कि प्रत्येक कन्या के खाते में 60 हजार नगद और 25 हजार का सामान दिया जा रहा है। कार्यक्रम को परियोजना निदेशक धरम जीत सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नोजिया सांसद प्रतिनिधि विकास सोनकर भाजपा नेता तारा चंद अग्रहरि ने संबोधित किया। इसके पश्चात बर वधू को शादी का प्रमाण पत्र देकर आशीर्वचन दिया गया।इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राम बिलास बी डी ओ छानबे राम पाल डी सी एन आर एल एम रमा शंकर सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लाल जी मौर्य ने किया सचिव अमर बहादुर सिंह आलोक भारती गौरव सौरभ यादव ग्राम




प्रधान शहजी रवि सिंह गुलाब पटेल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्याम शरण अग्रहरि रोजगार सेवक अनिल तिवारी राजेश विश्वकर्मा अखिलेश कुमार। इस सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रही। थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव महिला थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया मंडप परिसर में फोर्स के साथ डटे रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भीड़ बढ़ी तो खुसरो बाग बनेगा होल्डिंग एरिया, माघ मेला में रेलवे की बड़ी तैयारी



**प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज जंक्शन में एकतरफा प्रवेश; शहर के कई रास्तों से मैनेज होगी भीड़**

**प्रयागराज।** माघ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ अगर महाकुंभ जैसी उमड़ी तो रेलवे प्रशासन खुसरो बाग को अस्थायी होल्डिंग एरिया में बदल देगा। संगम की तरफ बढ़ने वाली भीड़ को पहले यहीं रोककर नियंत्रित किया जाएगा। इसके साथ नकास कोना, चौक और पुरानी जीटी रोड को भी भीड़ प्रबंधन के वैकल्पिक रूट के रूप में तैयार रखने का प्लान बनाया गया है।शुक्रवार को डीआरएम ऑफिस में रेलवे और जिला प्रशासन की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने की, वहीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और डीएम मनीष कुमार वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान एडीआरएम दीपक कुमार ने शहर के सभी स्टेशनों की यात्री क्षमता, होल्डिंग एरिया और भीड़ प्रबंधन पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। रेलवे ने बताया कि मेला स्पेशल ट्रेनें इस बार डिमांड बेस्ड चलेंगी–यानी जब भीड़ बढ़ेगी तभी ट्रेनें बढ़ाई जाएंगी। प्रमुख स्नान पर्वों पर प्रयागराज जंक्शन में एकतरफा प्रवेश व्यवस्था लागू रहेगी। यात्रियों को केवल सिटी साइड से प्रवेश मिलेगा, जबकि निकासी सिविल लाइंस साइड से होगी। सिविल लाइंस साइड से एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी। जरूरत पड़ने पर यही एकल दिशा नियम सूबेदारगंज, नैनी और दूसरे स्टेशनों पर भी लागू किया जा सकता है। बैठक में प्रयागराज जंक्शन, छिवकी, रामबाग, झूसी और फाफामऊ स्टेशनों से संगम जाने और वापस लौटने के मार्गों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

### दिव्यांगजन दिव्य दृष्टि और अद्भुत कौशल से परिपूर्ण — चंद्रशेखर



**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को जिला पंचायत सभागार में सक्षम के जिला अधिवेशन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश व जिले भर से बड़ी संख्या में पदाधिकारी, स्वयंसेवी तथा समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रशेखर ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि दिव्यांगजन केवल सहानुभूति के पात्र नहीं, बल्कि वे अद्भुत दृष्टि, प्रतिभा और कौशल से परिपूर्ण होते हैं। समाज का दायित्व है कि ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का समान अवसर दिया जाए।उन्होंने कहा कि सक्षम का मुख्य उद्देश्य देश के हर दिव्यांगजन तक शिक्षा, रोजगार, सहायता साधन और सामाजिक स्वाभिमान पहुंचाना है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला कांत पाण्डेय ने कहा कि संसाधन और अनुकूल वातावरण मिले, तो दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित कर सकते हैं। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ वी के पाण्डेय ने दिव्यांगता की रोकथाम पर विस्तृत प्रकाश डाला वहीं सत्य विजय सिंह ने सक्षम की राष्ट्रीय प्रगति यात्रा पर विचार साझा किया द्व कार्यक्रम के द्वितीय सत्र यानि तकनीकी सत्र में डॉ कृतिका अग्रवाल, डॉ विभा मिश्रा, डॉ अपराजिता, डॉ जे के जैन, डॉ विनोद सिंह, डॉ नीला लक्ष्मी, तथा दिव्यांग अधिकारी ए के गौतम ने विविध विषयों पर चर्चा की द्व तृतीय यानि समापन सत्र में कई दिव्यांग प्रतिभाओं को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं तथा कौशल के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रयागदत्त तिवारी तथा आभार ज्ञापन राजेश मिश्र ने किया द्व वार्षिक प्रतिवेदन राजेश जी तथा संचालन डॉ मणि शंकर द्विवेदी ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ धीरज अहूजा,प्रो रवि प्रकाश, अवधेश तिवारी, डॉ विशाल गौड़, अरविन्द मिश्र, डॉ अचिंत्य,डॉ कमलेश कुमार मिश्र, दीपांशु शुक्ल,देवेश आदि गणमान्य लोग शामिल रहे।

### चाचा नेहरू जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के मनाया गया



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी मडौका स्थित फलावर वैली स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर में तमाम तरह के स्टाल लगाए गए। जहां पर विद्यालय के छात्राएं एवं अभिभावकों ने खरीद कर खाया और लुफ्त उठाया। इस मौके प्रिंसिपल डॉ सुषमा चौबे ,शिल्पा कुशवाहा, अनुराग मिश्रा, शिवानी जायसवाल, अमरदीप यादव, नितेश यादव, वरुण चौबे, वैष्णवी वैश ,प्रीति तिवारी, सोनिया विश्वकर्मा, आरती यादव, तनीषा अग्रहरि, इशिका गौड़, सहयोगी स्टाफ कैलाश वर्मा, सीता देवी, तीजा देवी, रंजना पाल,आदि रहे।

## बिहार 2025: 11 सीटों पर एसआईआर के नाम हटाए जाने की संख्या जीत के अंतर से ज़्यादा थी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव के गहन विश्लेषण से एक महत्वपूर्ण विवरण सामने आया है: 11 सीटों पर, चुनाव पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं की संख्या विजेता की जीत के अंतर से अधिक थी। द वायर के अनुसार यह निष्कर्ष एसआईआर प्रक्रिया पर चुनाव-पूर्व बहस को उजागर करता है। राजनीतिक विपक्ष ने चेतावनी दी थी कि कड़े मुकाबलों में नाम हटाने से नतीजों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अंतिम परिणाम अब उस दावे को आंकड़ों के साथ परखने की अनुमति देते हैं, जिससे उन विशिष्ट चुनावी मैदानों की पहचान हो सके जहाँ हटाए गए मतदाताओं की संख्या विजेता और उपविजेता के बीच के अंतर से अधिक है। जिन 11 निर्वाचन क्षेत्रों में एसआईआर विलोपन वोट मार्जिन से अधिक था, उनका विवरण इस प्रकार है: वाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र से 2311 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से कांग्रेस 1675 वोट से जीती, चनपटिया विधानसभा क्षेत्र से1033 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से कांग्रेस 602 वोट से जीती,ढाका विधानसभा क्षेत्र से 457 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से राजद 178 वोट से जीती,फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र से 1400 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से कांग्रेस 221 वोट से जीती, बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र से1468 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से लोजपा 389 वोट से जीती,तरैया विधानसभा क्षेत्र से 1431 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से बीजेपी 1,329 वोट से जीती,संदेश विधानसभा क्षेत्र से 909 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से जदयू 27 वोट से जीती,अगिआंव सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से 1322 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से बीजेपी 95 वोट से जीती,रामगढ विधानसभा क्षेत्र से 1197 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से बसपा 30 वोट से जीती,जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से 2311 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से कांग्रेस 1675 वोट से जीती,नबीनगर विधानसभा क्षेत्र से 422 वोट एसआईआर में काटे गये, हालिया चुनाव में यहाँ से जदयू 112 वोट से जीती। प्रक्रियागत मुद्दों को समझने के लिए, एसआईआर बहस में दो प्रमुख व्यक्तियों के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है।47 लाख का आंकड़ा सफाई अभियान के कुल पैमाने को दर्शाता है। यह संख्या पूरी पुनरीक्षण अवधि के दौरान मतदाता सूची में हुई कुल कमी को दर्शाती है और इसमें मृत, डुप्लिकेट या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं को नियमित रूप से हटाया जाना भी शामिल है। यह मतदाता संख्या में कुल कमी का एक पैमाना है। इसके विपरीत, 3.66 लाख का आँकड़ा सीधे तौर पर प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़ा है। यह संख्या अंतिम, महत्वपूर्ण चरण - मसौदा सूची के प्रकाशन और अंतिम सूची के बीच - में किए गए विलोपनों को अलग करती है। ये वे नाम हैं जिन्हें जनता को सूची की समीक्षा करने का मौका मिलने के बाद हटाया गया, जिससे ये नाम लक्षित, अंतिम समय में हटाए जाने के आरोपों का केंद्र बन गए। यही अंतर है जिसके कारण सर्वोच्च न्यायालय ने 3.66 लाख विलोपनों के बारे में विशेष रूप से विवरण मांगा , तथा उन्हें प्रक्रियागत कदाचार के दावों के लिए सर्वाधिक प्रासंगिक बनाया। हालांकि 2025 के चुनाव के भारी परिणाम ने इन संख्याओं को राज्यव्यापी चुनावी दृष्टि से बेमानी बना दिया है, लेकिन इन 11 विशिष्ट निर्वाचन क्षेत्रों पर इनका प्रभाव सांख्यिकीय रिकॉर्ड का विषय बना हुआ है। कांग्रेस ने बिहार के नतीजे को अविश्वसनीय बताया, निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े किएउ ठबैठक के बाद बिहार चुनाव परिणाम पर केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया संदिग्ध है और इसमें कोई पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही परिणामों का विश्लेषण करेगी और अगले कुछ हफ्तों में ठोस सबूत पेश करेगी।



## मानव जीवन के समस्त संशय का शमन करती है श्री राम कथा -विनोदानंद सरस्वती



**नैनी, प्रयागराज।** श्रमिक बस्ती, नैनी स्थित मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन का उद्घाटन बी एल अकादमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी एवं पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित के द्वारा माता सीता एवं भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने श्री राम कथा की महिमा का बखान करते हुए कहा कि श्री राम कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के समस्त संशय ऐसे दूर हो जाते हैं जैसे ताली बजाने से पक्षी उड़ जाते हैं। श्री राम कथा मनुष्य के जीवन के समस्त संशय का शमन कर मनुष्य की चतुर्दिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती हैं। गुरु चरण की वंदना करते हुए महाराज श्री ने कहा कि गुरु कृपा के बिना तो राम कथा की ही नहीं जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी श्री रामचरितमानस के प्रारंभ में सर्वप्रथम गुरुचरण की वंदना की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी एल अकादमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, सुभाष प्रधान, अनिल विश्वकर्मा, हरि शंकर मिश्रा, शिव कुमार पाठक, अतुल सिंह, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, मिहिर सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने बिहार के नतीजे को अविश्वसनीय बताया, निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े किए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी और महागठबंधन की करारी हार के बाद शनिवार को लंबी मंत्रणा की और निर्वाचन आयोग की भूमिका को लेकर सवाल खड़े किए।मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि बिहार के चुनाव परिणाम अविश्वसनीय हैं और कुछ सप्ताह में वह सबूत सामने रखेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनाव परिणाम आने की एक दिन बाद इसको लेकर मंथन किया और इस दौरान कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन और पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी मौजूद थे। पार्टी ने बिहार में 61 सीटों पर चुनाव लड़ा था और केवल छह सीटें ही जीत पाई। वर्ष 2010 के बाद बिहार में पार्टी का यह दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन था। उसने 2010 में केवल चार सीटें जीती थीं। बैठक के बाद बिहार चुनाव परिणाम और पार्टी के खराब प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया संदिग्ध है और इसमें कोई पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही परिणामों का विश्लेषण करेगी और अगले कुछ हफ्तों में ठोस सबूत पेश करेगी। वेणुगोपाल ने कहा, 'बिहार चुनाव के ये नतीजे हम सभी के लिए अविश्वसनीय हैं। यह सिर्फ कांग्रेस के लिए ही नहीं है। पूरे बिहार के लोग और हमारे गठबंधन सहयोगी भी इस पर विश्वास नहीं कर रहे हैं। हमने उन सभी से बात की। वे इस पर विश्वास नहीं कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'एक राजनीतिक दल का 90 प्रतिशत से ज़्यादा का स्ट्राइक रेट है, जो भारतीय इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। हम गहन विश्लेषण कर रहे हैं। हम पूरे बिहार से आंकड़े एकत्र कर रहे हैं। एक-दो सप्ताह में हम ठोस सबूत पेश करेंगे। 'चुनाव को निष्पक्ष नहीं बताने वाली राहुल गांधी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर, वेणुगोपाल ने कहा, 'हम निर्वाचन आयोग (की भूमिका) के बारे में बात करते रहे हैं और हमने हरियाणा चुनाव के दौरान भी इस बारे में बात की थी कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई है।' उन्होंने कहा, 'बिहार चुनाव के बारे में भी, हम ठोस सबूत लेकर आएंगे। 'कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे को चौंकाने वाला करार दिया था और कहा था कि विपक्षी गठबंधन एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सका, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। उन्होंने यह भी कहा था कि कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे।

## दिल्ली: प्रदूषण से हालत खराब, जहरीली हवा में सांस लेना हुआ मुश्किल, AQI 500 के पार पहुंचा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** राजधानी दिल्ली में जहरीली हवा से राहत फिलहाल मिलती नहीं दिख रही है। रविवार तड़के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दर्ज किया गया एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) 551 रहा, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। हवा में PM2.5 और PM10 जैसे सूक्ष्म कणों का स्तर बेहद ऊंचा है। धीमी हवा के कारण प्रदूषण नीचे ही ठहर गया है, जिससे हालात और अधिक गंभीर होते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इतनी दूषित हवा में सांस लेना दिनभर में लगभग 12 सिगरेट पीने के बराबर माना जा रहा है, जो फेफड़ों के लिए बेहद हानिकारक है। मौसम विभाग के मुताबिक, तापमान में गिरावट जारी है। रविवार को न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सुबह और शाम कोहरा छाए रहने से दृश्यता भी प्रभावित होगी। पिछले 24 घंटे में दिल्ली का औसत AQI 386 रहा था, जो 'सीवियर' श्रेणी में आता है। रविवार सुबह यह बढ़कर 551 दर्ज किया गया। PM2.5 का स्तर 351 और PM10 का स्तर 466 तक पहुंच गया है। वजीरपुर, बवाना, मुंडका, आनंद विहार और रोहिणी जैसे क्षेत्रों में भी AQI 400 से ऊपर बना हुआ है। गत 11 नवंबर को AQI 428 तक पहुंच गया था, जो इस साल 2025 का पहला 'सीवियर' दिन था। नवंबर में अब तक औसत AQI 150 दर्ज किया गया है, जो पिछले वर्षों के मुकाबले लगभग 8.3% बेहतर है, लेकिन प्रदूषण का स्तर अब भी चिंताजनक है। रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहेगा। धीमी चलने वाली 5-6 किमी/घंटा की हवाएं प्रदूषण को कम होने नहीं दे रही हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन से चार दिनों तक स्थिति में खास सुधार देखने की उम्मीद नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत में बादल और कोहरा बढ़ रहा है, जिससे राजधानी में धूप कम मिलेगी।

दिल्ली में ग्रैप-3 के तहत कई पाबंदियाँ लागू हैं, बावजूद इसके वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि ये पाबंदियां कुछ और दिनों तक जारी रह सकती हैं। दिल्ली सरकार ने लोगों से निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की अपील की है।



## बिहार: भाजपा से निलंबित पूर्व मंत्री आरके सिंह ने पार्टी से इस्तीफ़ा दिया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव जीतने के एक दिन बाद ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपना ध्यान बागी नेताओं पर केंद्रित कर उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है.एनडीटीवी की खबर के मुताबिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के वरिष्ठ नेता आरके सिंह उन तीन नेताओं में शामिल हैं जिन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निलंबित कर दिया गया है.पार्टी की कार्रवाई का सामना करने वाले अन्य दो नेता विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल और कटिहार की मेयर उषा अग्रवाल हैं। बताया जा रहा है कि अपने आचरण को लेकर आलोचना और निलंबन के तुरंत बाद आरके सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उल्लेखनीय है कि बिहार भाजपा के राज्य मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा ने शनिवार सुबह नेताओं को नोटिस जारी कर उनके निलंबन की जानकारी दी और एक सप्ताह के भीतर यह बताने को कहा कि उन्हें पार्टी से क्यों न निष्कासित कर दिया जाए। सिंह और अग्रवाल को भेजे गए कारण बताओ नोटिस में कहा गया है, 'आप पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं. यह अनुशासन के दायरे में आता है. पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है. इससे पार्टी को नुकसान हुआ है. इसलिए, निर्देशानुसार, आपको पार्टी से निलंबित किया जा रहा है और यह बताने के लिए कहा जा रहा है कि आपको पार्टी से क्यों न निष्कासित कर दिया जाए. इसलिए, कृपया इस पत्र की प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करें.'सूत्रों का कहना है कि उनका निलंबन एक साधारण प्रक्रिया है और अंततः उन्हें निष्कासित कर दिया जाएगा। बिहार के आरा से पूर्व सांसद आरके सिंह 2024 का चुनाव हारने के बाद से ही भाजपा और बिहार सरकार की आलोचना करते रहे हैं. वे अपने राज्य में एनडीए नेतृत्व और कुछ सहयोगी दलों के उम्मीदवारों की विश्वसनीयता पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं। हाल ही में आरके सिंह ने आरोप लगाया था कि बिहार में 62 हज़ार करोड़ रुपये का बिजली घोटाला हुआ है, जिसमें सरकार के मंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हैं. उनका कहना है कि यह घोटाला अडानी पावर के साथ बिहार सरकार द्वारा 25 साल के लिए किए गए पावर सप्लाई एग्रीमेंट से जुड़ा है.उन्होंने ख़ास तौर पर उपमुख्यमंत्री और बिहार में भाजपा के प्रमुख उम्मीदवार सम्राट चौधरी पर निशाना साधा था। प्रशांत किशोर द्वारा चौधरी और बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद आरके सिंह ने उन पर पार्टी की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा था। सिंह ने चौधरी और जायसवाल को 'हत्या का आरोपी' भी कहा था और लोगों से दागी उम्मीदवारों से दूर रहने की अपील की थी.उन्होंने चौधरी से उनकी शैक्षणिक योग्यता पर उठे संदेहों को भी स्पष्ट करने की मांग की थी और गुस्से में गैंगस्टर से नेता बने जदयू के अनंत सिंह का भी नाम लिया था. उन्होंने कहा था, 'इन्हें वोट देने से बेहतर है कि चुल्लू भर पानी में डूब मर।' सम्राट चौधरी और अनंत कुमार सिंह दोनों अपनी-अपनी सीटों से चुनाव जीत चुके हैं। गौरतलब है कि बिहार कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सिंह, मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गृह सचिव थे। वे 2013 में भाजपा में शामिल हुए और 2014 और 2019 में आरा से दो बार सांसद चुने गए.इसके बाद 2017 में उन्हें मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में ऊर्जा मंत्री बनाया गया था. 2024 के लोकसभा चुनाव में वे अपनी सीट हार गए थे।



## सम्पूर्ण समाधान दिवस बारा में कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण, उमड़ी फरियादियों की भीड़

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** तहसील बारा में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जहां बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे।एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान दिवस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक फरियादी को सुनवाई का पूरा हक है,और अधिकारियों का दायित्व है कि वह बिना देरी के समाधान करें।अधिकांश फरियादी भूमि सीमांकन, कब्जा विवाद,खतौनी सुधार और आवास पात्रता से संबंधित शिकायतें लेकर आए थे।कई मामलों में एसडीएम ने राजस्व टीम को तत्काल मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया।

दो पक्षों के बीच चल रहे एक पुराने विवाद में भी समझौता कराने की कोशिश की गई।कई वृद्ध और दिव्यांगजन पेंशन संबंधी समस्याओं के साथ पहुंचे थे।तहसीलदार सलोनी सोलंकी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जिनके दस्तावेज पूरे हैं उनके डेटा को तुरंत पोर्टल पर अपडेट कर पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाएं।जाति,निवास और आय प्रमाण पत्र से संबंधित लगभग दो दर्जन आवेदनों की मौके पर जांच की गई।इनमें से कई फाइलें तत्काल स्वीकृत की गईं। नायब तहसीलदार विजय कुमार ने बताया कि अपूर्ण दस्तावेज वाले हैं आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।ताकि, अगली बार उनकी फाइल बिना किसी बाधा के स्वीकृत हो जाए।महिला विधायक प्रतिनिधि श्यामू निषाद भी समाधान दिवस में पूरे समय तक उपस्थित रहे।उन्होंने ग्रामीणों की कई समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों से तत्काल कार्रवाई कर लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी वास्तविक शिकायत को अनदेखा नहीं किया जाएगा।कई महिलाओं ने घरेलू विवाद,सुरक्षा और आवास से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। एसडीएम प्रेरणा गौतम ने महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रहने और ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक महिला की शिकायत पर पुलिस टीम को तुरंत गांव भेज कर स्थिति की जांच करने का आदेश भी दिया गया। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत,बिजली कटौतीपेयजल और सरकारी योजनाओं से जुड़ी कई स्थानीय समस्याएं भी उठाई।कुछ मामलों में विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित विभागों से वार्ता कर समाधान प्रक्रिया शुरू कराई।



## आतंकी धमकियों का मिनटों में होगा पर्दाफाश

● **प्रयागराज IIT बना रहा देश का पहला एजेंटी AI सिस्टम।**

**4.73 करोड़ की केंद्र सरकार से मंजूरी, अब दुनिया के किसी भी कोने से मिली धमकी तुरंत होगी ट्रेस।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** देश की साइबर सुरक्षा को नई धार देने जा रहा है प्रयागराज का IIT यहां के विशेषज्ञ ऐसा एजेंटी AI बेस्ड सिस्टम तैयार कर रहे हैं, जो आतंकी धमकी देने वालों की जड़ तक पहुंच जाएगा। खास बात यह है कि केंद्र सरकार ने इसके लिए 4.73 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत कर दिया है। इस प्रकार का यह सिस्टम देश में पहली बार विकसित किया जा रहा है। IIT की इस हाई-टेक परियोजना की क्षमता इतनी तेज होगी कि साइबर टेररिज्म की किसी भी गतिविधि को पलक झपकते ही नाकाम किया जा सकेगा। दुनिया के किसी भी हिस्से से भारत पर नजर रखने या धमकी भेजने वाले का लोकेशन यह सिस्टम तत्काल पकड़ लेगा। संदेश भेजने वाला कहां छिपा है, किस माध्यम से धमकी दी गई–यह सब कुछ मिनटों में ट्रेस हो सकेगा। IIT के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. बृजेंद्र सिंह की देखरेख में इस परियोजना पर काम तेजी से शुरू हो चुका है। विशेषज्ञों का दावा है कि यह तकनीक सुरक्षा एजेंसियों को जबरदस्त ताकत देगी और साइबर आतंकवाद के खिलाफ भारत को एक कदम आगे ले जाएगी।



## किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर 10 वर्ष तक प्रभार्य स्टाम्प शुल्क एवं रजिस्ट्रीकरण फीस में छूट

● **कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय के सम्बन्ध में मंत्री ने दी जानकारी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** स्टांप एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने रविवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर 10 वर्ष तक प्रभार्य स्टाम्प शुल्क एवं रजिस्ट्रीकरण फीस में छूट के विषय में कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश की किरायेदारी व्यवस्था को सरल, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।अब तक अधिकांश लोग अज्ञानतावश 100 रुपये के स्टाम्प पर मकान एवं दुकान के किरायनामे नोटरी करा लेते थे जोकि न्यायालय में उनके अधिकार को सिद्ध करने हेतु वैध नहीं होता था। इस व्यवस्था से किरायेदारी विलेखों की रजिस्ट्री बढ़ेगी, विवाद कम होंगे और नागरिकों को अनावश्यक कानूनी जटिलताओं से राहत मिलेगी। प्र राज्यमंत्री जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आहूत कैबिनेट बैठक में प्रदेश में 10 वर्ष तक की अवधि के किरायेदारी/पट्टा विलेखों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क एवं रजिस्ट्रीकरण फीस में बड़े स्तर पर छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इससे सेआम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और किरायेदारी व्यवस्था पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से लागू हो सकेगी। जबकि व्यवहार में अधिकांश लीज विलेख या तो मौखिक होते हैं या रजिस्ट्री नहीं कराई जाती। अभी तक स्टाम्प अधिनियम की व्यवस्था के अनुसार किरायनामे पर तय औसत वार्षिक किराए के एवं अवधि के अनुसार शहरी क्षेत्र में 4% तथा ग्रामीण क्षेत्र में 2% स्टाम्प देय किया होता है किन्तु 100 रुपए पर नोटरी कराने के कारण विभागीय अधिकारियों द्वारा की जाने वाली जांचों में ऐसे मामलों में स्टाम्प वाद दर्ज होते हैं तथा कमी स्टाम्प शुल्क की वसूली की जाती है। इस स्थिति को सुधारने तथा उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम, 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार ने यह राहतकारी कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि व्यापक जनहित में एक वर्ष तक के मानक किरायानामा विलेखों को प्रोत्साहित करने तथा 10 वर्ष तक की अवधि वाले किरायनामों की रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के लिए स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस की अधिकतम सीमा तय की गई है। इससे किरायेदारों और भवन स्वामियों पर आर्थिक बोझ कम होगा तथा किरायानामा औपचारिक रूप से रजिस्टर्ड कराने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। औसत वार्षिक किराया अधिकतम 10 लाख रुपये तक की सीमा में आने वाले किरायानामा विलेखों पर यह छूट लागू होगी। निर्धारित अधिकतम स्टाम्प शुल्क एवं रजिस्ट्रीकरण फीस (10 वर्ष तक के किरायानामा विलेखों पर लागू):



**औसत वार्षिक किराया रुपये 2,00,000/- तक**

01 वर्ष तक - स्टाम्प शुल्क 500 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क ?500

01-05 वर्ष - स्टाम्प शुल्क 1,500 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 1,500 रुपए

05-10 वर्ष - स्टाम्प शुल्क 2,000 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 2,000 रुपए

**औसत वार्षिक किराया रुपये 2,00,001 से 6,00,000 तक**

01 वर्ष तक - स्टाम्प शुल्क 1,500 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 1,500 रुपए

01-05 वर्ष - स्टाम्प शुल्क 4,500 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 4,500 रुपए

05-10 वर्ष - स्टाम्प शुल्क 7,500 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 7,500 रुपए

**औसत वार्षिक किराया रुपये 6,00,001 से 10,00,000 तक**

01 वर्ष तक - स्टाम्प शुल्क 2,500 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 2,500 रुपए

01-05 वर्ष - स्टाम्प शुल्क 6,000 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 6,000 रुपए

05-10 वर्ष - स्टाम्प शुल्क 10,000 रुपए, रजिस्ट्री शुल्क 10,000 रुपए।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने दी शुभकामनाएँ, समाज में पत्रकारों की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी पत्रकार साथियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें लोकतंत्र का सशक्त प्रहरी बताया। उन्होंने कहा कि समाज में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे सत्य को सामने लाने और जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने का कार्य करते हैं। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पत्रकार न केवल घटनाओं की जानकारी देते हैं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को उजागर करने में भी अहम योगदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति को जनता तक पहुँचाने में पत्रकारों की मेहनत और साहस प्रशंसनीय है। उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की जरूरत पहले से अधिक बढ़ गई है। पत्रकार अपनी कलम और कैमरे के माध्यम से समाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं। उनके प्रयासों से ही लोकतंत्र मजबूत बनता है।मुखिया ने सभी पत्रकार साथियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज के हित में उनकी सेवाएँ हमेशा सराहनीय रहेंगी।

### पंचमाधव जीटी रोड पर सड़क हादसा, दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव जीटी रोड पर शनिवार को एक ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रिलायंस पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर कटिंग के समीप हुआ, जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक पर तीन लोग सवार थे। दुर्घटना में 30 वर्षीय शत्रुघ्न उर्फ सोनू रजवार पिता तुलसी रजवार का हाथ ट्रक के चक्के तले आ गया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। वहीं 23 वर्षीय आकाश सिंह पिता प्रकाश सिंह को कमर में गंभीर चोट आई है। तीसरा युवक हादसे से बाल-बाल बच गया। दोनों घायल युवक बरसोत के रहने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक अपनी सही दिशा में आ रही थी, लेकिन ट्रक डिवाइडर कटिंग से गलत दिशा में मुड़ गया, जिससे टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉ. इंद्रजीत कुमार की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल, हजारीबाग रेफर कर दिया। घायल आकाश सिंह ने बताया कि वे बरसोत से रांची जाने के उद्देश्य से दो लोगों के साथ बाइक से बरही बस स्टैंड आ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे और इलाज कराने में जुटे है।

### असीम ऊर्जा संवर्धन के लिए करें कुंडलिनी शक्ति विकासक योग क्रिया- योगाचार्य

**चित्रकूट:** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने कुंडलिनी शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि इस सूक्ष्य योग क्रिया के अभ्यास से रचनात्मक इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति, आनंद शक्ति जागृत होती है और शरीर में असीम ऊर्जा का संचार होता है। योगाचार्य ने बताया कि कुंडलिनी शक्ति रीढ़ की हड्डी के आधार अथवा मूल पर स्थित एक दिव्य और सर्प जैसी ऊर्जा है, जिसे सोया हुआ सर्प कहा जाता है। इस सोई हुई सरपेंट पावर को योग अभ्यास और ज्ञान जैसे निरंतर अभ्यास से जागृत करके आत्म जागरूकता और आध्यात्मिक उन्नति कर सकते हैं। इसकी ऊर्जा से शरीर निरोग, पुष्ट, बलवान, फुर्तीला और उत्साही बनता है तथा ज्ञान का संवर्धन होता है। साथ ही ब्रह्मचर्य और मोक्ष प्राप्ति में सहायता मिलती है व अंतर्दृष्टि विकसित होती है। बताया कि इस योगाभ्यास को करने के लिए साम्यावस्था में खड़े होते हैं तथा सांस खींचते हुए बाएं पैर की एड़ी को उठाकर नितंब पर हिट करते हैं, फिर सांस छोड़कर पैर को पूर्व स्थिति में लाते हैं। इसके बाद पुनः सांस खींचकर दाएं पैर की एड़ी से नितंब को हिट करते हैं, फिर सांस छोड़कर दाएं पैर को पूर्व स्थिति में लाते हैं। यह क्रिया दोनों पैरों से बारी-बारी से 10 बार दोहराते हैं। एड़ी से नितंब को हिट करते समय सांस झटके से छोड़ते हैं और पैर वापसी में सांस भरते हैं। सावधानी के तौर पर उच्च रक्तचाप की दशा में इसे धीरे-धीरे करना चाहिए।

## हजारीबाग में सांसद खेल महोत्सव के तहत रैपिड शतरंज प्रतियोगिता की धूम, 1128 खिलाड़ियों का महाकुंभ जारी

**● दूसरे दिन देर शाम तक 7 राउंड का खेल हुआ संपन्न, खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह**

**पीएम नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन है जारी, युवाओं को खेल से जोड़ना है उसका उद्देश्य : मनीष जायसवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत आयोजित दो दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता के महाकुंभ में दूसरे दिन शतरंज का रोमांच दिखा। इस दो दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का रविवार की रात्रि तक होगा। लेकिन देर शाम तक शतरंज पर शह और मात जारी रहा। झारखंड के सबसे बड़े और सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित सबसे बड़े शतरंज प्रतियोगिता में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कल 1128 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें कुल महिला खिलाड़ी 410 और पुरुष खिलाड़ी 718 शामिल हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़, मांडू, बड़कागांव, बरही और सदर विधानसभा क्षेत्र के कुल 89 स्कूलों के प्रतिभागी पहुंचे। इसमें रामगढ़ जिले के कुल 219 और हजारीबाग जिले के 909 प्रतिभागी शामिल हुए। टूर्नामेंट में अंडर 7, अंडर 9, अंडर 11, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 वर्ग के खिलाड़ी शामिल हुए। टूर्नामेंट का आयोजन हजारीबाग शहर के विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर स्थित बहुउद्देशीय परीक्षा भवन सभागार में हुआ। इस रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने खुद चेस की बिसात पर हाथ आजमा कर किया। रैपिड चेस प्रतियोगिता के तहत 20 मिनट का एक राउंड और कुल 09 राउंड का यह प्रतियोगिता है। करीब 5:00 बजे शाम तक कुल 07 राउंड का खेल समाप्त हो गया था। प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप सभी बोर्ड पर घड़ी सहित अन्य ज़रूरी सामग्री के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के कल 27 आर्बिटर की टीम द्वारा प्रतियोगिता के निदेशक करण जायसवाल सहित हजारीबाग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव मनमीत अकेला, कोषाध्यक्ष राजन कुमार साहा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और सांसद सेवा कार्यालय के कर्मीगण शिद्दत से जुटे हुए हैं। टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ियों के लिए सांसद मनीष जायसवाल की ओर से पुरस्कार राशि के रूप में कुल 63,100 रुपए रखा गया है जिसे 29 कैश पुरस्कार और 45 ट्रॉफीज विजेता खिलाड़ियों को भेंट किया जाएगा।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का वार्षिक आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रथम चरण में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में संपन्न होने के पश्चात रैपिड चेस प्रतियोगिता का आयोजन जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में जहां युवा कंप्यूटर और मोबाइल की दुनिया में व्यस्त है ऐसे में उन्हें मैदान से जोड़ना और विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धा के माध्यम से खेलों के प्रति उनमें रुचि जागृत कर उनकी प्रतिभा को निखारना हमारा उद्देश्य है। चेस खेल को माइंड गेम बताते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि मानसिक विकास के लिए इस खेल का बेहद अहम रोल है और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में फुटबॉल और क्रिकेट के अलावे के कबड्डी सहित अन्य खेल प्रतिस्पर्धा में युवाआगे बढ़े और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का नाम रोशन करें इस दिशा में उनका निरंतर सकारात्मक प्रयास जारी है।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगी भोजन व नाश्ता

**चित्रकूट:** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भोजन व नाश्ते की व्यवस्था के लिए स्वयं सहायता समूह व संकुल स्तरीय समितियों का चयन किया गया है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग के निदेशक द्वारा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सरधुवा के लिए कुटुम्ब संकुल स्तरीय संघ, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कलचिहा के लिए जय मारी दाई स्वयं सहायता समूह तथा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मानिकपुर के लिए सीता स्वयं सहायता समूह के माध्यम से विद्यार्थियों को भोजन व नाश्ता 114 रुपये प्रतिछात्र प्रतिदिन के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। शासन द्वारा पुनरीक्षित दरों से जहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन व नाश्ता उपलब्ध कराया जाना संभव हुआ है, वहीं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को उनकी आय का स्रोत मिला है।

## हजारीबाग में ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस प्रतिनिधिमंडल ने सदर विधायक को सौंपा मांग-पत्र

**● अल्पसंख्यकों की शिक्षा, बहाली और सामाजिक उत्थान से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** रविवार को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस हजारीबाग का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष मो. जहांगीर अंसारी के नेतृत्व में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा और उनके समाधान हेतु हस्तक्षेप का आग्रह किया। ज्ञापन में आलिम व फ़ाज़िल की मान्यता को बरकरार रखने, रिक्त उर्दू शिक्षकों और उर्दू अनुवादकों के पदों पर बहाली, आलिम-फ़ाज़िल परीक्षा को किसी विश्वविद्यालय से संबद्ध कराने, झारखंड में उर्दू विश्वविद्यालय की स्थापना, मदरसा बोर्ड गठन, बंद पड़े उर्दू विद्यालयों को पुनः खोलने जैसी मांगें शामिल थीं। इसके अलावा बलियंद (कटकमसांडी) और नावाडीह (कटकमदाग) स्थित उर्दू विद्यालयों में शौचालय निर्माण कराने की मांग भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जिस प्रकार हिंदू धोबी, धुनिया, पासी समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा मिला है, उसी तरह मुसलमान धोबी, पासी और जुलाहा समुदाय को भी एससी सूची में शामिल किया जाए। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को धरातल पर लागू करने की दिशा में पहल करने की मांग की गई। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता मो. आफताब आलम, कोषाध्यक्ष शमसुल हक और कलीम अंसारी उपस्थित थे।

## गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद से मिले कांग्रेस हजारीबाग जिला ओबीसी अध्यक्ष अजय प्रजापति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** रांची स्थित आवास पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद से कांग्रेस हजारीबाग जिला ओबीसी अध्यक्ष अजय प्रजापति ने शिष्टाचार मुलाक़ात की। हाल ही में नवमनोनित होने के बाद राजधानी पहुंचे अजय प्रजापति का आयोग अध्यक्ष ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाक़ात के दौरान राजीव रंजन प्रसाद ने अजय प्रजापति को हजारीबाग जिला ओबीसी अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संगठन में नई जिम्मेदारी के साथ प्रजापति निश्चित रूप से ओबीसी समाज के उत्थान, शिक्षा, सामाजिक न्याय और अधिकारों की दिशा में प्रभावी कार्य करेंगे। दोनों के बीच संगठनात्मक मजबूती, ओबीसी समुदाय की मौजूदा चुनौतियों एवं योजनाओं को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू करने जैसे कई विषयों पर सकारात्मक बातचीत हुई।

अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने विश्वास जताया कि अजय प्रजापति के नेतृत्व में हजारीबाग जिले में ओबीसी समाज के हितों को नई दिशा और गति मिलेगी। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रजापति के सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## लकड़ी काटते समय बरगद के पेड़ से गिरा अधेड़ ,मौत

**हमीरपुर :-** कुरारा थाना क्षेत्र के खरौज गांव में कब्रिस्तान के बरगद के पेड मे चढ़कर सूखी लकड़ी काट रहे 55 वर्षीय अधेड़ का पैर फिसल जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए जहां सीएचसी प्रभारी ने उसे मृतक घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के खरौज गांव निवासी वरासत (55) पुत्र मेहंदी रविवार को गांव के कब्रिस्तान मे बरगद के पेड़ पर चढ़कर सूखी लकड़ियां काट रहा था , तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन आनन फ़ानन उसको उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए , जहां चिकत्सक सीएचसी प्रभारी सुनील कुमार जायसवाल ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयो ने सबसे बड़ा व अविवाहित था और मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

## बाल दिवस और झारखंड रजत वर्ष के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**● निदेशक राकेश रोशन कहा - यह जश्न हमें अनुशासन और टीम भावना का महत्व सिखाता है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बाल दिवस और झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस रजत वर्ष के शुभ अवसर पर संस्थान में एक भव्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, रस्साकसी और 3-लेग दौड़ जैसे कई रोमांचक खेल शामिल थे। सबसे पहले बात करें क्रिकेट की, तो इस मुकाबले में दो टीमें आमने-सामने थीं। द आरसीआई कॉमर्स और द आरसीआई कंप्यूटर। दोनों टीमों के बीच एक कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें अंततः द आरसीआई कॉमर्स की टीम विजयी रही।इसके बाद, कबड्डी के रोमांचक मुकाबले में आरसीआई धुरंधर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरसीआई चैंपियन को 20-11 के स्कोर से पराजित कर दिया। शक्ति और टीमवर्क के प्रदर्शन वाले खेल रस्साकसी में आरसीआई गर्ल्स ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया और आरसीआई बॉयज को 3-1 के अंतर से हरा दिया, जिसने दर्शकों को खूब उत्साहित किया। दिन के अंत में आयोजित हुई 3-लेग दौड़ में संतुलन और तालमेल का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। इस दौड़ में अंशिका और मीनाक्षी की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, अलका और राजनंदनी दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अंशिका और रिया की जोड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर, सभी विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक राकेश रोशन ने सभी प्रतिभागियों के जोश और खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा, यह खेलकूद प्रतियोगिता हमारे लिए दोहरे जश्न का मौका है - बाल दिवस और झारखंड का रजत वर्ष। खेल हमारे जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और एकजुटता की भावना को मजबूत करते हैं। मैं सभी छात्रों से आग्रह करता हूँ कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी महत्व दें।

## एक्शन मूड में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी, डॉक्टरों को दी सीधी चेतावनी

**● ज़िम्मेदारी निभाओ वरना सीधे सस्पेंशन के लिए तैयार रहो : डॉ. इरफान अंसारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जामताड़ा, झारखंड:-** शनिवार देर रात जामताड़ा के नारायणपुर भैयाडीह में हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। भीषण बाइक दुर्घटना में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से विशाल यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा भाई धनबाद के एसएनएमसीएच में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफ़ान अंसारी देर रात ही नारायणपुर के पोस्ता गांव पहुँचे। गांव पहुँचते ही मंत्री पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। बिना देरी, बिना औपचारिकता सीधे हालात का जायजा लेते हुए उन्होंने प्रशासन और डॉक्टरों को कड़े निर्देश दिए। डॉ. अंसारी ने राज्य के डॉक्टरों को तीखी चेतावनी देते हुए कहा कि ड्यूटी छोड़कर प्राइवेट प्रैक्टिस? एक सेकंड की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं ! छोटी-मोटी गलती नहीं... आपकी लापरवाही से विभाग की बदनामी होती है। अब ये बर्दाश्त नहीं होगा।एसएनएमसीएच प्रशासन को सख्त आदेश देते हुए मंत्री ने कहा– सुपरिंटेंडेंट तुरंत आईसीयू पहुँचे और मरीज की खुद मॉनिटरिंग करें।

विशेष डॉक्टर्स की टीम तुरंत गठित की जाए इलाज में 1 मिनट की भी देरी स्वीकार नहीं। उन्होंने साफ कहा कि मरीजों को बेवजह रेफर करने की प्रवृत्ति बंद होनी चाहिए। SNMCH में सभी सुविधाएँ मौजूद हैं। जब संसाधन हैं, तो इलाज भी दर्जे का होना चाहिए। डॉ. अंसारी ने एक बार फिर डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मैं मौके पर पहुँचा और जरा-सी भी लापरवाही मिली... तो डॉक्टर सीधे सस्पेंड होगा। बिना नोटिस, बिना बहाने। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकारी सेवा सिर्फ वेतन लेने के लिए नहीं, बल्कि मरीजों की जान बचाने की जिम्मेदारी के लिए होती है। आपकी लापरवाही से एक भी जान नहीं जानी चाहिए। समझ लीजिए, मैं ज़ीरो टॉलरेंस पर हूँ। हादसे के बाद पूरा क्षेत्र शोक में है और घायल युवक के उपचार के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, मंत्री के सख्त निर्देशों ने स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही पर कड़ा संदेश दिया है।

## झारखंड स्थापना दिवस की संध्या पर बरही प्रखंड परिसर को रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** झारखंड स्थापना दिवस की संध्या पर बरही प्रखंड परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक लाइट्स और सजावटी सामग्री से जगमग कर दिया गया, जिससे पूरा प्रखंड कार्यालय उत्सव के माहौल में डूबा नजर आया। प्रखंड प्रशासन की ओर से स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष सजावट की गई थी। शाम ढलते ही परिसर रोशनी से नहा उठा और वहां उपस्थित लोगों ने इस सुंदर दृश्य को कैमरों में कैद किया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि झारखंड अपनी स्थापना के 25 वर्षों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में जनता की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण रही है। प्रशासन और जनता के बेहतर सहयोग से ही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच पाता है। बीडीओ महतो ने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। आने वाले वर्षों में झारखंड को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य प्रशासन का है, जिसमें सभी नागरिकों का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि राज्य स्थापना दिवस झारखंडवासियों के लिए गौरव का दिन है, और इसी भावना के साथ प्रखंड परिसर को सुसज्जित किया गया। उन्होंने राज्य स्थापना दिवस पर सभी प्रखंडवासियों को शुभकामनाएँ दीं और झारखंड के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उप परिवहन आयुक्त ने किया एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण

**चित्रकूट:** झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के डी सिंह गौर ने शनिवार को सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रजिस्टर, लाइसेंस संबंधित अभिलेखों तथा फिटनेस जांच प्रक्रिया की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मिली कई अनियमितताओं पर उन्होंने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों के खटारा वाहन संचालकों को वाहनों को तुरंत ठीक कराने की चेतावनी दी। शनिवार को परिवहन आयुक्त के आगमन पर एआरटीओ राम प्रकाश सिंह ने उनका स्वागत किया।

इसके बाद उन्होंने उपस्थिति पंजिका के अवलोकन से निरीक्षण की शुरुआत की। इसके बाद कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण किया और पटल सहायकों से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया और पहचान पत्रिकाओं के सही से रखरखाव करने की सख्त हिदायत दी। कार्यालय परिसर में उप परिवहन आयुक्त ने पुराने सीज वाहनों के स्थिति की भी समीक्षा की और पुराने व खराब हालत वाले वाहनों की नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया के तहत निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस कदम का उद्देश्य कार्यालय में वाहन प्रबंधन को पारदर्शी और सुरक्षित बनाना बताया गया।

## कार्यशाला का आयोजन कर किशोर-किशोरों को दी गई जीवन कौशल की जानकारी

**चित्रकूट:** ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड की जाग्रति परियोजना के अंतर्गत जनपद के के भंभेट, रगौली, रुपौली, बड़ेवरा, बिहारा, देयुधा, इटखरी, साईपुर, परसौजा आदि गाँवों में किशोर-किशोरियों के जीवन कौशल पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाल में दिल्ली से आये ट्रेनर ईश्वर सिंह ने किशोर-किशोरियों को उनके जीवन कौशल पर आधारित वार्तालाप कर निर्णय लेने के कौशल, समस्या एवं समाधान करने के कौशल सहित अनेक प्रकार के आउट डोर गेम कराकर फिजिकल एक्टिविटी को लेकर उन्हें प्रशिक्षित किया। उन्होंने समस्या एवं समाधान को लेकर किशोर-किशोरियों का ग्रुप बनाकर विभिन्न प्रकार की गतिविधि करायी और उन्हें बताया कि कोई समस्या आने पर सामूहिक चर्चा व शांत मन से उसका समाधान किया जा सकता है। हड़बड़ी में समस्या सुलझने के वजाय उलझ जाती है। हैण्ड बॉल के माध्यम से बहुत सारी प्रतियोगताये करायी। जिसमें किशोर-किशोरियो ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस मौके पर जिला समन्वयक राजीव कुमार पाठक, खण्ड समन्वयक विकास पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय, ओ.आर.डब्ल्यू पल्लवी, रीतू, उजाला सहित विद्यालयों के प्रधानाध्यक व सहायक अध्यापक मौजूद रहे।

## बिना निर्धारित स्टॉप के बसों की मनमानी से बढ़ा खतरा, चंदवा एनएच पर ट्रैक्टर-कार की जोरदार टक्कर में बाल-बाल बचे यात्री



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंड:-** चंदवा प्रखंड क्षेत्र में रांची-चतरा राष्ट्रीय राजमार्ग और रांची-मेदिनीनगर मार्ग पर बिना निर्धारित स्टॉप वाले स्थानों पर यात्री बसों के अनियंत्रित ठहराव से सड़क हादसों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बेवजह रुकने वाली बसों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमराने लगी है और आम वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसी लापरवाही का ताज़ा उदाहरण शनिवार की शाम देखने को मिला, जब गुरीटांड़ से स्थापना दिवस समारोह से लौट रहे चीरो गांव (बोदा पंचायत) के ग्रामीणों से भरी एक ट्रैक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के समीप एनएच पर एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, मगर सौभाग्य से कार चालक सहित सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एनएच पर अचानक रुकने वाली बसों और खराब मोड़ की वजह से यातायात अव्यवस्थित हो रहा है, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पाकर चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसों के अनधिकृत ठहराव पर तुरंत रोक लगाई जाए तथा केवल चिन्हित स्थानों पर ही बस स्टैंड या स्टॉप निर्धारित किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## 19 को दीनदयाल आईटीआई में होगा 'युवा संगम' रोजगार मेले का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चित्रकूट:** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित दीनदयाल औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र चित्रकूट में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा आगामी 19 नबम्बर बुधवार को जिला प्रशासन सतना और जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से युवा संगम रोजगार मेला आयोजित होगा। यह मेला सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें 15 बड़ी कंपनियां में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर मिलेंगे। मेले में एमएसएमई, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी कंपनियां आएंगी। रोजगार मेला में चैतन्य फाइनेंस, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा एंटरप्राइजेज, मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड, टीएसपीएल आदि कंपनियों में 18 से 35 वर्ष के दसवीं पास से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा डिग्री और स्नातक युवाओं को रीवा संभाग, गुजरात, महाराष्ट्र आदि स्थानों पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। दीनदयाल औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य संजय दुबे ने बताया कि संस्थान द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए संचालित दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जोड़कर रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 2006 से कार्यरत है। जिसमें आठ व्यावसायिक ट्रेंडों को इनमें शामिल किया गया है। जिनकी प्रशिक्षण अवधि एक से दो वर्ष तक है। इनमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, कोपा, कटिंग एंड सुइंग, ड्राफ्ट्समैन, प्लंबर, सोलर टैक्नीशियन आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा लघु अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। क्षेत्र के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये दीनदयाल आईटीआई कैंपस में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले ''युवा संगम'' का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर होगा। पूरी प्रक्रिया निःशुल्क रहेगी। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार लेकर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के ऐसे युवा भाग ले सकते हैं, जिन्होंने हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर तक की शिक्षा या तकनीकी योग्यता (जैसे आईटीआई) प्राप्त की हो। आवेदकों को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए ऋण प्रक्रिया की जानकारी एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बायोडेटा की प्रतियाँ, पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियाँ साथ लेकर आएं।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्ड को स्वच्छ बनाने में करें सहयोगः अरविंद राजा



**वीर बुंदेली समाजसेवी संस्था का महा सफाई अभियान जारी गांधीनगर द्वितीय में प्लांट क्षेत्र किया स्वच्छ**

**ललितपुर।** वीर बुंदेली समाजसेवी संस्था द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत आज गांधीनगर वार्ड नंबर 4 में जैन मंदिर के पीछे स्थित प्लांट परिसर की व्यापक सफाई की गई। संस्था सदस्यों ने मिलकर पूरे क्षेत्र से कचरा हटाया और स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं संस्था के अध्यक्ष अरविंद राजा ने स्थानीय लोगों से अपील की कि साफ किए गए क्षेत्र में पुनः कचरा न डालें और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। इस दौरान देवेंद्र यादव, अनिल पंथ, सोनू शुक्ला, राज जोशी, बृजेश पाल, हरिदास कुशवाहा, नितिन कटारे, जितेंद्र जोशी, भोगीराम साहू, रवि पंथ, विजेंद्र सिंह बुंदेला सहित सभी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान देकर सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्था का कहना है कि आगामी दिनों में भी शहर के विभिन्न इलाकों में सफाई अभियान जारी रहेगा।

### धूमधाम से मनायी जायेगी महाराजा खेत सिंह जूदेव जयंती



**ललितपुर।** तुवन मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय खंगार समाज के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र परिहार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आने वाली 27 दिसंबर को महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव जयंती की रूपरेखा बनाई गई, जिसमें सजातीय बंधुओ से अपना विशेष सहयोग देने की बात कही। जयंती को भव्यता के साथ व समाज को संगठित बनाने समाज बंधुओ द्वारा विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कंछेदीलाल बिरधा, कैलाश राणा, रामगोपाल सिंह, भैयन खंगार (प्रधान छपरट), सोवरान सिंह, श्रीकांत सिंह, सुनील परिहार, शीलू परिहार, अनिल परिहार, बालवीर परिहार, नीरज परिहार, धर्मेंद्र परिहार, अमित परिहार, संजू राजा, शिवम परिहार, अरविन्द परिहार, अभिषेक परिहार, बृजेंद्र सिंह, रोहित परिहार, गोलू परिहार, राजेंद्र परिहार, नीरज परिहार, अभिषेक परिहार, हर्ष परिहार, रवि परिहार, शुभम तालाबपुरा, भगत सिंह, ब्रजलाल खंगार, रामकेश परिहार, मनीष परिहार, आशीष परिहार, परमानंद परिहार, देवेंद्र परिहार, अरविंद परिहार, सुरेंद्र परिहार, ऋतिक परिहार, डीपी परिहार, सौरभ परिहार, राहुल परिहार, उपकार सिंह, सुरेंद्र परिहार, आकाश परिहार, राजा सिंह, प्रदीप परिहार, राहुल परिहार आदि मौजूद रहे।

### भाजपाईयों ने मनाया से सांसद का जन्मदिन



**सरकारी अस्पताल में किया गया फल वितरण**

**मड़ावरा।** झांसी-ललितपुर सीट के लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। रविवार को ब्लॉक प्रमुख चंद्रदीप रावत के संयोजन में आयोजित समारोह में केक काटकर स्थानीय सांसद के दीर्घायु होने की कामना की गई एवं कार्यकर्ताओं समेत सरकारी अस्पताल पहुंचकर मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरण किये गये। इस दौरान उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग शर्मा झांसी-ललितपुर क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनके प्रयास से मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार द्वारा झांसी में बीडा ओद्योगिक संस्थान का विकास एवं ललितपुर में ड्रग फार्मा पार्क निर्माण समेत सैंकड़ों विकास कार्य कराये जा रहे हैं। ऐसे यशस्वी सांसद की ईश्वर दीर्घायु प्रदान करे। इस दौरान भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज जैन, उपाध्यक्ष लखन भदौरिया, टिकी रावत, अतिशय जैन, संजय परिहार, सुखनंदन पाल, राघवेन्द्र सिंह सदर, गोकल कुशवाहा, लखन झा, सुनील, आनंद आसाराम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, नवंबर का आधा वक्त निकल गया पर हालत जस की तस

**●अभियान कागजों में तेज, मैदान में ढीला, नवंबर का यातायात माह भी नहीं सुधार सका शहर की स्थिति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता देवेन्द्र साहू

**ललितपुर।** नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है, लेकिन माह का आधा समय बीतने के बावजूद यातायात व्यवस्था में न तो सुधार दिख रहा है और न ही जिम्मेदार विभागों की सक्रियता। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर बाजारों तक अव्यवस्थाओं का ऐसा जाल है कि रोजाना हजारों लोग जाम, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और बेपरवाह ड्राइविंग की वजह से परेशान हो रहे हैं। सड़क सुरक्षा के नाम पर बड़े-बड़े पोस्टर जरूर लगाए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर दिखाई देने वाली स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। सबसे चिंताजनक यह है कि जिसे लेकर पूरे महीने जागरूकता अभियान चलाया जाना था, वही व्यवस्था अभी तक की पूरी तरह अस्त-व्यस्त पड़ी है। वहीं दूसरी ओर वाहन चालक बिना हेलमेट, नो पार्किंग में वाहन खड़े करने और ओवरलोडिंग जैसे नियमों को खुलकर धता बता रहे हैं। खास बात यह है कि यातायात पुलिस और नगर पालिकाकृदोनों विभागों के बीच अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था सुधारने को लेकर तालमेल का अभाव साफ नजर आ रहा है। शहर के सबसे व्यस्त मार्गकृकस्बा रोड, झांसी रोड, सब्जी मंडी, बस स्टैंड और घंटाघर क्षेत्र में स्थिति सबसे बदतर है। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ व सड़क तक फैलाया गया अतिक्रमण इतना बढ़ चुका है कि पैदल चलने वालों तक के लिए जगह नहीं बची। कई बार यातायात पुलिस ने अभियान की घोषणा की, लेकिन कार्रवाई सिर्फ एक-दो दिन तक सीमित रहकर फिर ठंडे बस्ते में चली गई। वहीं ठेले-खोमचे के कब्जे, दो पहिया वाहनों की अवैध पार्किंग और ऑटो चालकों की मनमानी ने स्थिति को और खराब कर दिया है।

**आधा महीना बीता पर सड़कें अब भी जाम में जकड़ी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवंबर का आधा समय निकल चुका है, लेकिन न तो स्थायी अतिक्रमण हटाए गए और न ही नियमित चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर चालान जरूर करती है, पर उन जगहों पर नियंत्रण नहीं कर पाती जहां रोजाना जाम लगता है। सुबह और शाम के समय लोग 300 से 400 मीटर की दूरी तय करने में भी 15-20 मिनट बर्बाद कर देते हैं। इससे न सिर्फ आमजन का समय खराब होता है, बल्कि एम्बुलेंस और मरीजों को ले जाने वाले वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यातायात माह का असली उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना, अव्यवस्थाओं को पहचानकर दूर करना और बेहतर ट्रैफिक सिस्टम स्थापित करना था, लेकिन हकीकत इससे बिलकुल उलट



दिखाई दे रही है।

**खूब चल रहे जागरूकता कार्यक्रम फिर भी शहर जाम में उलझा**

भले ही यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन शहर का जाम और अवैध कब्जों का संकट जस का तस बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि यातायात माह सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि आवश्यकता है कि पूरे महीने के दौरान पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका मिलकर निरंतर अभियान चलाएं। ट्रैफिक सिग्नल दुरुस्त हों, दुकानदारों को सीमा में रखा जाए, फुटपाथों को मुक्त कराया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर स्थायी पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। यह भी जरूरी है कि स्कूल-कॉलेज के छात्रों, व्यापारियों और स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। जनता की अपेक्षाओं के अनुसार, यदि नवंबर को यातायात सुधार का महीना घोषित किया गया है, तो इसका असर सड़कों पर भी नजर आना चाहिए। आधा महीना बीतने के बाद भी यदि व्यवस्था बदहाली की हालत में है, तो जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**शहर में ट्रैफिक बिगाडने़ वाली मुख्य वजहें**



ललितपुर शहर की अव्यवस्थित यातायात स्थिति के पीछे सबसे बड़ी वजह लगातार बढ़ता अतिक्रमण, सड़क किनारे खड़े ठेले-खोमचे और दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर फैलाया गया कब्जा है, जिससे सड़क का वास्तविक चौड़ाई हिस्सा कम हो जाता है और वाहनों की आवाजाही बाधित होने लगती है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस की सीमित मौजूदगी और अनियमित चेकिंग के कारण वाहन चालकों में नियमों के प्रति अनुशासन नहीं बन पाता। बाइक सवारों का बिना हेलमेट चलना, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी, बसों का अनियमित स्टॉपेज, अवैध पार्किंग और नगर पालिका की ओर से स्थायी अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई न होना नगर की यातायात व्यवस्था को रोजाना अवरुद्ध करने का काम करता है। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र झांसी रोड, घंटाघर, सब्जी मंडी, बस स्टैंड और कस्बा रोड हैं, जहां सुबह से रात तक भीड़, जाम और अस्त-व्यस्त पार्किंग का एक स्थायी दृश्य देखने को मिलता है। विशेषज्ञों के अनुसार जब तक इन प्रमुख कारणों पर संयुक्त रूप से सख्त और निरंतर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ट्रैफिक सुधार सिर्फ कागजों और बैठकों तक ही सीमित रहेगा।

## महिला आयोग की सदस्य 19 को करेंगी गोंडा का दौरा, जनसुनवाई व विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित

**● महिला आयोग की सदस्य 19 को गोंडा आएंगी, करेंगी महिला जनसुनवाई**

**जिला अस्पताल, महिला अस्पताल और कारागार का निरीक्षण करेंगी ऋतु शाही**

**19 नवम्बर को गोंडा में महिलाओं की समस्याओं पर होगी विशेष जनसुनवाई**

**महिला सुरक्षा व कल्याण व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए आयोग सदस्य का एक दिवसीय दौरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही आगामी 19 नवम्बर को एक दिवसीय दौरे पर जनपद में आएंगी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उनका यह भ्रमण महिलाओं की समस्याओं के समाधान, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा और जिला प्रशासन से समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से निर्धारित किया गया है। सदस्या ऋतु शाही का आगमन प्रातः 8 बजे गोंडा में होगा। पूर्वान्ह 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले की महिलाएँ अपनी समस्याएँ सीधे आयोग सदस्य के सामने रख सकेंगी। अपराह्न 3 बजे वे जिला कारागार का निरीक्षण करेंगी। इसके पश्चात शाम 4 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार वे शाम 6 बजे गोंडा से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी। महिला आयोग की यह जनसुनवाई जिले की महिलाओं के लिए अपनी समस्याएं सीधे उच्च स्तर पर पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

## रोहित राठौर समाजवादी राठौर साहू महासभा के प्रदेश सचिव नियुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** समाजवादी राठौर साहू महासभा संगठन ने सामाजिक सेवा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश महासचिव मोहर सिंह राठौर द्वारा पूर्व पार्षद रोहित राठौर को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। मनोनयन पत्र में रोहित राठौर के सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान एवं संगठनात्मक क्षमताओं को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे तन, मन और धन से संगठन



की मजबूती, सदस्यता वृद्धि तथा समाज के विभिन्न मुद्दों को उठाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। साथ ही यह भी विश्वास व्यक्त किया गया कि वह संगठन के हितों की रक्षा करते हुए समाज के लोगों को राजनीतिक व सामाजिक रूप से जागरूक करने में विशेष योगदान देंगे।

## सोनभद्र पुलिस का ऑपरेशन क्लीन अनपरा में 2.20 लाख की अवैध हेरोइन के साथ महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के सख्त निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान को आज एक बड़ी सफलता मिली। अनपरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11.02 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने डिबुलगंज दुर्गा मंदिर रोड के पास घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को धर दबोचा। बरामद की गई हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग ?2,20,000 बताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण




और क्षेत्राधिकारी पिपरी श्री अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) की धारा 8/21 के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तस्करों में एक महिला और मध्य प्रदेश का एक निवासी शामिल है, जो इस अंतरराज्यीय नेटवर्क की ओर इशारा करता है।चम्पा देवी पत्नी स्व. राजू प्रसाद, निवासी भगत सिंह नगर, डिबुलगंज, उम्र 50 वर्ष, कृष्णचंद कुशवाहा पुत्र नंद लाल, निवासी चटकानाला झिंगुरदह बैरियर, मोरवा, सिंगरौली, म.प्र., उम्र 33 वर्ष कुल बरामदगी 11.02 ग्राम इस महत्वपूर्ण धरपकड़ को सफल बनाने वाली पुलिस टीम में निम्नलिखित सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही उपनिरीक्षक धर्मनारायण भार्गव उपनिरीक्षक अशोक सिंह, म.हे.का. किरण यादव,कांस्टेबल रमेश गौड़,कांस्टेबल अजीत यादव पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि सोनभद्र में नशाखोरी को रोकने और युवाओं को बचाने के लिए यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## ओबरा खदान हादसा रेस्क्यू की धीमी गति पर भारतीय मजदूर संघ ने जताई कड़ी नाराज़गी, धरने की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र** - बिल्ली-मारकुंडी स्थित रास पहाड़ी में हुए भीषण खदान दुर्घटना के बाद, मलबे में दबे श्रमिकों को बाहर निकालने की रेस्क्यू प्रक्रिया की अत्यधिक धीमी गति पर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने गहरी नाराज़गी व्यक्त की है। संघ ने प्रशासन की तैयारियों और रेस्क्यू के तौर-तरीकों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) का कहना है कि दुर्घटना स्थल पर तकनीकी मशीनों की भारी कमी है, जिसके कारण रेस्क्यू ऑपरेशन की रफ्तार संतोषजनक नहीं है। संघ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बचाव कार्य में देरी होने से दबे हुए श्रमिकों के जीवित मिलने की संभावना क्षीण होती जा रही है। मृत श्रमिकों के शव भी पहचान योग्य



न बचने का खतरा बढ़ रहा है। बीएमएस ने इस धीमी गति को श्रमिकों के जीवन के प्रति प्रशासन की असंवेदनशीलता बताया है। जब बीएमएस का एक प्रतिनिधिमंडल रेस्क्यू की प्रगति जानने के लिए दुर्घटना स्थल की ओर बढ़ा, तो प्रशासन ने काफी दूरी पर ही बैरिकेटिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इस रोक-टोक और सूचना तक पहुँचने से रोकने की प्रशासनिक कार्रवाई से श्रम प्रतिनिधि काफी नाराज़ हुए। उन्होंने इस प्रतिबंध को प्रशासन की असंवेदनशीलता बताते हुए उपजिलाधिकारी ओबरा को मामले से अवगत कराया। धीमी रफ्तार से चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन और प्रशासनिक प्रतिबंधों के विरोध में, भारतीय मजदूर संघ ने कड़ा रुख अपनाया है। बीएमएस ने निर्णय लिया है कि वे अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसके संबंध में जिलाधिकारी सोनभद्र को जल्द ही नोटिस सौंपी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में ये पदाधिकारी शामिल थे। प्रदेश मंत्री अरुण कुमार दुबे,विभाग प्रमुख अश्विनी शुक्ला, जिला मंत्री लल्ला शुक्ला,मंत्री शशिकांत सिंह, संतोष यादव समेत अन्य पदाधिकारी। बीएमएस का कहना है कि जब तक रेस्क्यू ऑपरेशन में गति नहीं आती और श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, उनका विरोध जारी रहेगा।

## व्यापारियों का उत्पीडऩ किसी दशा में बर्दाश्त नहीं: व्यापार मण्डल

**●कोर कमेटी की बैठक में स्मार्ट मीटरों के बिल न आने पर भी जताई चिन्ता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उप्र.उद्योग व्यापार मंडल की मासिक कोर कमेटी की एक बैठक प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में जगदीश मार्केट व्यापार मंडल कार्यालय पर संपन्न की गई, जिसमें व्यापारियों की समस्याओं एवं उनके किए जा रहे हैं उत्पीडऩ एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा शीघ्र ही एक भव्य कार्यक्रम करने का निर्णय किया गया। कोर कमेटी की बैठक में महरौनी के बानपुर चौराहे पर किराना व्यापारी आसाराम एवं मथुरा प्रसाद प्रजापति के साथ समान उधार न देने पर दुकान से बाहर घसीट कर अराजक तत्वों द्वारा मारपीट की गई तथा पुलिस को रिपोर्ट करने पर पुनः बर्बरता पूर्ण तरीके से मारपीट कर मरणासन्न किया गया जिसकी पुनः महरौनी कोतवाली में रिपोर्ट



दर्ज की गई, रिपोर्ट दर्ज होने के पश्चात भी अराजक तत्व खुलेआम पीड़ित व्यापारी को धमका रहे हैं और व्यापारी इतना दहशत में है। अपना प्रतिष्ठान भी नहीं खोल पा रहा है। घटना की कटु शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने और व्यापारी को सुरक्षा प्रदान कराए जाने की मांग की गई। कोर कमेटी की बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए प्रीपेड मीटर में मैसेज ना पाने के कारण उपभोक्ता अपने बिलों को जमा नहीं कर पा रहा है और उनका कनेक्शन सिस्टम से स्वत कट जा रहा है, जिससे सैकड़ों उपभोक्ता विभाग के चक्कर लगाने को विवश हैं और घर एवं दुकानों पर अंधेरा होने के कारण विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है जो कभी भी जन आंदोलन का रूप ले सकता है। संगठन ने उपभोक्ताओं से अपील की कि जिनके प्रीपेड मीटर है और उनकी अचानक बिल भरने के अभाव में लाइट कट जाती है तो मीटर में एक सामने की ओर बटन लगा हुआ है जिसे 30 सेकंड तक दबाने पर 24 घंटे के लिए लाइट आ जाएगी और इसी बीच में आप अपनी समस्या का समाधान विभाग से कर लें। कोर कमेटी की बैठक में सभी जिले, नगर ,युवा के पदाधिकारी से अपील की कि वह अपने दायित्व को समझें और अपने दायित्व के अनुसार संगठन को मजबूत करें और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहे। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, महामंत्री अनिल जैन, नगर अध्यक्ष महेश जैन मोनू, प्रदेश मंत्री नवीन सिंघई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेश सतभैया, अभय जैन एड., प्रीतम सराफ, मनोज जैन, रामप्रकाश साहू, युवा नगर अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू, नगर युवा महामंत्री राहुल मोदी, जयनारायण शर्मा, वीरेंद्र जैन कल्लू, उदयभान सिंह यादव, संतोष साहू खजुरिया, पार्षद आलोक जैन मयूर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## श्री राम सेवा समिति ने एक साथ भोजन कराकर तोड़ी अमीर-गरीब की दीवार

**● ओबरा में एक पंक्ति, एक भाव श्री राम सेवा समिति ने भोजन के माध्यम से स्थापित की सामाजिक समरसता की मिसाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा, सोनभद्र**- उत्तर प्रदेश आज के आधुनिक युग में, जहाँ आर्थिक असमानता की खाई समाज को विभाजित करती है, वहीं ओबरा (सोनभद्र) की श्री राम सेवा समिति ने एक क्रांतिकारी और प्रेरणादायक सामाजिक पहल शुरू की है। समिति ने अमीर और गरीब के बीच की हर दीवार को ध्वस्त करते हुए एक ऐसा मंच बनाया है, जहाँ सभी लोग बिना किसी जाति या आर्थिक भेदभाव के एक साथ बैठकर प्रभु का प्रसाद (भोजन) ग्रहण करते हैं।संस्थापक, पत्रकार और अध्यक्ष श्री अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में चल रहा यह कार्य, केवल एक भोजन



वितरण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और एकता का एक सशक्त प्रतीक बन गया है। श्री राम सेवा समिति का मूल उद्देश्य असहाय और भूखे व्यक्तियों को पेट भर पौष्टिक भोजन खिलाना है। निस्वार्थ सेवा भाव से प्रेरित होकर, समिति के समर्पित सदस्य प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंदों को भरपेट भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। इसी सेवा श्रृंखला के तहत, हाल ही में सेवा समर्पण का 13वाँ शनिवार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर, 15 नवंबर को एकादशी होने के कारण, समिति ने विशेष रूप से हलवे का प्रसाद वितरण किया, जिसका सभी ने एक साथ आनंद लिया। समिति की इस अनूठी पहल के माध्यम से यह दर्शाया जा रहा है कि सेवा और आध्यात्मिकता के मार्ग पर कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता। यह कार्य केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और करुणा का जीवंत उदाहरण है, जो सच्ची सेवा की मिसाल कायम करता है। समिति के प्रयास यह साबित करते हैं कि सच्ची सेवा वही है जो बिना किसी प्रतिफल की अपेक्षा के केवल मानव कल्याण के उद्देश्य से की जाती है। श्री राम सेवा समिति का यह कदम पूरे समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत है कि हम सभी को मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए, जहाँ भूख और अभाव से कोई भी व्यक्ति पीड़ित न हो। समाज और इंसानियत के प्रति अद्भुत मानवता का यह कार्य संस्थापक पत्रकार अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में हो रहा है। उनके साथ यह महान मिशन आगे बढ़ा रही समर्पित टीम में शामिल हैं। उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे,सचिव सरिता सिंह, कोषाध्यक्ष रीता कुमारी, संरक्षक सर्वेश दुबे ओम प्रकाश सिंह, बाबू राम सिंह, पवन सिंह, और संतोष साहनी।

## पाली में अग्निवीर भर्ती ट्रायल सम्पन्न, 1600 मीटर में चन्द्रपाल व 800 मीटर में अनुज रहे अव्वल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाली।** पाली खेल स्टेडियम में फ्यूचर स्टार एकेडमी एवं बुन्देलखण्ड लाइव टीवी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अग्निवीर भर्ती ट्रायल का भव्य आयोजन किया गया। ट्रायल में आसपास के कई क्षेत्रों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी फिटनेस का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमर विश्वकर्मा (जिला पंचायत सदस्य) एवं मनीष कुमार तिवारी (नगर पंचायत अध्यक्ष) द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर भगवान दास प्रजापति, देवेंद्र अहिरवार, विनोद यादव सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत फ्यूचर स्टार एकेडमी और बुन्देलखण्ड लाइव टीवी की टीम ने रोली लगाकर व माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि अमर विश्वकर्मा व अध्यक्ष मनीष तिवारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निवीर भर्ती जैसे आयोजनों से युवाओं में ऊर्जा और अनुशासन बढ़ता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अमर विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि आप सभी युवा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सभी सरकारी भर्तीयों में भाग लें और अपने क्षेत्र का



नाम रोशन करें। नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने कहा कि आप सभी युवा गलत संगति में पढ़ें। मोबाइल पर सोशल मीडिया का सही जगह और तरीके से इस्तेमाल करें, सभी प्रकार के नशों से दूरी बनाए रखें नगर पंचायत अपने सपनों को साकार करने के लिए हर संभव मदद करने को हमेशा तैयार है। 800 मीटर दौड़ में अनुज अव्वल, 800 मीटर दौड़ में प्रतिभाओं ने कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई। अनुज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 मिनट 28 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। शनि ने 2 मिनट 19 सेकंड समय लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नीलेश ने 2 मिनट 22 सेकंड के साथ तृतीय स्थान पर जगह बनाई। 1600 मीटर दौड़ में चमके चन्द्रपाल, लंबी दूरी की 1600 मीटर दौड़ में भी खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस का दमखम दिखाया। चन्द्रपाल ने 4 मिनट 49 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया। अभिषेक ने 4 मिनट 49 सेकंड 90 प्वाइंट के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। दिनेश ने 4 मिनट 51 सेकंड समय लेकर तीसरा स्थान पाया। इस दौड़ में सत्यभान, जयहिंद, रामसिंह, आकाश, अमित, मुकीम कुरैशी, शैलेन्द्र यादव, मुकन, रोहित, रेशू सहित कई अन्य युवाओं ने भी प्रतिभाग किया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**आयोजकों ने बढ़ाया युवाओं का हौसला**

टाइगर एकेडमी ललितपुर के सुनील कुमार राजपूत ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सैन्य भर्ती जैसी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फ्यूचर स्टार एकेडमी पाली के पुष्पेंद्र ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जो युवा इस बार पीछे रह गए, वे और बेहतर तैयारी करें, अगली जीत उनकी होगी। बुन्देलखण्ड लाइव टीवी के जगदीश राय 'मोनू' ने समापन संबोधन में सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजन समिति का आभार जताते हुए कहा कि पाली खेल स्टेडियम में युवाओं को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि युवा अपनी तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में उत्साह और जोश का वातावरण देखने को मिला।

## भारतीय जनता मजदूर संघ में नई जिम्मेदारी : हरेंद्र राजा हुए राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय जनता मजदूर संघ देशभर में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्यरत एक अग्रणी राष्ट्रीय संगठन है। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए संगठन द्वारा अनेक महत्वपूर्ण पहल की जाती हैं। इसी क्रम में आज संगठन के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री शांत प्रकाश जाटव जी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्री हरेंद्र राजा को सचिव, राष्ट्रीय गौपालक श्रमिक सशक्तिकरण एवं कल्याण बोर्ड के पद पर मनोनीत किया है। नई जिम्मेदारी



मिलने पर संगठन में उत्साह का वातावरण है। यह नियुक्ति गौपालक श्रमिकों के हितों, उनकी समस्याओं के निराकरण और उनके सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। भारतीय जनता मजदूर संघ ने श्री हरेंद्र राजा को उनके उज्ज्वल भविष्य और दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खेतों में दिखा 12फीट का अजगर, गांव में मची दहशत, वन विभाग ने सुरक्षित पकड़ा



**घाटमपुर-** कानपुर नगर के बिधनू थाना क्षेत्र के कठारा गांव के बाहर रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया,जब मवेशियों के लिए चारा लेने गए ग्रामीणों ने खेत की मेड़ पर एक विशालकाय अजगर देखा,और गांव में वापस आकर ग्रामीणों को सूचना दी, सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे, और जानकारी वन विभाग, तथा पुलिस को दी, कुछ ही देर में खडेसर चौकी पुलिस और वनविभाग की टीम मौके पर पहुंची, ग्रामीणों की मदद से करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया,वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक मिश्र ने बताया कि अजगर पूरी तरह से सुरक्षित है,उसे पकड़ने के बाद जंगल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, ताकि वह अपने प्राकृतिक आवास में लौट सके, उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि इस तरह के वन जीव दिखने पर हंगामा न करें, ताकि किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

### बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती, जनजातीय गौरव, दिवस की रूप में मनाई गई

**घाटमपुर-** कानपुर ग्रामीण भाजपा ने घाटमपुर के श्रीनगर में बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई,इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में भाजपा कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान और घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने कार्यकताओं के साथ बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए, उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन और मात्र भूमि की रक्षा के प्रति उनके अटूट संकल्प को याद किया भाजपा जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान ने इस अवसर पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल जनजातीय समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश के गौरव हैं, घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सरोज कुरील, ने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए बताया कि उनकी जयंती को पूरे देश में,जन जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि यह दिवस बिरसा मुंडा और देश कै आदिवासी समाज की विरासत का सम्मान हैं, विधायक सरोज कुरील ने आगे कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन आने वाली पीढ़ियों को अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने तथा राष्ट्र हित और कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक संदीप बाजपेई ने भी बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने अपने शौर्य और पराक्रम से जनजातीय समुदाय को संगठित कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था।

### प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है मीडिया - जिलाधिकारी



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आज 16 नवंबर - राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर समस्त पत्रकार बंधुओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज को सही दिशा देने, जनता की समस्याओं को सामने लाने तथा प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि भारत में हर वर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है। यह दिन प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ( PCI ) के गठन की तिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, क्योंकि 16 नवंबर 1966 को PCI की स्थापना हुई थी। प्रेस काउंसिल निष्पक्ष और स्वतंत्र पत्रकारिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने कहा कि आज का दिन पत्रकारिता की स्वतंत्रता, निष्पक्षता, जिम्मेदारी, और नैतिक पत्रकारिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं, और उनकी मेहनत, समर्पण एवं निष्पक्ष रिपोर्टिंग प्रशासन को सही दिशा देने में सहायक होती है। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पत्रकारों की सराहना करते हुए कहा कि जिले के विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं तथा आम जनता की बात को प्रभावी रूप में सामने लाने में मीडिया की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी पत्रकार इसी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ जनपद की प्रगति में सहयोग करते रहेंगे।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद एडीजी आलोक की अगुवाई में और ज्यादा सतर्क कानपुर जोन, जारी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** आतंकियों द्वारा दिल्ली में किए गए ब्लास्ट के बाद यहां कानपुर जोन पुलिस लगातार सतर्क है। वह ए डीजी आलोक सिंह की कुशलतम अगुवाई में हर क्षेत्र में पैनी नजर के साथ ही अपराध/कानून-व्यवस्था, हत्या शीर्षक अन्तर्गत अनावरण हेतु शेष अभियोग,जब्तीकरण की कार्यवाही,अवैध खनन एवं परिवहन,साइबर क्राइम, यू0पी0-112 में प्राप्त शिकायतों पर कृत कार्यवाही ,वाहन/संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा निरंतर पैदल गस्त अभियान भी लगातार जारी किए हुए हैं। मतलब मामला चाहे घटनाओं के सटीक खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी का हो या फिर जन समस्याओं के निस्तारण से संबंधित आईजीआरएस का। यहां की चुनौती पूर्ण कानपुर जोन के अंतर्गत आने वाले आठ जिले कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फतेहगढ़ ,जालौन, ललितपुर और झांसी अपराधियों के खिलाफ कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर दृष्टिकोण से अव्वल भी चल रही है। याद रहे कि आजकल एडीजी के रूप में कानपुर जोन की कमान योगी सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता में भी सदैव अव्वल राष्ट्रपति तक के गोल्ड और प्लेटिनम समेत



सभी तरह के मेडलों और पुरस्कारों के रुप में अनेक दुर्लभ उपलब्धियों के प्रसंसनीय धारक नोएडा के पहले सफल और सर्वोत्तम पुलिस कमिश्नर भी रहे भारत के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक वरिष्ठ आई पी एस आलोक सिंह के हाथ में है। सराहनीय और अनुकरणीय कार्यशैली वाले व्यवहार कुशलता के भी धनी, शिवत्व स्वभाव वाले सुप्रसिद्ध वरिष्ठ आईपीएस एडीजी आलोक सिंह का अबतक का जुझारू इतिहास यह साबित करता है कि उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा हर छोटी से छोटी घटना को भी बहुत गम्भीरता से लेकर पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की सहायता में भी सदैव अग्रणी रही है। इस बारे में खास बात यह भी कि कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा वाले तेज तर्रार और व्यवहार कुशल एडीजी आलोक सिंह के पास आने वाला कोई भी पीड़ित निराश नहीं लौटता। प्रभावी कार्रवाई के रूप में उसकी समस्या का निदान होकर ही रहता है। कुल मिलाकर अपनी नेतृत्व कुशलता के फलस्वरूप यूपी शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली ( आई जी आर एस ) में भी कानपुर जोन को लगातार अव्वल रखने वाले भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले जुझारू एडीजी आलोक सिंह की नेतृत्व कुशलता योगी सरकार की मंशा के अनुरूप जनहित में हर दृष्टिकोण से सफल है। इसके बारे में आध्यात्मिक दृष्टिकोण के मुताबिक इस संसार में लोगों की सहायता करने के लिए परमेश्वर शंख, चक्र और गदा लेकर नहीं आता है। वह किसी ना किसी महामानव को ही अपना माध्यम बनता है।मतलब इस कथन का आईपीएस आलोक सिंह जैसे ही कर्मयोगियों से ही नाता है। मतलब जनहित में विशुद्ध ईमानदारी का नाम आलोक सिंह है। दबाव में नहीं झुकने वाली निडरता का नाम भी आलोक सिंह है। पीड़ितों की हर संभव सहायता का नाम आलोक सिंह है। अपराधियों के उनके कर्मो का फल देने की कर्तव्य निष्ठा का नाम आलोक सिंह है। वही आलोक जो प्रकाश का भी पर्याय है और वही प्रकाश जिसके दायरे में आने वाला कोई अपराधी बच नहीं पाता है, क्योंकि परमेश्वर देश, कालखंड और परिस्थितियों के अनुरूप योगी ,मोदी ही नहीं बल्कि आईपीएस आलोक सिंह भी बन जाता है।

## विश्राम सदन जनपदवासियों के लिए एक वरदान है - सांसद जगदंबिका पाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय/ज़िला संयुक्त चिकित्सालय, सिद्धार्थनगर में पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा निर्मित 50 बेड के विश्राम सदन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल, विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, पावर ग्रिड . आर. के. त्यागी, विधायक विनय वर्मा, प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय, अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, स्वतंत्र निदेशक, पावरग्रिड, युगेश कुमार दीक्षित, कार्यपालक निदेशक, पावर ग्रिड शिव तपस्या पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर किया गया। इसके पश्चात विश्राम सदन का अवलोकन किया गया तथा पौधरोपण किया गया।

बीएसए ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थानों से आने वाले मरीजों के तीमारदार की सुविधा के लिए आज पावरग्रिड द्वारा सीएसआर मद से बने 50 बेड के विश्राम सदन का उद्घाटन किया गया।





इसके साथ 500 हैण्डपम्प एवं 500 सोलर लाइट भी जिला प्रशासन को हैण्ड ओवर किया गया है। आज मेरे लिए यह ऐतिहासिक दिन है। मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कालेज का शिलान्यास किया गया था। प्रधानमंत्री द्वारा यही से उ0प्र0 के 09 मेडिकल कालेज का बर्चुअल लोकार्पण किया गया था। सिद्धार्थनगर एक आकांक्षी जनपद है। मरीजों के परिजन खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होते थे। यह विश्राम सदन जनपदवासियों के लिए एक वरदान है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, पावर ग्रिड . आर. के. त्यागी से पीजीआई के डाक्टर टेलीमेडिसिन से सिद्धार्थनगर मेडिकल कालेज के मरीजों का इलाज करे इसके लिए मांग किया गया। जनपद का काला नमक चावल आज पूरे विश्व में बिक रहा है। सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 जयन्ती के अवसर पर यात्रा यात्रा निकाल कर उनके एकता और अखण्डता को याद किया जा रहा है। उन्होने देश के आजाद होने के पश्चात 562 रियासतों का भारत में विलय कराकर भारत को अखण्ड राष्ट्र बनाया। प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया है कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। आप सभी लोग इसमें सहयोग करें।

कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, पावर ग्रिड . आर. के. त्यागी, विधायक विनय वर्मा, प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय, अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, स्वतंत्र निदेशक, पावरग्रिड, युगेश कुमार दीक्षित, कार्यपालक निदेशक, पावर ग्रिड शिव तपस्या पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बस्ती संजय चौधरी, नपा सिद्धार्थनगर अध्यक्ष गोविन्द माधव, पूर्व सांसद नेपाल अभिषेक शाह, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 राजेश मोहन, व अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सहित भारी संख्या लोग उपस्थित रहे।

## भगवान शिव के महामंत्र जाप में है सृष्टि का कल्याण - आचार्य संतोष जी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप पूरे दूधी रामगंज स्थित सुखसागर धाम में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में रविवार भगवान शंकर की मनोहरी कथा को सुनकर श्रद्धालु शिव भक्ति के परमानन्द में दिखे। कथाव्यास प्रयागराज के आचार्य संतोष जी महराज ने कहा कि भगवान शंकर के महामंत्र के जाप में सदैव सृष्टि का कल्याण है। उन्होने कहा कि भगवान शिव ने संसार में ईर्श्या, द्वेश, भेदभाव , अनीत के विष का हरण किया। उन्होने कहा कि भगवान शंकर की स्तुति करने वाले प्राणी का प्राण संकट भी दूर हो जाया करता है। कथा व्यास आचार्य संतोष जी ने कहा कि शिव ही जगत के पालन हार है। उन्होने कहा कि शिव की आराधना सिर्फ उसी को फलीभूत हुआ करती है जो राग द्वेश से मुक्त हुआ करता है। उन्होने कहा कि भक्ति की साधना सदैव पवित्र हुआ करती है। उन्होने कहा कि भगवान भय का हरण किया करते है। उन्होने बताया कि महादेव के



मंत्र का जाप मनुष्य को सभी झंझावातों से छुटकारा दिलाया करता है। कथा के संयोजक देव नारायण मिश्र, श्याम नारायण मिश्र तथा अधिवक्ता मोनू पाण्डेय ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सुषमा मिश्रा ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। सह संयोजक गिरिजाशंकर मिश्र व शिवशंकर मिश्र ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। इस मौके पर के के शुक्ला, शीलम पाण्डेय, नीरज मिश्रा,रोहित पाण्डेय, धीरज मिश्रा, डॉ0 रामराज तिवारी, आचार्य राजेश मिश्र, गुडड् पाण्डेय, ममता, आंचल , ज्योति पं0 कैलाशपति मिश्र, सुभाष पाण्डेय, सतीशचंद्र शुक्ला, श्रीप्रकाश मिश्र, विवेक शुक्ला, छेदीलाल शुक्ल, आदि रहे।

### थाना लालगंज पुलिस द्वारा 04 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज के उप निरीक्षक ज्ञान चन्द्र तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 1346/25 अ0सं0458/ 21 धारा 147, 504,506, 427 भादवि थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों जीतलाल पुत्र मिठ्ठलाल, प्रवेश पुत्र जीतलाल व कृष्ण कुमार पुत्र मेवालाल निवासी गण मिश्राइनपुर गोविन्दपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।थाना लालगंज के उप निरीक्षक विवेक यादव मय हमराह का ऋषिकान्त इन्दौरिया, का0 सुमित कुमार द्वारा तलाश वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 483/ 25 अ0सं0 550/19 धारा 147, 148, 149, 452,427, 323,504, 506, 325 भादवि थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त रामभुवन पुत्र बुधई निवासी विश्राम का पुरवां जेवई थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बाल संस्कार मेला में घरेलू व्यंजनों का उठाया लुत्फ

### ●पाठशाला के बच्चों ने लगाये खान पान स्टाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कस्बे के वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में भारतीय जैन मिलन बहुमण्डल एवं वासुपूज्य जिनालय शाखा के संयुक्त तत्वाधान में बाल संस्कार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पाठशाला के बच्चों ने विभिन्न खानपान की सामग्री के स्टाल लगाए जिसमें समाज के लोगों ने घरेलू व्यंजनों का लुत्फ उठाया। जिसका शुभारम्भ मंदिर समिति ने फीता काटकर किया। इस मौके पर भारतीय जैन मिलन के अध्यक्ष विशाल




जैन पवा ने कहा फास्ट फूड और पैकेट बंद सामग्री स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, जिनका प्रचलन बढने से बच्चों को अनेक बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। पाठशाला संचालिका राजुल मोदी ने कहा की बच्चों ने दिखाया की कैसे घर पर ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोज्य पदार्थ बनाये जा सकते हैं जो शुद्ध सात्विक गुणवत्ता पूर्ण एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभदायक हैं। बच्चों ने गोल गप्पे, इडली-सांवर, ढोकला, खमड़, केक, भेलपुड़ी, पास्ता, फ्रूट चाट, नॉन खटाई, खाखड़ा, मूगफली आदि के स्टाल लगाये, सकल समाज के लोगों ने पहुँचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में नीतू जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### लौह पुरुष भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती पर पूरा राष्ट्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है



**घाटमपुर-**आज रविवार को घाटमपुर विधानसभा में कुष्मांडा देवी मंदिर से नगरपालिका परिसर स्थित पटेल जी की प्रतिमा तक एकता पद यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों कार्यकर्ताओ, युवाओं और नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया,पद यात्रा के समापन पर मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, तथा भाजपा कानपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सरोज कुरील उपस्थित रहीं , वल्लभभाई पटेल जी की प्रेरणा हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र की असली शक्ति - एकता समरसता और संकल्प -हम सभी के भीतर हैं, यही सोच आज की पद यात्रा को एक सशक्त संदेश बनाती है।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत घरेलू हिंसा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वन स्टॉप सेंटर, गोल चौराहा में आज हब टीम द्वारा एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल विधिक सलाहकार दिशा अरोड़ा ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध सहायता सेवाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाओं को मनोवैज्ञानिक सहयोग, कानूनी सलाह तथा उनके अधिकारों एवं संबंधित कानूनों की जानकारी किस प्रकार सरल और प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराई जा सकती है। दिशा अरोड़ा ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा की स्थिति में उठाए जाने वाले आवश्यक त्वरित कदमों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सुरक्षा, परामर्श, कानूनी प्रक्रिया तथा समाज में महिलाओं



द्वारा परस्पर सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही जानकारी का समय पर उपलब्ध होना पीड़ित महिलाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाता है। हब टीम द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न सूचना सामग्री वितरित की गई तथा सरकारी हेल्पलाइन, उपलब्ध सेवाओं एवं सहायता तंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने घरेलू हिंसा विषयक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और इस पहल को सराहनीय बताते हुए जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की प्रशंसा की।

## खेत कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष, तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के बसडीला गांव में शनिवार सुबह भूमि विवाद में हुए दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में चार लोग घायल हो गए जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जिसमें पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। शेष की गिफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस दाबिश दे रही है। ज्ञातव्य हो कि बसडीला गांव में दो पट्टीदारों के बीच खेत पर कब्जे को लेकर हुए मारपीट के बीच ट्रैक्टर से जुताई रोकने पहुंचे दो लोगों के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ जाने से उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, 22 बीघा जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच कई वर्षों से मुकदमा चल रहा था। वर्ष 2023 में फैसला रमाकांत पाण्डेय पुत्र रामलगन पाण्डेय के पक्ष में गया, जिसके बाद यह पक्ष खेत की जुताई-बुवाई करने लगा। वहीं दूसरा पक्ष ओमकार पाण्डेय,





हरिओम पाण्डेय पुत्र बालमुकुंद पाण्डेय इस जमीन पर स्टे ऑर्डर ले आए। धान की फसल कटने के बाद दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। इसी तनाव को देखते हुए कुछ दिन पूर्व 112 नंबर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों को अपने-अपने कागजात लेकर गोल्हौरा थाने पर उपस्थित होने को कहा था। लेकिन शनिवार की सुबह विवाद फिर हुआ संदीप उर्फ हिमांशु पाण्डेय पुत्र हरिओम पाण्डेय ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई करने पहुंच गए। इसे रोकने के लिए दूसरा पक्ष मौके पर पहुंचा और 112 नंबर पर सूचना भी दी। इस दौरान दिलीप पाण्डेय पुत्र रमाकांत पाण्डेय तथा शकुंतला पुत्री रमाकांत पाण्डेय ट्रैक्टर के सामने खड़े होकर जुताई रोकने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तभी ट्रैक्टर चालक संदीप उर्फ हिमांशु ने ट्रैक्टर दोनों के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों का बासडीला का दौरा किया गया था और गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता का कहना है की तहरीर के आधार पर 15 लोगों पर केस दर्ज किया गया है ।रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है शेष नामजद लोगों की गिफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है।

## आलोचना का लक्ष्य सदैव सुधारात्मक परामर्शी होना चाहिए- एसडीएम

### ●भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय प्रेस दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज,प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील परिसर स्थित पत्रकार भवन में रविवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया । भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लेखन व पत्रकारिता के क्षेत्र में सम्मान का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र वर्मा ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकार को मजबूत



बनाये रखने के लिए स्वस्थ लेखन पर जोर दिया। मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि जनकल्याणकारी सोच के साथ आलोचना का पहलू सदैव सुधारात्मक परामर्श पर केन्द्रित होना चाहिए। उन्होने कहा कि मीडिया अभिव्यक्ति की स्वंतत्रता की मुख्य भूमिका के साथ देश व समाज का सम्बल है। विशिष्ट अतिथि संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी पत्रकारिता के योगदान का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र वं संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। कार्यक्रम में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने वरिष्ठ पत्रकार विकास मिश्र , शैलेन्द्र मिश्र, साकेत मिश्र, संदीप मिश्र राहुल, मुकेश सिंह, लवलेश शुक्ल, मुकेश तिवारी, अमन सिंह को राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारिता सम्मान के तहत अंगवस्त्रम् तथा सम्मान पत्र प्रदान किया। वही सामाजिक न्याय व समरसता के लिए एसडीएम शैलेन्द्र तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल महेश ने रामचन्द्र त्रिपाठी, सुनील सिंह मोनू, अधिवक्ता मोनू पाण्डेय, समाजसेवी दिनेश सिंह को भी माल्यार्पण तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अधिवक्ता धीरेन्द्र मिश्र, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, नितिन मिश्र, प्रवीण शुक्ला आदि रहे।

# कब और कैसे सुधरेंगे हालात..?

### ●दलदल में फसा ट्रैक्टर, दर्द से कराहती रही माँ, सुविधाओं के अभाव में जंगल में हुआ बच्ची का जन्म

### आकांक्षी ब्लॉक के वनांचल में मूलभूत सुविधाओं को तरसते बाशिंदे, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मड़ावरा।** विकास खंड मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम गोठरा के समीप एक महिला ने ट्रैक्टर - ट्रॉली में बच्ची को जन्म दिया है। वह प्रसव के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जा रही थी, इसी बीच खराब रास्ते में ट्रैक्टर -ट्रॉली फंस गई। जिससे वहीं पर प्रसव कराना पड़ा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो दो दिन पुराना बताया जा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आकांक्षात्मक ब्लाक मडावरा के वनांचल में बसी ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा गोठरा निवासी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा



हुई, तो उसके परिजन ट्रैक्टर - ट्रॉली से उसे मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए निकले। घर से कुछ दूर पहुंचते ही बदहाल कच्चे रास्ते में उनकी ट्रॉली फंस गई। इसके बाद करीब 5 घंटे तक ग्रामीण उसे निकालने के लिए जद्दोजहद करते रहे, लेकिन ट्रैक्टर - ट्रॉली नहीं निकली। इसी दौरान लक्ष्मी दर्द से कराहती रही और मजबूरन लक्ष्मी की सास ने ट्रैक्टर - ट्रॉली में ही प्रसव कराया। इस घटना का ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बता दें कि गोठरा गांव घने जंगल के बीच स्थित है। गोठरा से ग्राम ठनगना के बीच लगभग 7 किलोमीटर का रास्ता कच्चा है, जिस पर पक्की सडक़ का अभाव है। इस कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं गांव तक नहीं पहुंच पातीं। ग्रामीणों को अस्पताल जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेना पड़ता है। जंगल में खूंखार जानवरों की



मौजूदगी भी ग्रामीणों के लिए एक अतिरिक्त खतरा बनी रहती है। यह उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा हीरापुर, पापड़ा, गोठरा और बारई आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों में बिजली और सडक़ जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

**सुध नहीं लेते जिम्मेदार**

क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि जिम्मेदार यहां की कभी सुध नहीं लेते वह किस प्रकार सुविधाओं के अभाव में रह-गुजर कर रहे यह किसी से छिपा नहीं है, फिर भी यहां विकास की किरण नहीं पहुंची। जीवन यापन करना किसी चुनौती से कम नहीं। बरसात के दिनों में यहां समस्या और अधिक बढ़ जाती। जहाँ बीमार होने पर लोगों को चारपाई पर रखकर उपचार के लिए ले जाना पड़ता है।

## शराब हुई बरामद, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज,प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह गश्त के दौरान पांच लीटर अवैध शराब बरामद किया। कोतवाली लालगंज के दरोगा भुवाल सिंह यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पूरे फत्ते गांव के लोनी नदी के समीप संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा।पुलिस ने उसे पीछा कर दबोच लिया। पकड़ गये आरोपी वंशी लाल सरोज के पास से पुलिस ने पिपिया में पांच लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम केस दर्ज किया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### कोर्ट के आदेश पर भी नहीं हट रहा अतिक्रमण, की गई शिकायत




**लालगंज, प्रतापगढ़।** बंजर जमीन पर किया गया अतिक्रमण कोर्ट के आदेश के बावजूद खाली नहीं कराया जा सका। अतिक्रमण से बनी समस्या के चलते मामले की शिकायत तहसीलदार से की गयी है। पूरे बहादुर गांव निवासी रवीन्द्र भूषण मिश्र पुत्र रामकिशोर मिश्र ने शनिवार को तहसीलदार को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र मे कहा है कि ग्राम पंचायत में बंजर भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटवाने को लेकर कोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक आरोपी ने अतिक्रमण नही हटाया है। कोर्ट द्वारा निर्धारित समय के बावजूद यथास्थिति बनी हुई है। शिकायतकर्ता ने शिकायती पत्र के जरिये कहा है कि आदेश के बावजूद अतिक्रमणी रामराज व अन्य द्वारा बंजर भूमि को खाली न करके बेखौफी से काबिज है। शिकायतकर्ता ने अतिक्रमण हटवाकर भूमि को अवमुक्त कराने की मांग की है।

### थाना लालगंज पुलिस द्वारा 04 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

प्रतापगढ़।थाना लालगंज के उप निरीक्षक ज्ञान चन्द्र तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 1346/25 अ0 सं0 458/21 धारा 147,504,506,427 भादवि थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों जीतलाल पुत्र मिठ्ठलाल, प्रवेश पुत्र जीतलाल व कृष्ण कुमार पुत्र मेवालाल निवासी गण मिश्राइनपुर गोविन्दपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।थाना लालगंज के उप निरीक्षक विवेक यादव मय हमराह का ऋषिकान्त इन्दौरिया,का0 सुमित कुमार द्वारा तलाश वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 483/25 अ0सं0 550/19 धारा 147, 148, 149,452,427, 323,504,506,325 भादवि थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त रामभुवन पुत्र बुधई निवासी विश्राम का पुरवां जेवई थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### शराब हुई बरामद, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह गश्त के दौरान पांच लीटर अवैध शराब बरामद किया। कोतवाली लालगंज के दरोगा भुवाल सिंह यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पूरे फत्ते गांव के लोनी नदी के समीप संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगा।पुलिस ने उसे पीछा कर दबोच लिया। पकड़ गये आरोपी वंशी लाल सरोज के पास से पुलिस ने पिपिया में पांच लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम केस दर्ज किया है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

### थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उप निरीक्षक अवधेश सिंह मय हमराह हे0 का0 रामबचन यादव व का0 प्रवीन कुमार द्वारा तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कोर्ट नं0 31 जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित एक वारण्टी मो0 तालिव पुत्र अदुल गफ्फार नि0 कटरा मेंदनीगंज (अवनपुर) थाना कोतावली देहात जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### थाना लीलापुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना लीलापुर के उप निरीक्षक प्रशान्त कुमार मय हमराह द्वारा वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0सं0 1946/23 धारा 31 धरेलू हिंसा थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित एक वारण्टी अभियुक्त संदीप वर्मा पुत्र राम कृपाल वर्मा निवासी ग्राम बरदैत थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# ट्रंप प्रशासन ला रहा नई इमिग्रेशन पॉलिसी, ट्रैवल बैन वाले देशों के लोगों के लिए ग्रीन कार्ड मुश्किल

**● ट्रम्प प्रशासन की प्रस्तावित नई इमिग्रेशन नीति को कानूनी इमिग्रेशन पर एक बड़ा हमला बताया जा रहा है, जो ट्रैवल बैन वाले देशों के नागरिकों के लिए ग्रीन कार्ड और शरण जैसे लाभों को लगभग असंभव बना देगी। आलोचकों का कहना है कि यह पॉलिसी लोगों को उनकी सरकारों की कमियों के लिए गलत तरीके से सजा देगी और कानूनी तौर पर कमजोर हो सकती है, जिससे इनकार के मामले बढ़ेंगे।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अमेरिकी प्रशासन एक नई इमिग्रेशन नीति बनाने पर काम कर रहा है। डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी के अंदरूनी दस्तावेजों के अनुसार, यह नई पॉलिसी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मौजूदा ट्रैवल बैन के तहत आने वाले देशों के नागरिकों के लिए ग्रीन कार्ड और अन्य इमिग्रेशन लाभों को पाना बेहद मुश्किल बना सकती है।

**नई पॉलिसी में क्या होगा बदलाव?**

नई ड्राफ्ट इमिग्रेशन पॉलिसी के तहत, यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (USCIS) को निर्देश दिया जाएगा कि ट्रैवल बैन से जुड़े 'देश-विशिष्ट कारकों' को इमिग्रेशन आवेदनों की जांच करते समय बहुत बड़ा नकारात्मक कारक माना जाए। इस बदलाव का सीधा असर ग्रीन कार्ड, शरण (Asylum), पैरोल और कुछ अन्य लाभों के आवेदनों पर पड़ेगा, हालांकि यह नागरिकता के आवेदनों पर लागू नहीं होगा।

USCIS के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी डग रैंड ने इस कदम को 'एक बड़ा बदलाव' बताते हुए इसे कानूनी इमिग्रेशन पर ट्रम्प प्रशासन के हमले का एक और उदाहरण बताया है।

**ट्रैवल बैन लिस्ट में कौन से देश शामिल हैं?**

जून में जारी ट्रैवल बैन लिस्ट में ज्यादातर अफ्रीका और मिडिल ईस्ट के 12 देशों के नागरिकों का अमेरिका में आना प्रतिबंधित है। इनमें अफगानिस्तान, ईरान, सोमालिया, सूडान, यमन जैसे देश शामिल हैं। अन्य सात देशों (जैसे क्यूबा और वेनेजुएला) पर भी कुछ पाबंदियां हैं।

आलोचकों का कहना है कि यह नई पॉलिसी लोगों को उनकी अपनी सरकारों की कमियों के लिए गलत तरीके से सजा देगी। पूर्व USCIS एनालिस्ट सारा पियर्स ने कहा कि इस नीति से इनकार के मामले बढ़ेंगे, और यह उन लोगों पर भी लागू होगी जो पहले से अमेरिका में हैं, जिससे यह कानूनी तौर पर ज्यादा कमजोर हो जाती है।

### सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से की गयी शिकायत




**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। लालगंज विकास खंड के रंगौली के ग्रामीणों ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शुक्रवार की रात दबंगो ने सार्वजनिक रास्ते के लिए अवांटित सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया। शिकायती पत्र में कहा गया है कि दबंगों के साथ दूसरे गांव के भी लोग अतिक्रमण की कार्यवाई में शमिल है। ग्राम प्रधान दिनेश बहादुर सिंह , मनोज कुमार, श्यामलाल वर्मा, संतराम वर्मा, रमाशंकर सिंह आदि ने एसडीएम से सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाई की मांग की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर अतिक्रमण को हटवाये जाने के कड़ें निर्देश दिये है।

# सरीला तहसील के इछौरा-जिटकिरी क्षेत्र में अवैध बालू खनन चरम पर, ग्रामीणों में रोष







**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर।** सरीला तहसील के इछौरा और जिटकिरी ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध बालू खनन बेखौफ जारी है। लगभग आधा दर्जन से अधिक बालू खदानों में पोकलैंड जैसी भारी मशीनों से दिन-रात बालू उत्खनन किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा खेल प्रशासन और खनिज विभाग की मिलीभगत से संचालित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार खनन माफिया खनन पट्टे का दुरुपयोग कर मनमाने ढंग से नदी की जलधारा से बालू निकाल रहे हैं। इछौरा निवासी गौकरन व माधव प्रसाद ने इस संबंध में प्रशासन को लिखित शिकायत भी सौंपी है। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक खदान संख्या 25/6, 25/2, 25/22, 25/20, 25/9 और 25/3 पर पोकलैंड मशीनें लगाकर बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि माफिया जबरन उनके खेतों से रास्ता बनाकर ओवरलोड ट्रकों की निकासी करते हैं। सैकड़ों की संख्या में बिना वैध प्रपत्रों के ट्रक दिनभर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। लगातार ओवरलोडिंग के कारण क्षेत्र की मुख्य सड़कें भी जर्जर हो चुकी हैं।

विरोध करने पर ग्रामीणों को पुलिस के सहारे फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जाती हैं। मामले को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# अवध आई केयर सेंटर का डॉ प्रखर चौधरी ने फीता काट कर किया शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मलीहाबाद।** रहीमाबाद में रविवार को औरास रोड बस अड्डा मतीन मार्केट रहीमाबाद में अवध आई केयर सेंटर का उद्घाटन हुआ, जिसका उद्घाटन डॉ प्रखर चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉक्टर ने कहा कि अवध आई केयर सेंटर खुल जाने से आस पास के नेत्र रोगियों को बहुत राहत मिलेगी। सामान्य नेत्र जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। डॉ प्रखर चौधरी ने बताया यह संस्था से हम सब भी जुड़े हुए हैं। काफी अच्छा इलाज होगा।

अवध आई केयर सेंटर के प्रबंधक डॉक्टर इस्लामुद्दीन ने बताया कि इस केन्द्र के माध्यम से हम रहीमाबाद और आस पास क्षेत्र के लोगों को सेवा प्रदान करेंगे। जिनको ऑपरेशन की आवश्यकता होगी और उनके पास आयुष्मान कार्ड होगा तो हमारे हॉस्पिटल की गाड़ी निःशुल्क लेकर जाएगी और ऑपरेशन के बाद वापस छोड़ देगी, जिससे आस पास के नेत्र रोगियों को अब प्राथमिक उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन के साथ 159 नेत्र मरीज को देखा गया जिसमें 40 लोगों को मोतियाबिंद निकला जिनका इलाज व गाड़ी से फ्री भेजा जाएगा।




**सुविधा-** अवध हाई केयर सेंटर में अनेकों सुविधा प्राप्त होगी जैसे कंप्यूटर द्वारा चश्मे की जांच, मोतियाबिंदु का ऑपरेशन, बिना टांका विदेशी फोल्डोबिल लेंस, सम्बल बाई ( काला मोतिया) ,जांच एवं ऑपरेशन, पर्दे की बीमारी का इलाज, नाखून का इलाज, गिरी हुई पालक का ऑपरेशन, सुख पेन का रांयल इलाज, सर दर्द का इलाज, चोट लगी आंख का सफल इलाज, आंख की गांठ का ऑपरेशन, नवजात शिशु के परदे की जांच, दूरबीन द्वारा बिना टांका फेको विधि लेजर द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन आदि सुविधा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर डॉ राहुल, डॉक्टर तौसीफ, डॉक्टर रिया, डॉक्टर असर कैन डॉक्टर रफत व अवध आई केयर सेंटर का स्टॉप शमसुद्दीन, धीरज, शिवानी, और इदरीश मास्टर के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### 54 गया तीर्थ धाम यात्रियों ने श्री सत्य नारायण भगवान की कथा का श्रवण



**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम के प्रांगण में रविवार दोपहर 12 बजे से ब्रह्मदेव जागरण मंच द्वारा गत वर्ष कराए गए 54 निःशुल्क गया तीर्थ धाम संग जगन्नाथ तीर्थ धाम के यात्रियों को निःशुल्क श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने के उपरांत मनाए जाने वाले वार्षिकोत्सव गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में श्री सत्य नारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया, जिसमें हवन के पश्चात प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण तिवारी ने कहा कि प्रभु का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे की संगठन को समाज के गरीब असहाय की सेवा का अवसर मिलता रहे। पृथ्वी पर सनातन धर्म ही है जो हिन्दू को एकता के सूत्र में बांधता है। इस अवसर पर रमा पति मिश्र, श्री प्रकाश दूबे, कृष्ण कुमार पाण्डेय विमलेंद्र ओझा, प्रभाकर पाण्डेय, राज़ कुमार मिश्र, राम कुमार पाण्डेय अनीता पाण्डेय मंजू शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# दिल ऐसे मुब्तिला हुआ तेरे मलाल में, जुल्फें सफेद हो गईं उन्नीस साल में- हिमांशी बाबरा

**● मौदहा में एक शाम मौलाना सलीम जाफरी के नाम आयोजित हुआ मुशायरा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**हमीरपुरः-** मौदहा कस्बे में एक शाम मौलाना सलीम जाफरी साहब के नाम आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे हिन्दुस्तान के कोने-कोने से मशहूर शायरों ने अपने-अपने कलामों से खूब वाहवाही बटोरी। शनिवार को कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज प्रांगण में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन का शानदार आयोजन किया गया। जिसमे हिन्दुस्तान के मशहूर शायरों ने अपने-अपने कलामों से खूब वाहवाही बटोरी और श्रोताओं ने शायरी सुन जमकर दाद दी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कमरूद्दीन एवं मुशायरे की सदारत कर रहे समाजसेवी मौलाना खान, हलीम सिद्दीकी, कन्वीनर एडवोकेट चौधरी जुन्नूरैन व सरपरस्त अब्दुल रहमान ने शमां रौशन कर मुशायरे का आगाज कराया। जिसमे राहीं बस्तवी ने नाते रसूल पढ़कर मुशायरे का आगाज किया। इसके बाद मकामी शायर मसीह निजामी ने अपनी शायरी में जमकर वाहवाही बटोरी। इसके बाद ज़ीरो बांदवी ने मजाहिया कलाम के जरिए श्रोताओं को खूब मनोरंजन कराया। इसके बाद मेरठ से आई मशहूर युवा शायरा हिमांशी बाबरा ने कुछ इस अंदाज में पढ़ा 'दिल ऐसे मुब्तिला हुआ तेरे मलाल में - जुल्फें सफेद हो गई उन्नीस साल मे' को खूब पसंद किया और जमकर दाद दी। इसके बाद आए हासिम फिरोजाबादी ने अपने कलामों से जमकर वाहवाही बटोरी उनके इस कलाम 'रिसालत पे जब बात आई तो सुन लो, किसी से भी दुनिया में हम न दबेंगे - मुक़दमे में चलाओ के फांसी चढ़ाओ, हम आई लव मुहम्मद कहते रहेंगे।' को खूब पसंद किया गया। इसके बाद मशहूर शायर आरिफ़ सैफी के इस शेर 'मतलब के है यार दिलों के काले हैं , मौका मिलते ही सब डसने वाले हैं - जिसमे जितना जहर है हमको है सब मालूम, सबसे ज्यादा सांप हमी ने पाले हैं।' को जमकर पसंद किया गया। इसी प्रकार मशहूर शायरा अंजुम रहबर ने कुछ इस अंदाज में पढ़ा कि 'एक सांवली सी लड़की एक बावली सी लड़की - कच्ची है उम्र जिसकी कुछ दिन से जाने किसकी - चाहत में खो गई है दिवानी हो गई है, एक बावली सी....' को खूब पसंद किया गया। इसी तरह महोबा से आए हफीज कमाल ने कुछ इस अंदाज में पढ़ा की ' खतरा कैसा हो अंजाम उठा लेता है, कितना वजनी हो सामान उठा लेता है - और कोई भी बाप हो बच्चों के लिए अपने सर दुनिया वालों का हर अहसान उठा लेता है।' इसी तरह खुर्शीद हैदर ने भी शानदार शायरी सुनाई। मुशायरे में हजारों की संख्या में श्रोताओं ने शायरो को खूब पसंद किया। उक्त मुशायरे की निजामत मारूफ खान ने की। मुशायरों में हंगामों और अपनी जज़्बाती शायरी के लिए मशहूर शायर हाशिम फिरोजाबादी के शायरी में जैसे ही सत्ता के विरोध और मुस्लिम समाज को इल्म, एकता और अखंडता को बनाए रखने की लाइनें आई तो मुख्य अतिथि की नाराजगी तथा मंच से बाहर जाने की भी चर्चा जोरों पर रहीं। चर्चा यह भी रही कि मुख्य अतिथि ने एक मेहमान शायर के साथ अश्लीलता और अभद्रता भी की है। जिससे कहीं न कहीं मौदहा के आवाम की मेजबानी पर सवालिया निशान खड़ा होने की चर्चाएं भी आम हैं। हालांकि आयोजक निजामुद्दीन पावर ने बताया की मुशायरा परिसर में ऐसी कोई घटना नहीं घटी है और आयोजन बेहद कामयाब रहा है, बाहर क्या हुआ है उनको जानकारी नहीं है। इस दौरान मौलाना सलीम जाफरी स्पोर्ट्स कमेटी के सभी सदस्य व श्रोता उपस्थित रहे।

# बिसवां में एकता यात्रा, पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बिसवां में 'एक भारत आत्मनिर्भर भारत' विषय पर एक एकता यात्रा का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता का संदेश देना था। यह एकता यात्रा भोलागंज से शुरू हुई और लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय की। पदयात्रा का स्वागत प्रधान धर्म कांटा और पुरैनी में किया गया। इसके बाद, बड़ा चौराहा पर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने यात्रा का स्वागत समारोह आयोजित किया। मेला मैदान गेट के पास भी स्वागत हुआ।

पदयात्रा का समापन कस्बे के भारत पैलेस पर हुआ, जहाँ एक मंच पर सभी अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

इस दौरान जगह-जगह जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। भारत पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रजेश



शुक्ला, उपाध्यक्ष राज्य महानिषेध उत्तर प्रदेश सरकार (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

अपने संबोधन में ब्रजेश शुक्ला ने कहा कि जिस तरह बिहार राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, उसी तरह आने वाले 2027 के चुनाव में भी उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यूपी में भी भाजपा सत्ता में लौटेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, सकरन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महाराज नगर मंडल अध्यक्ष पंकजसिंह, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा शुक्ला, मानपुर मंडल अध्यक्ष अरविंद वर्मा, कमलापुर निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष अमर बाजपेई, बिसवां देहात मंडल अध्यक्ष मधुकांत मौर्य, सेवा भारती जिला अध्यक्ष महा नारायण वर्मा, सहकारिता संघ अध्यक्ष कृपा शंकर वर्मा, बिसवां पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश वर्मा, महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे, महिला मोर्चा जिलामंत्री शालिनी गुप्ता, महिला मोर्चा नगर उपाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, नीतू त्रिवेदी, शिवांशु पाण्डेय, विनय मिश्रा, रामेंद्र वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवान शिव के महामंत्र जाप में है सृष्टि का कल्याण- आचार्य संतोष जी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम के समीप पूरे दूधी रामगंज स्थित सुखसागर धाम में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में रविवार भगवान शंकर की मनोहरी कथा को सुनकर श्रद्धालु शिव भक्ति के परमानन्द में दिखे। कथाव्यास प्रयागराज के आचार्य संतोष जी महराज ने कहा कि भगवान शंकर के महामंत्र के जाप में सदैव सृष्टि का कल्याण है। उन्होने कहा कि भगवान शिव ने संसार में ईर्श्या, द्वेश, भेदभाव , अनीत के विष का हरण किया। उन्होने कहा कि भगवान शंकर की स्तुति करने वाले प्राणी का प्राण संकट भी दूर हो जाया करता है। कथा व्यास आचार्य संतोष जी ने कहा कि शिव ही जगत के पालन हार है। उन्होने कहा कि शिव की आराधना सिर्फ उसी को फलीभूत हुआ करती है जो राग द्वेश से मुक्त हुआ करता है। उन्होने कहा कि भक्ति की साधना सदैव पवित्र हुआ करती है। उन्होने कहा कि भगवान भय का हरण किया करते है।

उन्होने बताया कि महादेव के मंत्र का जाप मनुष्य को सभी झंझावातों से छुटकारा दिलाया करता है। कथा के संयोजक देव नारायण मिश्र, श्याम नारायण मिश्र तथा अधिवक्ता मोनू पाण्डेय ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सुषमा मिश्रा ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। सह संयोजक गिरिजाशंकर मिश्र व शिवशंकर मिश्र ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।



इस मौके पर के के शुक्ला, शीलम पाण्डेय, नीरज मिश्रा,रोहित पाण्डेय, धीरज मिश्रा, डॉ0 रामराज तिवारी, आचार्य राजेश मिश्र, गुडड् पाण्डेय, ममता, आंचल, ज्योति पं0 कैलाशपति मिश्र, सुभाष पाण्डेय, सतीशचंद्र शुक्ला, श्रीप्रकाश मिश्र, विवेक शुक्ला, छेदीलाल शुक्ल, आदि रहे।

# शिलापट्ट,अपना नाम नहीं होने पर भड़के बीजेपी विधायक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के भाजपा विधायक श्यामधनी राही रविवार को मेडिकल कॉलेज में 50 बेड के विश्राम सदन का बिना उद्घाटन किए लौट गए। उन्होंने कहा कि एक समय था जब क्षेत्र के विपक्ष के विधायक का नाम भी जिला अस्पताल के शिलापट पर लिखा गया था। मैं तो सदर विधायक हूं। मेरा ही नाम नहीं लिखा है।

अब यहां रुकने का क्या मतलब ये कहकर विधायक गुस्से में लौट गए।दरअसल गेट पर लगे होर्डिंग पर सांसद जगदंबिका पाल का नाम मुख्य अतिथि और पावर ग्रिड के निदेशक आरके त्यागी का नाम विशिष्ट अतिथि में रूप में लिखा था। लेकिन विधायक का नाम गायब था।विधायक ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम






में क्यों रुकूं विधायक कार्यक्रम से बाहर निकलते हुए मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मैं सदर विधायक हूं, लेकिन शिलापट पर मेरा नाम नहीं डाला गया है। ऐसे में मैं इस कार्यक्रम में क्यों रुकूं? अब मैं यहां से दूसरे कार्यक्रम में जा रहा हूं। मेडिकल कॉलेज में मरीजों के तीमारदारों के लिए पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 50 बेड के विश्राम सदन का निर्माण कराया है। इसका उद्घाटन रविवार दोपहर 1 बजे होना था। जिसमें सदर विधायक श्यामधनी राही को भी आमंत्रित किया गया था। आमंत्रण के बाद वो आज उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंच गए।वहां पहुंचते ही उनकी नजर गेट के बाहर लगी होर्डिंग पर पड़ी। जिसे देखते ही उनका पारा चढ़ गया। अनावरण से ठीक पहले सदर विधायक श्यामधनी राही ने अपना नाम न होने पर आपत्ति जताई और वहां से वापस लौट गए।

# हृदय रोगियों के लिए जीवनदायिनी इंजेक्शन अब निःशुल्क

**● मेडिकल कॉलेज ही नहीं जिला अस्पताल और सीएचसी में भी यह सुविधा शुरू की गई है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के हृदय रोगियों और उनके परिवारों को एक बड़ी राहत दी है। अब दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ने पर उपयोग होने वाला, लगभग चालीस हजार रुपये की लागत का जीवनरक्षक टीका राज्य के सभी सरकारी चिकित्सालयों में बिना किसी शुल्क के उपलब्ध होगा।

यह सुविधा केवल बड़े चिकित्सा महाविद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे जनपद अस्पतालों और प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में भी शुरू किया गया है। यह फैसला ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले उन लाखों लोगों के लिए वरदान साबित होगा जो आर्थिक तंगी के कारण इस महंगे इलाज को वहन नहीं कर पाते थे।

**हृदयघात के शुरुआती 'स्वर्णिम क्षण' में मिलेगा तुरंत उपचार**

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, दिल का दौरा पड़ने के बाद शुरुआती एक घंटा या कुछ घंटे (गोल्डन आवर) रोगी की जान बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान तुरंत खून के थक्के को घोलने वाला टीका लगाना आवश्यक होता है।

**कौन सा टीका:** इस योजना के तहत, सरकार द्वारा टेनेक्टेप्लाज अथवा स्ट्रेप्टोकाइनेज जैसे जीवनरक्षक टीके निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये टीके अवरुद्ध हुई रक्त नलिकाओं को खोलने में मदद करते हैं।

**तत्काल व्यवस्था:** स्वास्थ्य विभाग के नए निर्देश के अनुसार, किसी भी आपातकालीन स्थिति में आए दिल के दौरे के रोगी को तुरंत यह टीका लगाया जाएगा ताकि थक्का घुल जाए और रोगी की जान बचाई जा सके। मूल्य में बड़ी बचतः बाजार में इस टीके की कीमत 40,000 से 50,000 रुपये तक होती है, जो अब हर नागरिक के लिए निःशुल्क उपलब्ध है।

**ग्रामीण अंचलों तक विस्तार**

इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह सुविधा अब जनपद स्तर और



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाई गई है। इससे पहले, इस तरह के महंगे उपचार केवल लखनऊ, वाराणसी, कानपुर जैसे बड़े शहरों के विशेष संस्थानों में ही उपलब्ध थे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस जीवनरक्षक टीके का पर्याप्त भंडार (स्टॉक) सुनिश्चित करें और आपातकालीन विभाग के कर्मचारियों को इसके उपयोग का उचित प्रशिक्षण दिया जाए। सरकार का यह कदम प्रदेश में हृदय रोगों से होने वाली मृत्यु दर (मृत्यु की संख्या) को कम करने की दिशा में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।